# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 315

मूल्यः ₹3.00/-

पेजः 12+1 (वेब संस्करण)

मंगलवार | 29 अगस्त, 2023


## 10 महीने में 5 लाख लोगों को नौकरी मिली, बोले, भारत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा

# आप देश के लोगों के 'अमृत रक्षक'

### प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे: पीएम मोदी ने कहा था, तिरंगे की आन-बान-शान में कोई आंच न आए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने जॉइनिंग लेटर मिलने पर सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। पीएम मोदी ने कहा, देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए आप सभी आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक हैं। पीएम ने कहा, आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। सरकार के प्रयासों ने मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग को कई गुना बढ़ा दिया है। भारत में बने फोन पूरी दुनिया में बिक रहे हैं। मोबाइल के बाद भारत अब दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर फोकस करेगा।

#### मेड इन इंडिया लैपटॉप-टैबलेट खरीदेगी

प्रधानमंत्री ने कहा, वो दिन दूर नहीं है, जब मोबाइल की तरह भारत में बने एक से बढ़कर एक लैपटॉप, टैबलेट, कंप्यूटर और अन्य गैजेट्स दुनिया में हमारी शान बढ़ाएंगे। वोकल फॉर लोकल के मंत्र पर चलते हुए भारत सरकार भी मेड इन इंडिया लैपटॉप, टैबलेट खरीदने पर जोर दे रही है।

#### लोगों को मिलेगा रोजगार

पीएम मोदी ने कहा कि देश में फार्मा और ऑटोमोबाइल सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। 2030 तक टूरिज्म सेक्टर से भारत की अर्थव्यवस्था को 20 लाख करोड़ से अधिक मिलने की संभावना है। इससे युवाओं के लिए 13-14 करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। रोजगार मेले में जॉइनिंग लेटर मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ दिल्ली पुलिस में भर्ती होती है।



**10**

**महीने में 5 लाख लोगों को जॉइनिंग लेटर मिले**

22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। पीएम ने पिछले 10 महीनों में 8 रोजगार मेलों में करीब 5 लाख युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं।

#### 22 जुलाई को 20 से अधिक राज्यों में 7वां रोजगार मेला हुआ था

- इससे पहले 22 जुलाई को सातवें रोजगार मेले का आयोजन किया था। तब पीएम मोदी ने 70 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपे थे। देश में 20 से भी ज्यादा राज्यों में 44 जगहों पर इसका आयोजन किया गया था। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े थे। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना उनकी सरकार के दौरान हुए फोन बैंकिंग घोटाले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने नौकरी पाने वाले युवाओं से कहा कि 1947 में आज (22 जुलाई) ही के दिन संविधान सभा ने तिरंगे का डिजाइन फाइनल किया था। आज के दिन आपको नौकरी मिलना प्रेरणादायक बात है। सरकारी नौकरी में रहते हुए आपको हमेशा ये कोशिश करनी है कि तिरंगे की आन-बान-शान में कोई आंच न आए।

#### पिछले 9 वर्षों के प्रयासों से परिवर्तन का नया दौर दिखने लगा

- देश में चल रही जनकल्याण योजनाओं के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल के मंत्र पर चलते हुए भारत सरकार भी मेड इन इंडिया लैपटॉप, कंप्यूटर जैसे प्रॉडक्ट्स खरीदने पर जोर दे रही है। इससे मैन्यूफैक्चरिंग भी बढ़ी है और युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके भी बन रहे हैं। 9 साल पहले आज के ही दिन प्रधानमंत्री जन धन योजना लॉन्च की गई थी। इस योजना ने गांव और गरीब के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ ही रोजगार निर्माण में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना के तहत बीते 9 साल में 50 करोड़ से भी ज्यादा जन धन खाते खोले जा चुके हैं।

#### इन पदों पर हो रही नियुक्ति

- रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में केंद्रीय गृह मंत्रालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्ती कर रहा है। देशभर से चुने गए नए कर्मी केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) और नॉन-जनरल ड्यूटी कैडर पदों जैसे विभिन्न पदों पर शामिल होंगे।

#### पीएम ने ट्वीट कर दी थी ये जानकारी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार की सुबह ये ट्वीट किया था कि रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है। इसी कड़ी में आज सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक नियुक्ति-पत्र वितरित करने का सुअवसर मिलेगा। बता दें, इससे पहले 7वें रोजगार मेले का आयोजन 22 जुलाई को हुआ था। उस वक्त पीएम मोदी ने 70 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिया था। इसके अलावा छठे रोजगार मेले को संबोधित करते हुए 13 जून को पीएम मोदी ने कहा था कि आजादी के अमृतकाल में जिन युवाओं को नौकरी मिली है, अगले 25 साल में इन लोगों को विकसित भारत के सपने को साकार करना है।

#### वोकल फॉर लोकल पर पीएम मोदी ने कही ये बड़ी बात

- 2030 तक हमारी अर्थव्यवस्था में टूरिज्म सेक्टर का योगदान 20 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा होने का अनुमान है। माना जा रहा है कि अकेले इस इंडस्ट्री से 13 से 14 करोड़ लोगों को नए रोजगार की संभावना बढ़ने वाली है। पिछले 9 वर्षों के हमारे प्रयासों से परिवर्तन का एक और नया दौर दिखने लगा है। पिछले साल भारत ने रिकॉर्ड एक्सपोर्ट किया। ये संकेत है कि दुनियाभर के बाजारों में भारतीय सामानों की डिमांड लगातार बढ़ रही है। वोकल फॉर लोकल के मंत्र पर चलते हुए भारत सरकार भी मेड इन इंडिया लैपटॉप, कंप्यूटर जैसे प्रॉडक्ट्स खरीदने पर जोर दे रही है। इससे मैन्यूफैक्चरिंग भी बढ़ी है और युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके भी बन रहे हैं।

#### अब तक 4.84 लाख को नौकरी मिली

- पीएम मोदी ने रोजगार मेले के पहले फेज की शुरुआत 22 अक्टूबर 2022 को की थी। उस वक्त पीएम मोदी ने ये बताया था कि उनका लक्ष्य है कि साल 2023 के अंत तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जाए। बीते 9 महीनों में 7 रोजगार मेलों का आयोज किया गया है। इनमें 4 लाख 48 हजार से अधिक युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए जा चुके हैं।



## बाढ़ पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

### सीएम योगी ने प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, मिर्जापुर में बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शाहजहांपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बाढ़ग्रस्त मिर्जापुर और कलान क्षेत्र का हवाई दौरा किया। इसके बाद उन्होंने मिर्जापुर के शिवमंगल सिंह डिग्री कॉलेज में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार आपदा के समय आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ितों की हरसंभव मदद का प्रयास किया जा रहा है। हर पीड़ित को राहत सामग्री में 10 किलो चावल, आटा, आलू, दाल आदि दे रहे हैं। एंटी स्नेक वैक्सीन भी हर सीएचसी पर उपलब्ध करा दी गई है। पशुओं के चारे का इंतजाम भी किया गया है। जिला प्रशासन से आपदा राहत के मुआवजे की धनराशि देने के निर्देश दिए हैं। मकान गिरने पर नया मकान पीएम और सीएम आवास योजना के जरिये दिया जाएगा।

#### पीड़ित किसानों को मिलेगा मुआवजा

उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुए फसल का नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को देने को कहा गया है ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से लोग परेशान होते हैं। इसके लिए सिंचाई विभाग को स्थायी समाधान के लिए निर्देश दिए हैं। योगी ने कहा कि शाहजहांपुर में क्षतिग्रस्त कोलाघाट पुल के स्थान पर नया पुल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने नियत कार्यक्रम से करीब एक घंटे 40 मिनट विलंब से पहुंचे थे। उन्हें 12:35 मिनट पर आना था लेकिन वह 01:45 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। करीब 02:30 पर वह हेलिकॉप्टर से वापस रवाना हो गए। इस दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी साथ रहे।

## सावन में बम-बम: दो माह में डेढ़ करोड़ से ज्यादा भक्त पहुंचे काशी

### देश के किसी भी ज्योतिर्लिंग में सबसे ज्यादा



जन एक्सप्रेस । वाराणसी

भगवान शिव के अतिप्रिय मास सावन में काशी बम-बम है। बाबा विश्वनाथ के धाम में रोजाना भक्तों का रेला आ रहा है। अंतिम सोमवार के आंकड़ों को जोड़ लें तो अब तक डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु बाबा दरबार में जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर चुके हैं। देश के किसी भी ज्योतिर्लिंग में यह सबसे ज्यादा है। 13 दिसंबर 2021 को पीएम मोदी ने किया था काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण किया था। इसके बाद काशी में धार्मिक पर्यटन को मानो पंख लग गए हैं। कभी मात्र तीन हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैला मंदिर परिसर आज लगभग पांच लाख वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र में भव्य आकार ले चुका है। वैसे तो हर सावन माह में शिव भक्तों की लंबी कतार देखने को मिलती रही है, लेकिन इस बार विश्वनाथ धाम ने नया रिकॉर्ड बना डाला है। जो आंकड़ा 2021 से पहले पूरे साल बीतने के बाद भी नहीं छु पाता था, वह आंकड़ा सिर्फ सावन महीने में पूरा हो गया है। इस बार सावन में श्रद्धालुओं का आंकड़ा डेढ़ करोड़ से ज्यादा हो गया है। बीते साल सावन में भी एक करोड़ से ज्यादा बाबा भक्तों ने काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई थी। इस साल सावन के अंतिम सोमवार पर भी बाबा दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ा है। शाम पांच बजे तक करीब छह लाख श्रद्धालु आ चुके हैं। यह आंकड़ा कोई अंदाजा नहीं है, बल्कि उनके द्वारा हेड काउंटिंग मशीन के गिने हुए सटीक आंकड़े हैं, जो कि प्रशासन ने विश्वनाथ धाम में लगवाया है।

## बुजुर्ग माता-पिता को जो परेशान किया, यूपी सरकार का चलेगा डंडा

### अगर बेटे-बहू अपने बुजुर्ग माता-पिता की ठीक ढंग से देखभाल नहीं करते हैं, तो वे संपत्ति के उत्तराधिकारी नहीं बन सकेंगे

#### नालायक बेटे खबरदार

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- घरों में बुजुर्गों के उत्पीड़न, हिंसा और दुर्व्यवहार के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं
- सरकार ने घर-घर बुजुर्गों के साथ हो रहे ऐसे अन्याय को रोकने के लिए नए नियम बनाने का निर्णय लिया
- जानकारी के अनुसार,सरकार भरण पोषण नियमावली में संशोधन पर विचार कर रही है



**लखनऊ।** घरों में बुजुर्गों के उत्पीड़न, हिंसा और दुर्व्यवहार के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। जिन बच्चों को माता-पिता बहुत नाज से पालते हैं, इनमें से बहुत से बेटे-बेटियां उनके बुजुर्ग होने पर उन्हें पीड़ित करते हैं। कितने ही मामलों में संपत्ति हाथ में आने के बाद बेटे-बहू -बेटियों ने माता-पिता को घर तक से निकाल दिया है। इसके बाद वह दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर होते हैं। न उनके पास पैसा होता है, न शरीर में वो ताकत जिससे वह अत्याचार का विरोध कर सकें। योगी सरकार ने घर-घर बुजुर्गों के साथ हो रहे ऐसे अन्याय को रोकने के लिए नए नियम कानून बनाने का निर्णय लिया है। आपके गली, मोहल्ले, रिश्तेदारी, शहर में तमाम ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जहां बुजुर्गों को उनके बेटे-बहू द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए योगी सरकार नई योजना बना रही है। जानकारी के मुताबिक, अगर बेटे-बहू अपने बुजुर्ग माता-पिता की ठीक ढंग से देखभाल नहीं करते हैं, तो वे संपत्ति के उत्तराधिकारी नहीं बन सकेंगे। सरकार भरण पोषण नियमावली में संशोधन पर विचार कर रही है।

#### कोई संस्था भी कर सकती है शिकायत

भरण पोषण के नए नियमों के मुताबिक, अब बुजुर्ग अपनी संतान को संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे। इस प्लान को लेकर जल्द ही सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने प्रजेंटेशन दिया जायेगा। जानकारी के मुताबिक, अगर कोई वरिष्ठ नागरिक असमर्थ होगा तो उसकी जगह कोई संस्था मामले की शिकायत सकती है। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई के लिए तहसील में एसडीएम और जिले में डीएम की अध्यक्षता में अपील अधिकरण होगी।

## रक्षाबंधन पर महिलाएं दो दिन कर सकेंगी निशुल्क सफर सरकार ने डबल की सेवा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारी रक्षाबंधन पर बहनों को 24 घंटे नहीं बल्कि 48 घंटे निशुल्क रोडवेज बसों में सफर कराएंगे। उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव की ओर से निगम अधिकारियों को जारी आदेश में बताया गया है कि 29 अगस्त की रात 12 बजे से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं के लिए परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा रहेगी जबकि पूर्व में 30 अगस्त की रात से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक के आदेश दिए गए थे लेकिन अब आदेश को संशोधित किया गया है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि धोखा

### स्वामी मौर्य ने कहा, ये दलितों पिछड़ों को फंसाने का जाल, डिंपल बोलीं, कोई सनातन धर्म का दुश्मन नहीं

- बीजेपी प्रवक्ता बोले, समाज में द्वेष पैदा करने के लिए दिया गया बयान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने ब्राह्मण समाज और हिंदू धर्म को लेकर विवादित ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, ब्राह्मणवाद की जड़े बहुत गहरी हैं और सारी विषमता का कारण भी ब्राह्मणवाद ही है। हिंदू नाम का कोई धर्म है ही नहीं। हिंदू धर्म केवल धोखा है। सही मायने में जो ब्राह्मण धर्म है, उसी ब्राह्मण धर्म को हिंदू धर्म कहकर के इस देश के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को अपने धर्म के मकड़जाल में फंसाने की एक साजिश है। हिंदू अगर एक धर्म होता तो वहां दलितों और पिछड़ों का भी सम्मान होता। उन्होंने कहा कि हमारे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया है। इस दौरान सपा नेता ने राष्ट्रपति पर भी विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम लोग भले ही पागल होकर के हिंदू धर्म के लिए मरें पर ब्राह्मणवादी व्यवस्था के चालाक लोग हमें आदिवासी मानते हैं। ऐसा ही व्यवहार भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ हुआ। दलित होने के कारण उन्हें मंदिर में जाने से रोका गया। इसी तरह अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री पद से हटने पर मुख्यमंत्री आवास और कालिदास मार्ग को गौमूत्र से पवित्र किया गया था क्योंकि वो पिछड़े समाज से आते हैं।

#### स्वामी के बयान पर डिंपल यादव का डैमेज कंट्रोल

स्वामी प्रसाद के बयान के बाद सपा की सांसद डिंपल यादव ने डैमेज कंट्रोल की कोशिश की। उन्होंने कहा, सनातन धर्म का कोई दुश्मन नहीं है। लिहाजा 2024 में हर धर्म के लोग इंडिया गठबंधन को वोट करेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान के बाद प्रदेश की सियासत फिर गरमा गई है। इस पर बीजेपी प्रवक्ता हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने कहा, स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा किया गया यह ट्वीट सिर्फ समाज में द्वेष पैदा करने के लिए किया गया है। राजनीति का बहुत ही गिरा हुआ स्तर है। जहां तक बात ब्राह्मण समाज की रही तो आदि शंकराचार्य ने सनातन धर्म के बारे में दुनिया को अवगत कराया। इसमें ब्राह्मणों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य सिर्फ इस तरह के बयान देकर अगड़ा बनाम पिछड़ा करना चाहते हैं।

#### स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत

स्वामी प्रसाद मौर्य के हिन्दू धर्म को धोखा कहने पर सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में शिकायत करके आईपीसी की धारा 153ए, 295ए, 298, 505 के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

#### कब-क्या कहा...

- 22 जनवरी को रामचरित मानस को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य ने अभद्र टिप्पणी की थी। कहा था कि रामचरितमानस से जो आपत्तिजनक अंश है, उसे बाहर करना चाहिए या इस पूरी पुस्तक को ही बैन कर देना चाहिए। ब्राह्मण भले ही दुराचारी, अनपढ़ और गंवार हो, लेकिन उसे पूजनीय बताया गया है, लेकिन शूद्र कितना भी ज्ञानी, विद्वान या फिर ज्ञाता हो, उसका सम्मान मत करिए। क्या यही धर्म है?
- 13 फरवरी को सोनभद्र के मऊकलां में बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए। कहा था, अभी हाल में मेरे दिए गए बयान पर कुछ धर्म के ठेकेदारों ने मेरी जीभ काटने एवं सिर काटने वालों को इनाम घोषित किया है, अगर यही बात कोई और कहता तो यही ठेकेदार उसे आतंकवादी कहते, किंतु अब इन संतों, महंतों, धर्माचार्यों व जाति विशेष लोगों को क्या कहा जाए आतंकवादी, महाशैतान या जल्लाद।
- 15 फरवरी को लखनऊ के एक होटल में स्वामी प्रसाद मौर्य और अयोध्या के महंत राजूदास के बीच हाथापाई हुई। राजूदास का आरोप था कि सपा नेता ने उन्हें भगवा आतंकवादी कहा था जिसका उन्होने विरोध किया था।
- 3 अप्रैल को रायबरेली में आयोजित कांशीराम प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में स्वामी ने 1993 वाला नारा दोहराया। शहर कोतवाली में हिंदू युवा वाहिनी के मारूति त्रिपाठी ने धार्मिक भावनाओ को भड़काने का मुकदमा दर्ज करा दिया।
- 18 जून को फिल्म आदिपुरुष को लेकर मौर्य ने ट्वीट किया कि जो कल तक मेरी हत्या करने, धड़ से सिर अलग करने, तलवार से सिर काटने, जीभ काटने, नाक-कान व हाथ काटने के लिए उतावले हो गए थे, उनकी बोलती आज बंद क्यों है? इसलिए न की मनोज मुंतशिर और ओम राऊत ऊंची जाति के हैं।

# साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के 16,36,668 रुपये कराये गये वापस

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आम जनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय शिवप्रकाश सोनकर के पर्यवेक्षण में साइबर सेल टीम द्वारा कुल 43 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के रुपये उनके खातों में वापस कराये गये।

साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, आरक्षी सर्वेश कुमार, हरिशचन्द्र, प्रशांत कुमार द्वारा 43 पीडितों का कुल 1636688 रूपए शत-प्रतिशत बरामद कराकर उनके खातों में वापस कराए गए।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी ऑनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं, लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है।

अतः आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को साइबर ठगी का शिकार होने से बचने के लिए यह जानकारी होनी जरुरी है। जिसमें फोन पर कभी भी किसी प्रकार के लुभावने ऑफर प्राप्त होने पर आप कभी किसी को अपने बैंक, खाता, एटीएम नम्बर, ओटीपी सम्बन्धी जानकारी साझा न करें।

किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर फोन पर पैसे प्राप्त करने के लिये यूपीआई पिन न डालें। यूपीआई पिन हमेशा पैसे भेजने के लिये प्रयोग होता है न कि प्राप्त करनें के लिये। किसी भी अनजान लिंक, वेबसाइट को ओपन करने पर आपकी पर्सनल जानकारी फ्राडर तक साझा हो जाती है, इससे बचें। ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से खरीददारी के लिए पूर्व भुगतान करते समय क्विक सपोर्ट, टीम व्यूवर, कस्टमर सपोर्ट आदि एप का इस्तेमाल करने से आपके हैण्डसेट की स्क्रीन शेयरिंग हो जाती है, इन एप्स के इस्टालेशन से बचें। अज्ञात कॉलर द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओ व कालोनी स्वीकृत किये जाने के नाम पर भी पैसों की मांग करने पर पैसे न भेजें एवं तत्काल नजदीकी थाने पर शिकायत करें। आपके किसी परिचित को एक्सीडेन्ट, बीमार दिखाकर ईलाज के लिए आनलाइन पैसे की मांग करने पर पैसे न भेजें एवं तत्काल नजदीकी थाने पर शिकायत करें। सोशल मीडिया पर सस्ते दामों पर सामान बेंचने के नाम पर ठगी (फिसिंग) करतें हैं।

सामान अधिकृत विक्रेता, दुकान से ही खरीदें किसी को एडवान्स पैसा न भेजें। अज्ञात नम्बरों से हूबहू आपके परिचितों की आवाज में पैसे आदि की डिमाण्ड करने पर अपने उस परिचित से पुष्टि करने के उपरान्त ही पैसे भेंजे। घर बैठे रोजगार (पेन्सिल कारोबार, वीडियो को लाइक एवं सब्सक्राइबर बढाये जाने का कार्य) पाने के नाम पर ठगी, पैसे की मांग करनें पर पैसे न भेंजें।

किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर तुरंत फोन करें या अपनें थाना के साइबर हेल्प डेस्क जनपदीय साइबर सेल को तत्काल सूचना दें।

# जिलाधिकारी ने मडफा शिव मन्दिर में किया पूजन-अर्चन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सोमवार को भरतकूप क्षेत्र के अंतर्गत मडफा शिव मंदिर के पर्यटन विकास को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही मडफा शिव मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि मडफा शिव मंदिर के लिए पहले विद्युत, पानी, यात्री शेड निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को भेजा जाए। इसके बाद सुंदरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल के लिए पाइपलाइन गांव खोह के पूरवा तक आई है, उसको बढ़कर जहां से शिव मंदिर का रास्ता जाता है, उसके नीचे तक पेयजल की व्यवस्था कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत व्यवस्था के लिए मंदिर तक का प्रस्ताव बनाकर पर्यटन अधिकारी को उपलब्ध कराए।

सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता यूपीपीसीएल से कहा कि ऊपर मंदिर तक पेयजल की व्यवस्था के लिए नीचे बोरिंग सी डब्ल्यू आर, टैंक आदि की व्यवस्था के लिए प्राक्कलन तैयार करालें। साथ ही मुख्य सड़क से मंदिर के लिए जो रास्ता जाता है, उसका भी चौड़ीकरण कराया जाए। मंदिर के नीचे ही पार्किंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विभागों से संपर्क स्थापित कर एक सप्ताह के अंदर कार्यों के प्राक्कलन तैयार कराकर शासन को भेजा जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, अधिशासी अभियंता जल निगम संजय कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# नए शिक्षा आयोग के गठन का विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में धरना देकर सरकार द्वारा गठित किए जा रहे नए शिक्षा आयोग का विरोध किया।

जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड को समाप्त कर नए शिक्षा आयोग के गठन के साथ शिक्षकों का सुरक्षा कवच रही चयन बोर्ड अधिनियम की 1982 की धारा 21, धारा 18, धारा 12 को समाप्त कर दिया गया। अब शिक्षक पुनः प्रबंधकों के हाथ की कठपुतली बन जायेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के संघर्ष के बाद उन्हें वेतन वितरण अधिनियम और इन धाराओं की सुरक्षा को प्राप्त किया था। शिक्षक समुदाय आने वाले खतरे से चिंतित है। ऐसी विकट परिस्थिति में आज एक दिवसीय धरना देकर अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव के माध्यम से ज्ञापन देकर सरकार से नए शिक्षा आयोग के गठन को वापस लेने की मांग की गई। यदि सरकार हमारे अनुरोध पर विचार नहीं करती तो शिक्षक समुदाय प्रदेश स्तरीय आंदोलन को बाध्य होगा। इस मौके पर मंत्री डॉ शिवशंकर शुक्ल, रामनरेश, शैलेंद्र, बृजलाल, यशवंत, रामबाबू, आदित्य, ओमदत्त, लक्ष्मीकांत, महेंद्र, अरविन्द, अजय, अवनीश, दयाराम, सुधाकर, आलोक, सुनील, संजय, अवधेश, विद्याभूषण, नागेश्वर, निर्देश, इंद्राज, यशवंत आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट :** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा बस स्टैंड में 104वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने का माध्यम परिचय सम्मेलन है। कार्यक्रम में 360 बंधुओं ने अपने बच्चों के लिए रिश्ते तलाश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ने कहा कि परिचय सम्मेलन के माध्यम से सभी लोग एक छत के नीचे एकत्र होकर रिश्ते करते हैं, जिससे समाज संगठित होता है। इस दौरान अग्रवाल परिचय पत्रिका का भी विमोचन भी किया गया, उन्होंने बताया कि अगला 105वां अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 24 सितंबर को ईसागढ़ मध्य प्रदेश में आयोजित होगा। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि सैकड़ों लोगों के रिश्ते सम्मेलन से हो चुके हैं और इससे सामाजिक बंधन मजबूती से बंध जाता है।

# संस्कृत भाषा के माध्यम से संस्कृत युक्त बनेंगे युवा : प्रो शिशिर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में चल रहे त्रिदिवसीय संस्कृत महोत्सव के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में दयानन्द महाविद्यालय मिर्जापुर से डॉ ऊषा कनक पाठक ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना से हुआ।

दयानन्द महाविद्यालय के डॉ ऊषा कनक पाठक ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों को स्पष्ट करते हुये संस्कृत वांगमय के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होने संस्कृत कजरी गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत भाषा के माध्यम से भी आज युवाओं को मानवीय मूल्य एवं संस्कृति युक्त बनाया जा सकता है। आधुनिकोभव संस्कृतमवद् के आधार पर अपने विचारों को आधुनिकता से जोडते हुये अपनी प्राचीन परम्परा को संरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन गरिमा मिश्रा ने किया।

इस मौके पर अधिष्ठाता मानविकी संकाय डॉ विनोद कुमार मिश्र, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय डॉ महेन्द्र कुमार उपाध्याय, डॉ सुशील कुमार त्रिपाठी, डॉ हरिकान्त मिश्र, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ रजनीश सिंह, डॉ प्रमिला मिश्रा, जनसंपर्क अधिकारी सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## डॉग स्क्वायड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने चलाया जांच अभियान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू अनुज मिश्र के पर्यवेक्षण में डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा सावन मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट पर संदिग्ध वस्तुओं, व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई।

## मारपीट करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर पिता-पुत्र समेत चार को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने पिता-पुत्र समेत चार आरोपियों को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी शशिकान्त यादव ने बताया कि 13 अक्टूबर 2013 को रैपुरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भौरी गांव के वंशरूप का पुरवा निवासी रामलखन पुत्र भोलीराम के साथ गांव के ही रामेश्वर पुत्र मिही लाल, आशीष कुमार पुत्र रामेश्वर, अन्तू उर्फ दुर्गेश पुत्र रामेश्वर व सुरेश पुत्र देव कुमार ने घर में घुसकर मारपीट की थी। इस मामले में रामलखन ने तत्कालीन थाना प्रभारी से शिकायत की थी, किन्तु सुनवाई न होने पर उसने न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। न्यायालय के आदेश पर रैपुरा थाने में मामले की रिपोर्ट 8 जनवरी 2014 को दर्ज की गयी थी और पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने इस मामलें में दोष सिद्ध होने पर आरोपी रामेश्वर, उसके बेटे दुर्गेश, आशीष के साथ चौथे आरोपी सुरेश को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

# अनियंत्रित होकर पिकअप पलटी, कोई हताहत नहीं



जन एक्सप्रेस। रामकोला/कुशीनगर

थाना क्षेत्र के रामकोला कप्तानगंज हाइवे पर सोमवर को माँ धर्मसमधा देवी पेट्रोल पंप से 500 मीटर की दूरी पर तेज रफ्तार सब्जी लदी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पुल से जा टकराकर पुल के नीचे जा गिरी।जिसके चलते उसपर लदी शब्जिया गिर गई लेकिन इस दुर्घटना घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।पिकअप पर ड्राइवर सहित तीन लोग सवार थे जो दुर्घटना में बाल बाल बच गए उनको मामूली खरोंचे आई है।अर्ली सुबह हुए इस दुर्घटना में पुल के पैरापिट से लड़ने के कारण पिकअप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होगया है। सोमवार को भोर में महिन्द्रा पिकअप नम्बर बी आर 06 जी डी 1480 गोरखपुर से सब्जी लोड कर बेतिया जा रही थी। ड्राइवर आफताब आलम ने बताया कि हम तीन लोग बैठे थे और सुरक्षित है दूसरी गाड़ी मगवाकर शेष बचे सब्जी को लदवाकर बेतिया भेजवाया जा रहा है।

# एडीएम ने ली जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई है। समिति द्वारा खाद्य सुरक्षा मामलों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन अनुश्रवण एवं विनियमों को त्वरित गति से लागू करने के लिए एवं आम जनमानस को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ तथा गुणवत्तापरक औषधियां उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए विचार विमर्श किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन्न छापेमार कार्यवाहियों कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के 70 नमूनें जाँच के लिए संग्रहित किये गये है। जिनमें से 46 जॉच प्राप्त हुये है। 46 जॉच परिणाम में से 20 जॉच परिणाम मानक के अनुरूप नहीं पाये गये हैं, जिन पर विधिक कार्यवाहियों प्रचलित कर दी गई है।

इस अवधि में न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी अपर जिलाधिकारी में कुल 36 वाद दाखिल किये गये है। बीते एक अप्रैल से सोमवार तक न्याय निर्णयन न्यायालय द्वारा कुल 32 वाद निस्तारित किये गये है। जिनमें 10 लाख 38 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। उन्होंने बताया कि आबकारी एवं सरकारी सस्ते गल्ले के समस्त प्रतिष्ठानों को खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीकरण से आच्छादित किया जाना है। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को इन प्रतिष्ठानों को खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीकरण से आच्छादित कराये जाने के लिए निर्देशित किया। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी एवं व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि, चेयरमैन को ऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल ने अपर जिलाधिकारी से आग्रह किया कि मिलावट खोरों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों एवं औषधियों में मिलावट किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी। अपर जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्यवाहियों में तेजी लाई जाये।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया रक्षा बन्धन पर्व, देश व समाज को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला इकाई ने रक्षाबंधन उत्सव मनाया। मौके पर सभी ने बारी-बारी से भगवा ध्वज में रक्षासूत्र बांधा। आरएसएस द्वारा मनाए जाने वाले छह उत्सवों में रक्षाबंधन भी शामिल है। प्राचीनकाल से ही देश के उत्सव एवं पर्व सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ाने वाले रहे हैं। यह बंधन उसी की एक सशक्त कड़ी है। राखी के धागे में भाई-बहनों को अटूट प्यार गुथा हुआ रहता है। इस धागे में छिपी नारी के सम्मान की रक्षा के लिए सर्वस्व समर्पण भाव रखने वाले वीर पुरुषों का इतिहास बया कर रहा है।

रक्षा बन्धन पर्व समाज की सेवा और त्याग की भावना को जाग्रत करने का एक अवसर प्रदान करता है। मनुष्य के हृदय की गहरी और उच्चतम भावनाओं को व्यक्त करने वाला ये पवित्र पर्व है। भाई और बहन के बीच के अटूट स्नेह बंधन का प्रतीक है। इस त्योहार की समरसता, कुरीतियों को समाप्त करने वाला, समाज की रक्षा के संकल्प की परंपरा से समाज को मजबूती प्रदान करता है। इस उत्सव से हम सब एक दूसरे की रक्षा की ओर भी संकल्पित होते है। इस पर्व से समाज की रक्षा व चेतना का भाव भी उत्पन्न होता है। इतिहास काल की घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश को बचाने के लिए हिदुओं ने सदैव संघर्ष किया महिलाओं व बच्चों ने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान भी दिया है। इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा हुआ है। विश्व के अन्दर भारत की जो भूमिका है, उस भूमिका के निर्वाहन के लिये खड़े होने का समय है। यह विचार अपने सम्बोधन मे सह प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा।

# विधायकों सहित अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, राहत शिविरों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



मलवां विकास खंड के महुआ घाट बाढ़ राहत शिविर में जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल एवं बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी के अलावा अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र एवं उप जिलाधिकारी मनीष कुमार सहित तमाम अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने पहुंच कर 132 बाढ़ पीड़ित परिवारों का दर्द साझा किया। नरौना बांध से भारी पैमाने पर छोड़े गए पानी के कारण गंगा एवं पाण्डु नदी में आयी भारी बाढ़ से मलवां विकास खंड क्षेत्र के अभयपुर एवं आशापुर ग्राम पंचायत के मजरे बिंदकी फार्म, कलकत्ता फार्म, बेरीनारी, सदनहा, बंबुरी खेड़ा, मल्हू का पुरवा, काली कुंडी, बडाखेडा गांव बुरी तरह से प्रभावित होकर टापू बन गए हैं। तराई क्षेत्र के दर्जनों गांवों के सैकडों किसानों की हजारों एकड़ फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गयी हैं।

बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों की सबसे गंभीर समस्या पशुओं के चारा खिलाने की है। उनके पेट भरने की व्यवस्था सरकार एवं समाजसेवी काफी हद तक कर रहे हैं लेकिन उनके मवेशियों का पेट भरने की गंभीर समस्या है।

बाढ़ राहत शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालगंज के प्रभारी डा. अरुण द्विवेदी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कैम्प लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कर रहे हैं। गोपालगंज पशु चिकित्साधिकारी डा. स्नेहलता गुप्ता अपनी टीम के साथ पशुओं का उपचार कर रही हैं। डॉ गुप्ता ने बताया कि शनिवार को शिविर में 70 मवेशी और आए हैं। जिससे इनकी संख्या तीन सौ के ऊपर हो गयी है। मल्हूखेड़ा के जवाहर, राजू, बाबू, नयाखेड़ा के भूरा, तिलक, जाडे का पुरवा के रामनरेश ने बताया कि तिरपाल की व्यवस्था न होने के कारण रात के समय परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बाढ़ राहत शिविर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो-दो महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों के अलावा राजस्व विभाग, ब्लाक कर्मचारियों के साथ अन्य विभागों के कर्मचारी तैनात हैं। शिविर में मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि प्रभावित गांवों के तमाम ग्रामीणों ने चेतावनी के बाद भी अपने मवेशियों को राहत शिविरों में पहुंचा दिया। जबकि वह अभी भी सपरिवार अपने गांव में रुक कर बाढ़ कम होने का इंतजार कर रहे हैं।

# शिक्षा चौपाल में शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुये बच्चों को किया प्रोत्साहित

जन एक्सप्रेस। खागा, फतेहपुर

विकास खण्ड ऐरायां के उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय ऐलई में शिक्षा चैपाल का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी ऐरायां श्रवण कुमार पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान विजय करन सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय कुमार त्रिपाठी, ए आर पी डॉ अम्बिका प्रसाद मिश्र एवं अजय सिंह तथा अन्य अभिभावकों, एस एम सी सदस्यों, व ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आये हुए अतिथियों के लिए स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। शिक्षा चैपाल को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन की गतिविधियों कक्षा रूपांतरण, संदर्शिका आधारित शिक्षण, लाइब्रेरी बुक्स, स्कूल रेडीनेस, निपुण लक्ष्य ऐप का प्रयोग, डीबीटी के माध्यम से प्रेषित धनराशि का यूनिफॉर्म, जूता -मोजा ,स्कूल बैग, स्वेटर एवं स्टेशनरी आदि बिंदुओं पर उपस्थित अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों को जानकारी दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी अभिभावकों से अपील किया कि वह प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय अवश्य भेंजे और शिक्षकों को निर्देशित किया कि कॉलिंग रजिस्टर के माध्यम से विद्यालय न आने बच्चों के अभिभावकों से बात करके शत् प्रतिशत् बच्चों को विद्यालय लाने का प्रयास किया जाय। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ऐलई में पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया गया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कैसर परवीन और अनुदेशक गरिमा सिंह की पुस्तकालय स्थापना हेतु किये गये प्रयास की सराहना किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय प्रथम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को पेंसिल, कॉपी, टिफिन देकर पुरस्कृत भी किया गया।

# कांवरियों ने गंगा जल से अपने इष्ट महादेव का किया जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



सावन के अंतिम सोमवार पर नवयुवक कांवरिया संघ की देवाधिदेव महादेव भगवान भोले शंकर की झांकी व कांवड़ यात्रा धूमधाम से डीजे की धुन पर भिटौरा घाट के लिए रवाना हो गई। रास्ते पर यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते रहे। भिटौरा घाट से गंगाजल लाकर तांबेश्वर मंदिर स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। नवयुवक यक्ष चंद्र प्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में देवाधिदेव महादेव भगवान भोले शंकर की झांकी व कांवड़ यात्रा निकाली गयी। शहर के वर्मा चैराहा स्थित उनके आवास से झांकी व यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चों ने हिस्सा लिया। भव्य तरीके से सजाई गई भगवान भोलेनाथ की झांकी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। डीजे की धुन पर श्रद्धालु व झांकी भिटौरा घाट के लिए निकली। शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए भिटौरा घाट पहुंची। रास्ते पर गीत, संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते रहे। जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि भिटौरा घाट में भंडारे का भी आयोजन होगा। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होने कहा कि कांवड़ यात्रा गंगाजल लेकर तांबेश्वर मंदिर पहुंचेगी। जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जायेगा। उन्होने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिरकत करने की अपील किया। इस मौके पर अरूण त्रिपाठी, सविता अवस्थी, शालिनी बाजपेई, निक्की, अनुपम, पवन, महेंद्र, उमा बाजपेई, अंकिता त्रिपाठी, चेतन बाजपेई, धर्मपाल, डब्बू, बंटू, निक्की चैरसिया के अलावा समस्त कांवरिया संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।






# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। | लखनऊ। मंगलवार। 29 अगस्त 2023




**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 19-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.0(+1.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.0 (-0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 80 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 71 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 12.0 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# मदारी के चाणक्य भू माफिया रिज़वान सोलंकी को अग्निकांड मामले में हाईकोर्ट से मिली जमानत

- अग्निकांड के मामले में कई अन्य की पहले ही हाई कोर्ट से हो चुकी है जमानत
- हाजी वसी और मुख्तार बाबा गैंग भी इरफान सोलंकी गैंग की अंदर ही अंदर कर रहा है मदद
- मुख्तार बाबा की संपत्ति कुर्क ना करना और हाजी वसी को राहत देना पड़ सकता है जिला प्रशासन को महंगा

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर



**कानपुर नगर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के अग्निकांड मामले में लगातार एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे ग्यारह में दिन प्रतिदिन सुनवाई चल रही है। सीआरपीसी की धारा 313 के अंतर्गत बयान मुलजिम होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से अपनी सफाई पेश किए जाने के लिए गवाहों कि सूची कोर्ट में दाखिल होनी थी लेकिन उससे पहले ही बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने एक अर्जी बेवा नजीर फातिमा जो अग्निकांड मुकदमे की वादी हैं उनके हस्ताक्षर पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए कोर्ट में दाखिल की थी। बचाव पक्ष की ओर से दाखिल अर्जी पर ए.डी.जी.सी. ने भी आपत्ति दाखिल की है। अब इस मामले में आज कोर्ट का आदेश आने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर अग्निकांड के एक मुख्य आरोपी भूमाफिया रिजवान सोलंकी को हाई कोर्ट से अग्निकांड मामले में जमानत मिल गई है। आपको बताते चलें कि बीते वर्ष 2022 में 8 सितंबर को थाना जाजमऊ में सपा विधायक इरफान सोलंकी उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी के साथ-साथ गैंग के अन्य सदस्यों के विरुद्ध बेवा नजीर फातिमा की तहरीर पर उनका घर जलाने के आरोप में अग्निकांड की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद काफी जतन विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग ने किए लेकिन उन्हें जेल जाना पड़ा। वर्तमान समय में विधायक इरफान सोलंकी और उसका भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत गैंग के कई सदस्य जेल में है और कई सदस्य जमानत भी पा चुके हैं। बीते दिन इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा इरफान सोलंकी के भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी की अग्निकांड मामले जमानत याचिका स्वीकार कर ली गई।

### हाजी वसी और मुख्तार बाबा गैंग भी अंदर-अंदर कर रहा है इरफान गैंग की मदद

विश्वास सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कानपुर हिंसा के दो मुख्य आरोपी चर्चित बिल्डर हाजी वसी और बाबा बिरियानी का मालिक मुख्तार बाबा इरफान और उसके गैंग की अंदर ही अंदर अपने गैंग के सदस्यों के माध्यम से पैरवी करवा रहे हैं। इन्हीं दोनों के कुछ कारखास लोगों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि जेल के ही अंदर इरफान रिजवान और हाजी वसी तथा मुख्तार बाबा के बीच तय हुआ था कि जो लोग छूट जाएंगे वह ज्यादा से ज्यादा मदद करेंगे। मुख्तार बाबा सबसे पहले छूटा था। हाजी वासी का गैंग वाकई में बहुत मजबूत है क्योंकि हाजी वासी ने जेल से ही अपना सब कुछ मामला संभाल लिया था इसलिए उसकी बिल्डिंगों पर भी कोई आंच नहीं आई और मुख्तार बाबा के तो क्या कहने जिला प्रशासन ने घोषणा की थी कि उसकी संपत्ति भी कुर्क की जाएगी लेकिन अभी तक ऐसा कुछ नहीं किया गया है। सूत्रों की माने तो इरफान गैंग के जो सफेद पोस बाहर है वह हाजी वसी और मुख्तार बाबा की संपत्तियों को किसी तरीके से बचा रहे हैं वहीं दूसरी ओर मुख्तार बाबा और हाजी वसी इरफान गैंग की अंदर ही अंदर बहुत ज्यादा तेजी से मदद कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं की हाजी वशी का दिल्ली में बहुत बड़ा हिसाब किताब है वह हिसाब किताब इरफान गैंग के काफी काम आ रहा है।

### कभी भी आ सकता है हाई कोर्ट से अग्निकांड मामले में इरफान की जमानत पर फैसला

सपा विधायक इरफान सोलंकी वास्तव में मदारी है। जबरदस्त तरीके से इधर कानपुर का पुलिस प्रशासन कोर्ट में मजबूती से अपना पक्ष रखने के लिए लग रहा लेकिन वहीं दूसरी ओर इस मदारी ने अपना खेल हाई कोर्ट इलाहाबाद के लिए सजाए रखा। जिस कारण कई आरोपियों की जमानत याचिकाएं अग्निकांड मामले मंजूर हो चुकी हैं और किसी भी दिन इरफान सोलंकी की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट से फैसला आ सकता है। क्योंकि इरफान सोलंकी की दोबारा दाख़िल की गई जमानत याचिका पर फाइल ऑर्डर के लिए लगी हुई है।

### डी2 गैंग के सबलू बदमाश और भोलू की जमानत याचिका पर चार को सुनवाई

मिली जानकारी के अनुसार सपा विधायक इरफान सोलंकी के कारखास पूर्व पार्षद मोहम्मद मुरसलीन खान उर्फ भोलू तथा डी टू गैंग के एजाजुद्दीन ऊर्फ सबलू बदमाश की जमानत याचिका पर संयुक्त रूप से 4 सितंबर को हाईकोर्ट इलाहाबाद की बेंच में सुनवाई होनी है और दोनों की फाइलें आपस में कनेक्ट कर दी गई हैं।

### किस किस को मिली है हाई कोर्ट से अग्निकांड मामले में जमानत

ज्ञातव्य हो कि प्रथम चरण में हाई कोर्ट इलाहाबाद की बेंच ने सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी की अग्निकांड मामले में जमानत याचिकाएं रद्द कर दी थी। लेकिन 25 अप्रैल को शौकत पहलवान और उसके बाद एजाज उर्फ अज्जन की ज़मानत याचिका बीती नौ मई को हाई कोर्ट इलाहाबाद की बेंच ने स्वीकृत कर और फिर 13 जुलाई को अनूप यादव ऊर्फ बटाऊ, 19 जुलाई को मोहम्मद शरीफ, 20 जुलाई को महबूब आलम, की जमानत याचिका स्वीकार होने के बाद रिज़वान सोलंकी की ज़मानत याचिका भी बीते दिन स्वीकर कर ली गई।

# गंगा के जलस्तर में 23 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नहीं पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, बीमारी का खतरा बढ़ा

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** गंगा के जलस्तर में रात 10:00 बजे 3 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी के बाद फिर से गंगा का जलस्तर घटना शुरू हो गया है। एक और जहां गंगा का जलस्तर घटने से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों में खुशी की लहर है वहीं दूसरी ओर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंगा का पानी भर होने जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नरौरा बांध और हरिद्वार बांध से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है जिसकी वजह से गंगा के जलस्तर में उतार-चढ़ाव की स्थिति लगातार बनी हुई है। लेकिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में से गंगा का जलस्तर अब घटना हुआ नजर आ रहा है। बाढ़ प्रभावित गांवों में से भगवानदीन पुरवा, और भोपाल पुरवा में अभी भी गंगा का पानी का जलस्तर को घटना में समय लगेगा। बाढ़ प्रभावित गांवों में जिला प्रशासन की ओर से लगाई गई नाव द्वारा ग्रामीणों को लाने और ले जाने का कार्य अभी भी किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वर्तमान समय में जिला प्रशासन के लिए सबसे बड़ी समस्या गंगा का भरा हुआ पानी है। दूसरी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही तो देखते ही बनती है। जिलाधिकारी के लाख निर्देशों के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की टीम अभी तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नहीं गई है। जिसकी वजह से ग्रामीणों में काफी रोश है। ख्यौरा कटरी के पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद व रवि कुमार निषाद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई बार फोन किया गया लेकिन इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बाढ़ क्षेत्र में झांकने तक नहीं आए हैं। उन्होंने यह भी बताया की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जहां गंगा का जलस्तर अभी भी घटना शुरू नहीं हुआ है वहां मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके वजह से खतरनाक बीमारियां उत्पन्न हो रही है। जहां पर गंगा का जलस्तर घट गया है वहां पर सफाई होनी अत्यंत आवश्यक है लेकिन ब्लॉक से जो सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं वह भी सफाई करने नहीं पहुंच रहे हैं और ना ही ब्लॉक की ओर से अभी तक कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव किया गया है दो दिन पूर्व वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा कीटनाशक दवाइयां की जगह केवल नालियों में चुनाव डलवाया गया था। राजस्व विभाग की ओर से लगातार गंगा बैराज पर निवास कर रहे बाढ़ पीड़ित जनों को लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नव नियुक्त पशु पालन वैज्ञानिक द्वारा की गई समीक्षा



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर सोमवार को आई सी ए आर अटारी की नव नियुक्त पशु पालन वैज्ञानिक डॉ. सीमा यादव ने कृषि विज्ञान केंद्र, दलीप नगर द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम संबंधित गांव औरँगाबाद पर भ्रमण कर किसानो से कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा कर उनका प्रभाव जाना। उन्होंने किसानो से पशुपालन संबंधी एवं पशुपालको से पशुओं के फीडिंग प्रक्टिसेस संबंधी जानकारी ली । उन्होंने कृषि विज्ञान की गतिविधियां व कृषको के बीच कृषि विज्ञान केंद्र का इतना प्रभाव देख कर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ खलील खान, डॉ. राजेश राय, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. शशि कांत व डॉ. निमिषा अवस्थी मौजूद रहे।

### चमनगंज में जर्जर मकान गिरा, बड़ा हादसा टला

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बारिश के बाद शहर में एक के बाद पुराने जर्जर मकान भरभरा कर गिर रहे हैं। बीती रविवार की रात्रि एक बजे थाना चमनगंज क्षेत्र के तकिया पार्क चौकी अंतर्गत 88/561 चमन गंज मोहम्मद अली पार्क क्षेत्र में जर्जर मकान ढह गया। जर्जर मकान गिरने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सैकड़ो की भीड़ एकत्रित हो गई। क्षेत्र के लोगों ने हादसे की जानकारी थाना चमनगंज को दी । सूचना मिलते ही थाना चमनगंज की फोर्स मौके पर पहुंच गई। स्थानी लोगों के साथ मलबे को हटाना शुरू कर दिया। गनीमत रही है की मकान गिरने के दौरान मकान में व मकान के आसपास कोई नहीं था इसीलिए बड़ा हादसा टल गया।

### गदर 2 शो के दौरान पब्लिक ने थिएटर में किया हंगामा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। रावतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुदेव में सिनेमा हॉल में ग़दर 2 शो के दौरान अचानक बीच में फ़िल्म बंद हो गई। फिल्म देख रही पब्लिक ने सिनेमा हॉल में हंगामा कर दिया सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पब्लिक को समझाबुजाकर शांत कराया। इसके बाद सिनेमा हॉल प्रशासन और मैनेजर से बात करके पब्लिक के टिकट के रुपए वापस कराया गया। रावतपुर थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कर दिया गया है इसके बाद सिनेमा हॉल प्रशासन और मैनेजर से बात करके फिल्म देखने आई पब्लिक के टिकट के रुपए वापस दिल दिया गया है।

### कुमार हॉस्पिटल में भर्ती महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। सेन थाना क्षेत्र के नर्सिंग होम में पथरी के ऑपरेशन के बाद महिला की अचानक हुई मौत से गुस्साए परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा है। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई करने की बात कही है । मिली जानकारी के अनुसार सेन थाना क्षेत्र के तौधकपुर रोड स्थित कुमार हॉस्पिटल में बीती 24 अगस्त को आरती उम्र 28 वर्ष पत्नी दिनेश निवासी गणेशीपुरवा बढ़ाईगढ़ थाना साढ पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन करने आई थी परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के बाद भी आरती के पेट में दर्द बना हुआ था और 28 तारीख की सुबह आरती के पेट में तेजी से दर्द होने लगा जब इस बात को अस्पताल के स्टाफ से बताया गया तो उन्होंने आरती को तौलने की बात कहते हुए भयंकर दर्द को दरकिनार कर दिया देखते ही देखते आरती बेहोश हो गई और जब तक डॉक्टर उसके पास पहुंचे तब तब आरती की मौत हो चुकी थी। मौत के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और नर्सिंग होम स्टाफ के ऊपर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फरार अभियुक्त के लिए पुलिस ने कराई मुनादी




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। माननीय न्यायालय एमएम सात में विचारण मु0न0-2082/10 अ0स0-153/92 धारा 457/380/411 भादवि थाना मूलगंज कमि0 कानपुर नगर में वांछित अभियुक्त हाजी असमत अली पुत्र आसिफ अली नि0 88/384 थाना चमनगंज कमि. कानपुर नगर की तलाश हेतु उ0नि0 अमनीश कुमार व का. 396 कविन्द्र गुर्जर द्वारा जरिये डुग्गी/ ढोल मुनादी उदघोषणा करायी गयी। जिसमे मोहल्ले वासी मो0 नासिर पुत्र मो0 अयूब नि0 88/325 चमनगंज कानपुर नगर व मो0 समनान नि0 88/326 चमनगंज कानपुर नगर राम बहादूर पुत्र हरी बहादूर आदि मौजूद रहे। मालूम हो कि जिसकी माननीय न्यायलय में पेश होने की अग्रिम तिथि 2/9/23 है।

# ऐसा क्या हुआ था मदरसे में मरियम के साथ जो अभी तक लड़ रही है जिंदगी और मौत से जंग?

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर/दानिश अहमद/मुशीर खान



अस्पताल में भर्ती जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही मरियम आफताब

**कानपुर नगर।** शहर के एक मदरसे में अचानक से एक 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों घायल हो गई। मदरसे वालों ने तत्काल परिजनों को सूचित करना ठीक ना समझा। घटना होने के कई घंटे बाद जब परिजनों को सूचना दी गई तो बताया गया की बच्ची बाथरूम में फिसल गई थी थोड़ी देर बाद बताया गया की बच्ची तीन मंजिल नीचे कूद गई थी। हर मर्तबा मदरसा प्रशासन परिजनों को गुमराह करता रहा सांसद विधायक का हवाला देते हुए घटना को पुलिस से छुपाने के लिए भी दबाव बनाया गया। लेकिन जब किशोरी की जान पर बन आई तो परिजनों ने ठान लिया कि अब मदरसा और उसके प्रबंधन तंत्र को वह बेनकाब करके रहेंगे। थाना कर्नलगंज क्षेत्र में निवास करने वाले मजदूर आफताब आलम ने बताया कि उनकी 14 वर्ष बेटी मरियम आफताब पटकापुर स्थित मदरसा आयशा जमीयत उलूम पटकापुर में 2 साल से आलिमा का कोर्स कर रही थी। बीती दस जुलाई को रात 2ः30 बजे मदरसा आशा जमीयत उलूम के संचालक मौलाना अरशद का फोन आया कि मरियम बाथरूम में फिसल कर घायल हो गई है नईम हमीद हॉस्पिटल लेकर आ गया हूं । मौलाना ने बताया उसके नाक से खून आ गया है घबराने की बात नहीं है इतना कह कर कॉल काट दी। आरोप है कि जब वह बताए गए अस्पताल पहुंचे तो वहां पर मौलाना अरशद नहीं मिले पता लगा की बच्ची को हैलट अस्पताल लेकर गए हैं। पिता आफताब की माने तो जब वह अपनी बच्ची को देखने हैलट अस्पताल पहुंचे तो उनकी बच्ची बेहोश थी। मौलाना अरशद और मदरसे के प्रबंधन तंत्र ने पिता और उनके परिवार पर दबाव बनाया कि अगर उन्होंने पुलिस में अथवा कहीं भी शिकायत की तो वह बच्ची की जान से हाथ धो बैठेंगे क्योंकि बच्ची की हालत बहुत खराब है मदरसे ने बच्ची के इलाज पर पूरा रुपया लगाने का वादा किया और हमेशा उन्हें मुंह बंद रखने की धमकी दे डाली। पीड़ीत पिता की मानें तो अभी तक उनकी बच्ची होश में नहीं आई है नगर के अपोलो हॉस्पिटल में मरियम जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। लेकिन अब मदरसे के मौलाना अरशद और उनके प्रबंधन तंत्र ने इलाज करने से हाथ खड़े कर लिए हैं और कोई कार्रवाई करने पर म सांसद और विधायक का नाम लेते हुए धमकाया भी है।

### मदरसा प्रशासन क्यों नहीं चाहता की बच्ची ठीक हो जाए क्या खुल सकता है बड़ा राज?

मदरसा प्रशासन पहले दिन से ही बच्ची के घायल होने को लेकर नई-नई कहानियां बनाता रहा। ऐसा क्या था कि मदरसे प्रशासन ने पीड़ित माता-पिता पर दबाव बनाया कि वह पुलिस में शिकायत ना करें। ऐसा क्यों है कि मदरसा प्रशासन नहीं चाहता कि जो लड़की अभी भी बेहोशी की हालत में लगभग दो माह से है वह होश में आए। वाकई में मरियम के साथ कुछ ऐसी घटना घटित हुई है जिससे मदरसा प्रशासन खतरे में आ सकता है। ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब तभी मिल सकता है जब मरियम की तबीयत बिल्कुल ठीक हो जाए लेकिन मरियम तो जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है।

# सावन के अंतिम सोमवार को मंदिरों में लगा शिव भक्तों मेला

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



**चौबेपुर।** सावन के अंतिम सोमवार को नोनेश्वर मंदिर में शिव भक्तो की भीड़ से और बम भोले के जयघोष से कस्बा गूंज उठा। हर वर्ष की तरह सावन के अंतिम सोमवार को इस बार भी भक्तो में शिव भक्ति देखने को मिली जहा शिव मंदिरो में इक्का दुक्का लोग देखने को मिलते हैं वही बाबा शिव के सावन में मंदिरो में भक्तो का हुजूम लगा रहता हैं और सावन के अंतिम सोमवार में तो मानो मंदिर के अलावा कही और आनंद ही नहीं आता हैं ऐसा ही कुछ देखने को मिला चौबेपुर स्तिथ नोनेश्वर मंदिर में जहा सावन का अंतिम सोमवार होने के कारण मंदिर में पैर रखने तक की जगह नहीं थी साथ ही भक्तो के मुख से सिर्फ एक ही नाम की जयघोस गूंज रही थी और वो थी बम भोले जिसमे बच्चे बूढ़े जवान, पुरुष व महिलाये शामिल थी बृद्ध में शिव की शक्ति देखते ही बन रही थी।

### ना रहे कोई भूखा प्यासा

जहा शिव भक्त दूर दूर से नोनेश्वर बाबा के दर्शन करने आ रहे थे वही कुछ श्रद्धालु भी पुण्य कमाने में पीछे नहीं रहे और भंडारे का आयोजन कर सभी को पेट भर खाना पानी उपलब्ध कराते रहे।

### चोकस रही सुरक्षा व्यवस्था

जहा हजारों की संख्या में भक्तो का हुजूम लगा रहा वही उनकी सुरक्षा हेतु प्रशासन भी मंदिर के आस पास वर्दी व बिना वर्दी के तैनात रहा जिससे भक्तो को किसी प्रकार की कोई दिक्क़त ना आये।

# पंजीयन के लाभ की जानकारी देने के लिए सेमिनार का आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




राज्यकर विभाग लखनपुर सभागार में सोमवार को पंजीयन जागरूकता अभियान एवं पंजीयन के लाभ के बारे में मेगा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों को पंजीयन से संबंधित होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में देश एवं प्रदेश के विकास योजना में जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारियों की सक्रिय भागीदारी, व्यापारिक उन्नतियों की संभावनाओं, पी.पी.टी.के माध्यम से पंजीयन प्राप्त कर व्यापार किए जाने के लाभो के बारे मे चर्चा की गई। सभागार में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित रूपये 10 लाख के बीमा प्रीमियम व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी गयी। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा कृष्णा स्टोर के स्व.आनन्द कुमार गुप्ता की दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र प्रथम गुप्ता को रुपये 10 लाख का चेक अपर आयुक्त ग्रेड 1 जोन प्रथम जी एस बौनाल, अपर आयुक्त ग्रेड 1 यू. एस.दुबे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर आयुक्त ग्रेड 2 महेंद्र विक्रम सिंह, संयुक्त आयुक्त अमित मोहन, उपायुक्त शुभी तिवारी, प्रशांत सिंह एवं अन्य अधिकारी, व्यापारी मौजूद रहे।

# सर्राफा सुसाइड केस में दो आरोपी गिरफ्तार, दबंगों ने मकान बेच कर हड़प लिये थे लाखों रुपये

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** कानपुर के नौबस्ता में दबंगों से प्रताड़ित सर्राफा व्यापारी आशू सिंह ने 26 अगस्त को फांसी लगाकर जान दे दी थी। सुसाइड करने से पहले मृतक ने सुसाइट नोट में तीन लोगों का नाम लिखा था। जिसमें उसने लिखा था कि उसका मकान बेचने के बाद दबंग उनकी रकम नहीं दे रहे थे। उलटा उसे ही धमकी दे रहे थे। तीन महीने पहले उन्होंने इलाके के रहने वाले कुलदीप सिंह, अजय परिहार और दिलीप कुशवाहा के जरिए अपना मकान 10.50 लाख में बेचा था। दबंगों ने 3.50 लाख रुपये एडवांस तो दिया था लेकिन साजिश के तहत मकान बेचने के बाद बची हुई रकम हड़प गए। जिससे आहत होकर आशू ने सुसाइड कर लिया था। मामले में मृतक के भाई हिमांशु की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं मुकदमा पंजीकृत होते ही कुछ घंटो बाद पुलिस ने सोमवार को दो आरोपी राजेंद्र नगर नौबस्ता निवासी अजय सिंह परिहार और आवास विकास हंसपुरम निवासी कुलदीप सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि तीसरे की तलाश में नौबस्ता पुलिस दबिश दे रही है।

# कानपुर के ग्यारह मुख्य धर्म स्थलों के मिट्टी के कलश ब्रम्हर्षि स्वामी महेश योगी को किए समर्पित

जन एक्सप्रेस। प्रदीप शर्मा



**कानपुर नगर।** दिव्य भारत निर्माण ट्रस्ट एवं भारत योग एसोसिएशन श्री अयोध्या धाम के संयुक्त तत्वावधान में भारत की चारों दिशाओं में चार दिव्य योग धाम की स्थापना व श्री अयोध्या धाम में ब्रम्हर्षि वशिष्ठ योगपीठ की स्थापना के लिए महामंगलेश्वर मंदिर रावतपुर ऑफिसर्स कॉलोनी में रविवार को महामंडलेश्वर,मुनिशाश्रम,कृष्ण दस, अरुण चैतनयपुरी ,उदितानंद, अवध किशोर दास , जितेंद्र दास ,साध्वी सतरूपा के सानिध्य में कानपुर नगर के 11 मुख्य धर्मस्थलों ब्रह्महावर्त बिठूर, पनकी मंदिर, आनंदेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ धाम, जागेश्वर मंदिर, तपेश्वरी मंदिर, वनखंडेश्वर मंदिर, दण्डी आश्रम, जगन्नाथ मंदिर, खेरेश्वर मंदिर ए सिद्धिविनायक मंदिर की पावन रज मंगल मिट्टी के कलश पूजन श्री हनुमान चालीसा पाठ व वेद मंत्रोच्चार के साथ अयोध्या से पधारे मुख्य अतिथि ब्रम्हर्षि स्वामी महेश योगी को समर्पित किये गए 7 स्वामी महेश योगी ने बताया कि उनके द्वारा दिव्य योग धाम की स्थापना के लिए अयोध्या से 9000 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए भारत के चारों दिशाओं में पूर्वी भारत मेघालय में (पिगाछ धाम) पश्चिमी भारत गुजरात में (रुद्र धाम) उत्तरी भारत जम्मू कश्मीर में (हनुमत धाम) तथा दक्षिण भारत केरल में (रामेष्ट धाम) की स्थापना होगी, जिससे योग, आयुर्वेद व अध्यात्म की अविरल गंगा प्रवाहित हो सकें। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने किया गया, कार्यक्रम के संयोजक रोहित तिवारी ने बताया कि दिव्य मंगल कलश पूजन कर अयोध्या धाम में समर्पण करने का नगरवासियों को सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिसमें महाशिवरुद्राभिषेक व विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से महंत उदितानंद महाराज, महामंडलेश्वर कृष्ण दास ,महंत अरुण पूरी महाराज, गोल्डन बाबा, साध्वी सतरूपा , डी.के.मैथानी, दिनेश त्रिवेदी, आशुतोष दुबे, नीमा त्रिपाठी, सनी सांगरी, अवधबिहारी मिश्रा, भूपेश अवस्थी, शेष नारायण त्रिवेदी, अंकुर श्रीवास्तव, विजय सिंह, कृष्ण गुप्ता, हरि त्रिपाठी, आनंद पाण्डेय, अनूप शुक्ला, प्रभात त्रिपाठी मौजूद रहें।

# साहब! पंचायतों के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

## सफाई नहीं होने से लगा गंदगी का ढेर, गलियों में बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों की सफाई कराये जाने की मांग

जन एक्सप्रेस। राजेश पाल

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** पंचायत को साफ स्वच्छ बनाने के लिए भले ही लाखों रुपये खर्च किए गए हों। अभी भी विकासखंड के ग्राम पंचायतो में साफ-सफाई नहीं होने से गांवो में जगह-जगह गंदगी के अंबार देखे जा रहे हैं। पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा साफ-सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बानगी के तौर पर ग्राम सभा संसारपुर के पूरे निरंजन ग्राम सभा बूबूपुर पूरे नेवाजी आदि गांव में देखा जा सकता है। जगह-जगह बिखरे कूड़े स्वच्छता अभियान को मुंह चढ़ते देखे जा रहे हैं।सफाई कर्मी नजर ही नहीं आते हैं। सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। वर्तमान समय में बरसात का मौसम चल रहा है जिससे नालिया गंदगी से चोक होने के कारण नालियों का गंदा पानी मुख्य मार्गो पर भरा देखा जाता है। ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



### स्थानीय लोगों से साझा की गई बात

स्थानीय लोगों से बात साझा की गई तो बताया कि पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में रूप से सफाई नहीं कराए जाने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। वहीं नाले-नालियां भी जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार सरपंच और जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन साफ सफाई पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। सफाई नहीं होने के कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से दुर्गंध आती रहती है। ग्रामीणों ने पंचायत के जिम्मेदारों से साफ-सफाई कराए जाने की मांग की है।

# गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन हेतु खाते में करें दान



जन एक्सप्रेस। अमेठी

खेत मे जाने पर लोग लाठियों से पीटते है। घरों से तो पहले ही निकाल दिया गया। हज़ारों सालों से किसान और इंसान का साथ दिया। पालतू बनकर रहा। दूध दही पनीर घी माखन छाछ आज भी मानव जाति प्रयोग करती है। चमड़ी ,हड्डी,मूत्र,गोबर हर चीज़ मानव जाति को समर्पित रहा है। लेकिन अफसोस आजकल अधिकतर लोग कुत्ता पालते हैं। व कुत्ते की जगह गली-गली गोवंश मारे -मारे फिरते हैं। कुछ लोग नफरत करते हैं। मारकर भी खा जाते हैं। यह व्यथा है, गोवंशों की जिसे कोई नही सुनता।
इसी के मद्देनजर प्रदेश एवं जनपद स्तर पर गो संवर्धन एवं संरक्षण कोष स्थापित किया गया है।जिसमें इच्छुक व्यक्ति गोवंश संरक्षण, संवर्धन हेतु खोले गए खाते में दान कर सकते हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि जनपद के अस्थाई, स्थाई गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित किए गए गोवंशों के संचालन, प्रबंधन के लिए सहायता राशि प्रदान करने हेतु जनपद के इच्छुक व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से जनपद स्तर पर गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष नाम से इंडियन बैंक शाखा गौरीगंज खाता संख्या 50494721380 आईएफ एससी कोड आईडीबीआई IDIB000G543 में दान कर गोवंशो के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी सहभागिता प्रदान कर सकते हैं।

# लखनऊ में चोरी की गई लाखों की सरिया सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। राजकुमार उपाध्याय

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को निरीक्षक विवेक कुमार सिंह थाना जामो मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल व चेकिंग क्षेत्र में मौजूद थे। वहीं मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि एक हरे रंग के बिना नंबर के टैक्टर ट्राली पर तीन व्यक्ति चोरी की सरिया लेकर भीखीपुर बरौलिया की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बरौलिया चौराहे के पास सघनता से चेकिंग की जाने लगी।तभी मवई से गोरियाबाद चौराहे की तरफ नहर पटरी पर की तरफ से एक ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया,जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो ट्रैक्टर पर बैठे व्यक्ति भागने लगे कि पुलिस टीम द्वारा घेर कर पकड़ लिया गया।पूछने पर एक ने अपना नाम शिवम सिंह उर्फ मोनू सिंह पुत्र शैलेन्द्र प्रताप सिंह नि. अमरबोझ मजरे बरौलिया थाना जामो जनपद अमेठी बताया। जिसकी तलाशी में कब्जे से 80 हजार रूपये नगद,दूसरे ने अपना नाम शिव विवेक सिंह पुत्र स्व. शिवराम सिंह नि.बरौलिया थाना जामो जनपद अमेठी बताया तलाशी में कब्जे से 48 हजार रूपये नगद, तीसरे ने अपना नाम कैलाश नाथ तिवारी उर्फ अनुज तिवारी पुत्र हरिकेश तिवारी नि.ग्राम उतेलवा रोड नं.4 थाना कमरौली बताया। जिसकी तलाशी में कब्जे से 4 हजार रूपये नगद बरामद हुआ। चौथे व्यक्ति सतीश यादव ग्राम अतरवा को उसके घर के पास चोरी की सरिया छिपाते हुए गिरफ्तार किया गया। मौके पर अभियुक्त के कब्जे से 10 कुन्तल सरिया व तलाशी से 32 हजार रूपये नगद बरामद हुआ। ट्रैक्टर व ट्राली पर लदे सरिया व बरामद रूपयों के बारे में पूछने पर शिवम सिंह व शिव विवेक सिंह ने बताया कि सरिया चोरी की है। व बरामद रूपये चोरी की सरिया की बिक्री से प्राप्त है।तथा यह भी बताया कि ट्रक संख्या यूपी 44 टी 6023 में ट्रक ड्राइवर रामजी उपाध्याय पुत्र गोमती प्रसाद उपाध्याय नि.पूरे मोती थाना जामो जनपद अमेठी ट्रक में चोरी की सरिया लादकर लाया था।जो सतीश यादव पुत्र बब्बन यादव नि. अतरवा मजरे भोंये थाना जामो जनपद अमेठी के साथ ले आकर बेंच रहे थे।उसी से हम लोग खरीदे थे। ट्रैक्टर ट्राली पर लदी सरिया चोरी की है।जिसे कैलाश नाथ तिवारी उर्फ अनुज तिवारी ने खरीदा है। शिवम सिंह ने बताया कि बिक्री के बाद भी हमारे व अनिल सिंह के गोदाम व सतीश यादव के घर पर चोरी की सरिया रखी है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर ग्राम अमर बोझ शिवम सिंह के गोदाम से कुल 38 कुन्तल सरिया,अनिल सिंह के गोदाम से 30 कुन्तल सरिया,सतीश यादव के घर से कुल 30 कुन्तल सरिया व ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी कुल 21 कुन्तल बरामद हुई। सरिया चोरी के संबन्ध में थाना चिनहट कमिश्नरेट लखनऊ में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# गड्ढे एवं धूल से निजात न मिली तो व्यापारी करेगा आमरण अनशन: बसन्त सिंह बग्गा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के नेतृत्व में लालगंज इकाई द्वारा जिलाधिकारी रायबरेली को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि लालगंज नगर के प्रमुख रोड बांदा-बहराइच मार्ग पर करूणा बाजार चौराहा (गुरूबक्शगज चैराहा) से पानी टंकी गांधी चैराहा तक भीषण गड्ढे एवं धूल से व्यापारियों के साथ-साथ आम जनमानस को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बसन्त सिंह बग्गा ने बताया कि रायबरेली जनपद की लालगंज बड़ी व्यापारी मण्डी है, जहाँ पर नगर के चारों ओर भीषण गड्ढे एवं धूल हैं, इसी क्रम में बांदा-बहराइच मार्ग पर नगर के प्रमुख करूणा बाजार चौराहा, पानी टंकी चौराहा, गांधी चौराहा पर गड्े एवं भीषण उड़ती धूल जिससे पूर्व में कई बड़ी घटनायें हो चुकी है, वर्षो से आए दिन ट्रक के टायर फटते हैं, ट्राली पलट जाती हैं, कई व्यापारी उड़ती इस भीषण धूल से बीमार होकर श्वांस जैंसी गम्भीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, इन परिस्थितियों में नगर का व्यवसायी व्यापार करने में असमर्थ है। पी.डब्लू.डी. एवं एनएचआई के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद भी विगत की तरफ से कोई सकारात्मक उत्तर नहीं आया और न ही गड्ढे भरे गये और न ही धूल से निजात ही मिली, जिसको लेकर व्यापारियों में गहरा रोष व्याप्त है।
व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि सात दिन के अन्दर गड्ढे एवं धूल से निजात न दिलाई गई तो व्यापारी आमरण अनशन करने के लिए मजबूर होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी, जिला प्रभारी/नगर अध्यक्ष लालगंज विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष लालगंज रोहित सोनी, मृत्युन्जय बाजपेई, दीपचन्द्र गुप्ता, अप्पू शर्मा, हंसराज विश्वकर्मा, गिरजाशंकर बाजपेयी, रामबाबू सोनी, महेश सोनी, शिवम गुप्ता, अनिल सोनी, मो0 सगीर, शीलू त्रिवेदी, दीपेन्द्र रस्तोगी, अजीत बाजपेई सहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



## यौनकर्मियों को विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा निर्देशन व अपर जिला जज/सचिव उमाशंकर कहार के मार्गदर्शन में समाज की मुख्यधारा से कटे हुए यौन कर्मियों को विधिक व सामाजिक रूप से जागरूक किए जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व टी0सी0 आई0 फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित यौनकर्मी समूह के लोगों को उनके विधिक अधिकार विषय पर जानकारी प्रदान की गयी। पराविधिक स्वयं सेवक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी यौनकर्मी को बताया गया कि समाज में यौनकर्मियों को भी पूर्ण सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। यौनकर्मी के साथ किसी भी व्यक्ति या विभाग के द्वारा शिक्षा, रोजगार में किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता है। उक्त शिविर में बताया गया कि यौनकर्मी समुदाय को किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। टी0सी0 आई0 फाउंडेशन की प्रोजेक्ट मैनेजर तमन्ना आफरीन के द्वारा भी यौनकर्मियों सम्बन्धी अधिकारों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर काउंन्सलर गीता श्रीवास्तव, पूनम वर्मा सुपरवाइजर तथा पराविधिक स्वयं सेवक अभिषेक भारद्वाज (ट्रांसजेंडर), पूनम सिंह, पवन कुमार श्रीवास्तव व मनोज कुमार प्रजापति व यौनकर्मी समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## कायस्थ समाज के हरियाली तीज कार्यक्रम में शोभा को मिला तीज क्वीन का ताज




जन एक्सप्रेस। रायबरेली

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला शाखा का हरियाली तीज कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हुआ। रायबरेली शहर के जेल गार्डेन रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के हाल में संपन्न हुए कार्यक्रम में ÷सावन का महीना झुलाए चितचोर÷, ÷कोई आई है हरियाली तीज÷ आदि गीतों पर महिलाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए, जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना किया। जिला अध्यक्ष मीता श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शोभा श्रीवास्तव को हरियाली तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। इस अवसर पर कायस्थ महासभा महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के पारंपरिक आयोजनों से सामाजिक समरसता आती है, जो बदलते परिवेश में अत्यंत आवश्यक है। जिला महामंत्री सारिका श्रीवास्तव ने कहा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये कायस्थ महासभा कृत संकल्पित है। कार्यक्रम अधिकारी कंचन श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज की महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिये विविध प्रकार की प्रतियोगिताएँ आगे भी आयोजित की जायेंगी। कार्यक्रम में पुष्पा श्रीवास्तव, रजनी सक्सेना, सुधा श्रीवास्तव, प्रवीना श्रीवास्तव, अपर्णा वर्मा, अमिता श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, मीनाक्षी श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव आदि महिलाओं ने प्रतिभाग किया। हरियाली तीज के उपलक्ष्य में कायस्थ समाज की महिलाओं ने हरे रंग के पारंपरिक परिधानों एवं सोलह श्रृंगार के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में हुई अनेकों प्रतियोगिताओं के बाद शोभा श्रीवास्तव को जहाँ तीज क्वीन का खिताब प्रदान किया गया वहीं रेनू श्रीवास्तव रनर रहीं, उन्हें द्वितीय स्थान प्रदान किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी कंचन श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली में बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान 2023 का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सहकारी बैंक लि0, रायबरेली के सभागार में बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान 2023 ÷सहकार से समृद्धि÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मनीष साहनी, क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र रहे, मुख्य अतिथि का स्वागत बैंक अध्यक्ष द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में सहकारी समिति की स्वयतता व सुदृढीकरण पर बल देते हुए भारत सरकार की महत्वांकाक्षी योजना सहकार से समृद्धि को अक्षरशः लागू किये जाने तथा उसका लाभ समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुचाने में समितियों के योगदान पर चर्चा की गयी।
बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह जी द्वारा अपने उदबोधन में समितियों को मजबूत किये जाने हेतु भारत सरकार की सहकार से समृद्धि योजना के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसाय को प्रारम्भ किये जाने पर बल दिया गया। समिति स्वयतता एवं मजबूती हेतु सदस्यता महा अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक सदस्य बनाकर समिति के व्यवसाय में वृद्धि किये जाने पर जोर दिया गया।




# भाजपा सरकार में अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार की घटनाओं में हुई वृद्धि: हाफिज रियाज

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हाफिज रियाज ने की। मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन को बूथ तक मजबूत करना होगा, कांग्रेस शासन में कराये गये विकास कार्यो की जानकारी जनता से साझां करें।
अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाफिज रियाज ने कहा कि भाजपा सरकार में अल्पसंख्यको के साथ अत्याचार की घटनाओं में बृद्धि हुई है, उन्होने मुजफ्फरनगर के स्कूल की टीचर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि नफरत की आग अब हमारे बच्चों तक पहुंच गई है, मासूम बच्चे के साथ स्कूल में हुई अमानवीय घटना से देश के अमन पसंद, सैक्युलर लोगों में गुस्सा है। हाफिज रियाज ने राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी का आभार जताया कि कांग्रेस के नेताओं ने इस घटना पर विरोध दर्ज कराकर सरकार को पूरे मामले पर घेरा और तत्काल दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।
कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री ने कहा कि मतदाता सूची का पुर्नरीक्षण का कार्य 23 अक्टूबर से शुरू हो रहा रहा है, अपने बूथों पर सम्पर्क कर मतदाता सूची को ठीक कराकर संगठन को मजबूत करे और 2024 के चुनाव की तैयारियों में जुट जाय। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कोषाध्यक्ष शोऐब अख्तर अंसारी, जिला अल्पसंख्यक सोशल मीडिया प्रभारी फरीद अहमद, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष तनवीर सलीम, इन्द्रजीत सिंह सलूजा, मो. असलम दुर्रानी, जिला अल्पसंख्यक महासचिव अतीक अहमद, जैनुल आबदीन, शकील हाशमी, मो.आरिफ खान, मो. अलताफ, जिला अल्पसंख्यक सचिव हाफिज वसीम, मौलाना शाहिद रजा, सतबीर सिंह मलहोत्रा, बचोले प्रसाद, मुन्नालाल, आरिफ अंसारी, शरीफ मन्सूरी, सुबराती राईनी, आफताब हुसैन, शमीम अहमद, मो. यूनुस, अब्दुल बाकी, शहनवाज खान, मो. इरफान कुरैशी, मो. सुहैल, जिला अल्पसंख्यक ब्लाक अध्यक्ष गण मो. रफीक, मो. अकबर, सिकन्दर बक्श, डा. अफजल अहमद, मो. वहीद, मोईनुद्दीन अन्सारी, मो. अनीस, सुबहान अली, अनवार अली, मो. रमजान, मो. मुकीम नूरी, मो. इरफान, मो. हारिस अख्तर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




## फास्ट फॉरवर्ड

### ओ टी टेक्नीशियन के सहारे चल रही पीएचसी, महीनों से डॉक्टर नदारद



**जन एक्सप्रेस/राजीव कुमार तिवारी/सुल्तानपुर।** स्वास्थ्य सेवाएं कागजों पर दौड़ रही लेकिन जमीन पर हकीकत बिल्कुल अलग है। यहां कुड़वार ब्लॉक अंतर्गत भड़रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आलम ये है कि दो महीने से डॉक्टर अस्पताल में पहुंची ही नहीं। ऐसा यहां प्रतिदिन बैरंग लौट रहे मरीजों का कहना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भड़रा पर तैनात डॉक्टर स्मिता सिंह के लिए कहा जा रहा है कि जुलाई-अगस्त माह में वे स्वास्थ्य केंद्र पर नजर ही नहीं आई। मरीजों का कहना है हम लोग को काफी परेशानी हो रही है। हम अपने गांव से करीब 6 किलोमीटर दूर जाकर इलाज करवाते हैं। मरीज सोनाली का कहना है आज हम दवा लेने के लिए करीब 1 घंटे स्वास्थ्य केंद्र पर बैठे रहे। ओटी टेक्नीशियन अखिलेश विश्वकर्मा ने बताया की दवा खत्म हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़वार से मंगाई जा रही है। मरीज दिशा का कहना है हमको करीब 1 महीने से बुखार आ रहा है, हम खून जांच करवाने के लिए करीब 20 दिन से स्वास्थ्य केंद्र पर आ रहे हैं। यहां पर पता लगता है शालिनी सिंह एलटी हैं जो स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं आती है। ओटी टेक्नीशियन अखिलेश विश्वकर्मा कुड़वार सीएचसी पर तैनात हैं, इनको भड़रा अटैच किया गया है। इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़वार के प्रभारी वेदांत यादव का कहना है मामला संज्ञान में है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ सुल्तानपुर का कहना है डॉक्टरों की लापरवाही पर जल्द कार्यवाही की जाएगी।

### नियमित टीकाकरण, वैक्सीन एवं कोल्ड हैण्डलर का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** नियमित टीकाकरण, वैक्सीन की चैन टूटे ना इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देशन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,प्रशिक्षण शिविर में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लालजी सहित तमाम प्रशिक्षकों के द्वारा फिल्ड में उतरकर काम करने वाले कर्मचारियों को टीकाकरण व चैन सिस्टम को कैसे किया जाए,इसकी बारीकियां बताई गई। इस संबध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया की जिला स्वास्थ समिति द्वारा नियमित टिकाकरण के अंतर्गत वैक्सीन एवं कोल्ड हैण्डलर प्रशिक्षण का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। डॉ. चौधरी ने बताया कि जब कर्मचारी प्रशिक्षित रहेगा तो उसे कार्य करने में दिक्कत नही होगी।

### शिक्षक संघ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट प्रदेशीय आह्वान पर संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित कर ज्ञापन दिया। जिलाधिकारी महोदया की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के द्वारा ज्ञापन लेकर शासन को प्रेषित करने का आश्वासन दिया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश शिक्षक सेवा चयन आयोग 2023 को वापस लेने और माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की धाराओं को यथावत रखने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष शिवनंदन यादव ने बताया कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन विधेयक 2023 के लागू होने से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग की धारा 21, 14, 18 का विलोपन हो गया है जो शिक्षकों को सुरक्षा प्रदान करती थी। शिक्षकों के निलंबन और बर्खास्तगी पर शिक्षकों की सुरक्षा की अंतिम सुनवाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के द्वारा होती है। इस विधेयक के अनुमोदन के पश्चात त्वरित कार्यवाही पर शिक्षक की सेवा समाप्त हो जायेगी। आज माध्यमिक शिक्षक अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। पूरे प्रदेश का शिक्षक आज संघर्ष के लिए के लिए मजबूर हो रहा है। जिलामंत्री डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया की भ्रष्टाचार का दीमक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को चाट रहा है। इस भ्रष्टाचार के दीमक को साफ करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर सिटीजन चार्टर का होना आवश्यक है। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय को सैकड़ो शिक्षक साथियों के साथ सिटिजन चार्टर लागू करने के लिए 9 अगस्त को ज्ञापन दिया गया था किंतु जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक उस पर नहीं की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक भ्रमित हैं कभी आदेश जारी करते हैं कभी अपने आदेश को पलट देते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार का हमारा संगठन विरोध करेगा। उदारवादी निरंकुशता की कार्यालयी शैली जैसे काम से इनकार भी नहीं करेंगे और काम भी नहीं करेंगे को बदलना होगा।लिखित ज्ञापन का जवाब भी लिखित रूप से ही लिया जाएगा। नियोक्ता अंशदान को ब्याज सहित शिक्षक के खाते में हस्तांतरित करना होगा। धरने में प्रतिभाग करने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा,मनोज वर्मा कोषाध्यक्ष, राम प्रकाश, सुरजीत, बबन कुमार, राकेश मौर्या, विनय सिंह, सुनील कुमार,बलराम, सतीश मिश्रा, छोटेलाल,अशोक कुमार,धर्मेंद्र पांडे, रोहन आदि भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिला क्रीड़ा अधिकारी आनंद बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम अमेठी प्रीति तिवारी,थानाध्यक्ष कोतवाली अमेठी अरुण द्विवेदी द्वारा जिला स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी व जूनियर बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता हेतु चौदह तथा फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु आठ टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर शमीम अहमद,मो.मुशर्रफ़ खा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# 'दुर्घटना रोकने के लिए सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

### केन्द्रिकृत साफ्टवेयर बनाकर दुर्घटनाओं की करें त्वरित समीक्षाः दयाशंकर

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कानपुर स्थित प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश में होने वाली दुर्घटनाओं की समीक्षा में पाया गया कि 35.15 प्रतिशत दुर्घटनायें, मोटर साइकिल, साइकिल, पैदल व्यक्ति, जानवर के अचानक आकर टकराने से, 18.63 प्रतिशत दुर्घटनायें पीछे से टकराने से,18.41 प्रतिशत दुर्घटनायें दाहिनें-बायें मुड़ने, गलत लेन पर चलने, असुरक्षित लेन परिवर्तन, लापरवाही पूर्वक चलने, खतरनाक ड्राइविंग, अनुचित मोड़, ट्रैफिक सिगनल से, 17.25 प्रतिशत दुर्घटनायें, आमने-सामने टकराने से प्रमुख वजह सामने आयी। समीक्षा में पाया गया कि 41.14 प्रतिशत दुर्घटनायें सुबह 06 बजे से लेकर दोपहर 03 बजे तक , 17.61 प्रतिशत दुर्घटनायें दिन में 12 बजे से 03 बजे की बीच होती हैं।परिवहन निगम द्वारा दुर्घटनाओं की त्वरित जानकारी हेतु आईआरएस बनाया गया है। जनवरी 2022 से जुलाई 2023 तक 19 माह में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की प्रशिक्षण संस्थान द्वारा समीक्षा की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण चिन्हित किये गये।परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निगम बसों के चालकों को और अधिक प्रशिक्षित किये जाने की आवश्यकता है। चालकों को मोटर साइकिल, साइकिल, पैदल व्यक्ति एवं जानवर की गतिविधियों को भांपते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता है, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोका जा सके और इसमें कमी लाई जा सके। परिवहन मंत्री ने आईआरएस व्हाट्सअप ग्रुप पर आने वाले दुर्घटनाओं की साफ्टवेयर के माध्यम से त्वरित समीक्षा करने के निर्देश दिये। इसके लिए केन्द्रियकृत साफ्टवेयर बनाया जाय।

# सूचना निदेशालय में लघु फिल्म निर्माण को लेकर हुई कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

### लघु फिल्मों के जरिये सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएंः संजय प्रसाद

प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सभागार में गुणवत्तापरक लघु फिल्म निर्माण के सम्बन्ध में कार्यशाला का शुभारम्भ किया। उन्होंने कार्यशाला में आये फिल्म निर्माण विशेषज्ञों द्वारा अपने अनुभव शेयर करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक लघु फिल्म बनाने के लिए प्लान के तहत कार्य करें, जिससे कि लघु फिल्म को बेहतर से बेहतर बनाया जा सके। फिल्म बनाना एक कला है, जिसके लिए निरन्तर कार्य कर इसे और निखारा जा सकता है। प्रदेश सरकार की योजनाओं को अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने में लघु फिल्म महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। लघु फिल्मों मे सरकार की योजनाओं एवं उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व को लोगो तक पहुंचाने का कार्य किया जाय। लघु फिल्मों में स्क्रिप्ट राइटिंग का महत्वपूर्ण रोल होता है। लघु फिल्मों के कार्य में लगे विशेषज्ञ अपने प्रतिभा को एक अलग स्तर पर ले जाय, जिससे लोगो को इसका लाभ मिल सके। कार्यशाला में सम्बोधित करते हुए निदेशक सूचना शिशिर ने कहा कि सूचना विभाग विभिन्न क्षेत्रों में लघु फिल्म बनाने का अवसर प्रदान करता है।उन्होंने लघु फिल्म बनाने वाले लोगों से कहा कि अच्छी फिल्मे बनाये, हमेशा सहयोग के लिए विभाग तत्पर रहेगा। लघु फिल्म के लिए सटीक स्क्रिप्ट, उपयुक्त स्थान, संगीत, पटकथा, और अभिनय महत्वपूर्ण होती हैं। कार्यशाला में आये फिल्म निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों ने व लघु निर्माण फिल्म के सभी पहलूओं पर विस्तार से चर्चा की।

# वाराणसी स्टेशन पर यार्ड री-मॉडलिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/आंशिक निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन/विनियमन

रेलवे द्वारा आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से लखनऊ मंडल के वाराणसी जं. रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग के संबंध में प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 01.09.2023 से 15.10.2023 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे, परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित रहेंगीः–

## मेल/एक्सप्रेस/मेमू रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | निरस्तीकरण की तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 13553 आसनसोल – वाराणसी मेमू एक्सप्रेस | 31.08.23 से 15.10.23 |
| 13554 वाराणसी – आसनसोल मेमू एक्सप्रेस | 01.09.23 से 16.10.23 |
| 22323 कोलकाता – गाजीपुर सिटी शब्दभेदी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 31.08.23 से 12.10.23 |
| 22324 गाजीपुर सिटी – कोलकाता शब्दभेदी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01.09.23 से 13.10.23 |
| 01748 बनारस – भटनी एक्सप्रेस अनारक्षित | 01.09.23 से 15.10.23 |
| 05437 / 05438 गाजीपुर सिटी – प्रयागराज संगम – गाजीपुर सिटी मेमू एक्सप्रेस अनारक्षित | 01.09.23 से 15.10.23 |
| 22417 वाराणसी – नई दिल्ली महामना एक्सप्रेस | 12.09.23 से 14.10.23 |
| 22418 नई दिल्ली – वाराणसी महामना एक्सप्रेस | 11.09.23 से 13.10.23 |
| 20903 एकता नगर – वाराणसी महामना एक्सप्रेस | 12.09.23 से 10.10.23 |
| 20904 वाराणसी – एकता नगर महामना एक्सप्रेस | 14.09.23 से 12.10.23 |
| 22687 मैसूरू – वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 12.09.23 से 12.10.23 |
| 22688 वाराणसी – मैसूरू सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 14.09.23 से 14.10.23 |
| 12355 पटना – जम्मू तवी अर्चना एक्सप्रेस | 09.09.23 से 14.10.23 |
| 12356 जम्मू तवी – पटना अर्चना एक्सप्रेस | 10.09.23 से 15.10.23 |
| 13257 दानापुर – आनन्द विहार टर्मिनल जन साधारण एक्सप्रेस | 11.09.23 से 15.10.23 |
| 13258 आनन्द विहार टर्मिनल – दानापुर जन साधारण एक्सप्रेस | 12.09.23 से 16.10.23 |
| 13429 मालदा टाउन – आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस | 15.09.23 से 13.10.23 |
| 13430 आनन्द विहार टर्मिनल – मालदा टाउन साप्ताहिक एक्सप्रेस | 16.09.23 से 14.10.23 |
| 14003 मालदा टाउन – नई दिल्ली एक्सप्रेस | 12.09.23 से 14.10.23 |
| 14004 नई दिल्ली – मालदा टाउन एक्सप्रेस | 10.09.23 से 12.10.23 |
| 14523 बरौनी – अम्बाला हरीहर एक्सप्रेस | 11.09.23 से 16.10.23 |
| 14524 अम्बाला – बरौनी हरीहर एक्सप्रेस | 09.09.23 से 14.10.23 |
| 15021 शालिमार – गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस | 12.09.23 से 10.10.23 |
| 15022 गोरखपुर – शालिमार साप्ताहिक एक्सप्रेस | 11.09.23 से 09.10.23 |
| 15231 बरौनी – गोंदिया एक्सप्रेस | 11.09.23 से 15.10.23 |
| 15232 गोंदिया – बरौनी एक्सप्रेस | 12.09.23 से 16.10.23 |
| 15635 ओखा – गुवाहाटी द्वारका एक्सप्रेस | 15.09.23 से 13.10.23 |
| 15636 गुवाहाटी – ओखा द्वारका एक्सप्रेस | 11.09.23 से 09.10.23 |
| 15667 गांधीधाम – कामाख्या एक्सप्रेस | 23.09.23 से 14.10.23 |
| 15668 कामाख्या – गांधीधाम एक्सप्रेस | 20.09.23 से 11.10.23 |
| 09065 सूरत – छपरा क्लोन स्पेशल | 11.09.23 से 09.10.23 |
| 09066 छपरा – सूरत क्लोन स्पेशल | 13.09.23 से 11.10.23 |
| 15053 छपरा – लखनऊ एक्सप्रेस | 20.09.23 से 15.10.23 |
| 15054 लखनऊ – छपरा एक्सप्रेस | 19.09.23 से 14.10.23 |
| 18103 टाटानगर – अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | 18.09.23 से 11.10.23 |
| 18104 अमृतसर – टाटानगर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस | 20.09.23 से 13.10.23 |
| 18311 सम्बलपुर – बनारस एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) | 20.09.23 से 11.10.23 |
| 18312 बनारस – सम्बलपुर एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) | 21.09.23 से 12.10.23 |
| 18611 राँची – बनारस एक्सप्रेस | 19.09.23 से 14.10.23 |
| 18612 बनारस – राँची एक्सप्रेस | 20.09.23 से 15.10.23 |
| 19421 अहमदाबाद – पटना एक्सप्रेस | 24.09.23 से 08.10.23 |
| 19422 पटना – अहमदाबाद एक्सप्रेस | 26.09.23 से 10.10.23 |
| 19669 उदयपुर सिटी – पाटलिपुत्र हमसफर एक्सप्रेस | 20.09.23 से 11.10.23 |
| 19670 पाटलिपुत्र – उदयपुर सिटी हमसफर एक्सप्रेस | 22.09.23 से 13.10.23 |
| 22355 पाटलिपुत्र – चण्डीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 20.09.23 से 11.10.23 |
| 22356 चण्डीगढ – पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 21.09.23 से 12.10.23 |
| 17323 हुब्बल्लि – बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस | 22.09.23 से 13.10.23 |
| 17324 बनारस – हुब्बल्लि साप्ताहिक एक्सप्रेस | 24.09.23 से 15.10.23 |
| 03649 / 03650 बक्सर – बनारस –बक्सर मेमू स्पेशल | 20.09.23 से 15.10.23 |
| 01025 दादर – बलिया स्पेशल | 20.09.23 से 13.10.23 |
| 01026 बलिया – दादर स्पेशल | 22.09.23 से 15.10.23 |
| 01027 दादर – गोरखपुर स्पेशल | 19.09.23 से 14.10.23 |
| 01028 गोरखपुर – दादर स्पेशल | 21.09.23 से 16.10.23 |
| 07651 जालना – छपरा साप्ताहिक स्पेशल | 20.09.23 से 11.10.23 |
| 07652 छपरा – जालना साप्ताहिक स्पेशल | 22.09.23 से 13.10.23 |
| 08587 बनारस – विशाखापट्नम ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 21.09.23 से 12.10.23 |
| 08588 विशाखापट्नम – बनारस ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 20.09.23 से 11.10.23 |
| 09061 मुम्बई सेंट्रल – बरौनी ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 19.09.23 से 10.10.23 |
| 09062 बरौनी – मुम्बई सेंट्रल ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 22.09.23 से 13.10.23 |
| 09417 अहमदाबाद – पटना ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 18.09.23 से 09.10.23 |
| 09418 पटना – अहमदाबाद ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 19.09.23 से 10.10.23 |
| 09525 ओखा – नाहरलगुन ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 19.09.23 से 10.10.23 |
| 09526 नाहरलगुन – ओखा ग्रीष्मकालीन स्पेशल | 23.09.23 से 14.10.23 |
| 12357 कोलकाता – अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस | 03.10.23 से 14.10.23 |
| 12358 अमृतसर – कोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस | 05.10.23 से 16.10.23 |
| 12371 हावड़ा – बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 02.10.23 एवं 09.10.23 |
| 12372 बीकानेर – हावड़ा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 05.10.23 एवं 12.10.23 |
| 12353 हावड़ा – लाल कुआं साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 06.10.23 एवं 13.10.23 |
| 12354 लाल कुआं – हावड़ा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 07.10.23 एवं 14.10.23 |
| 15107 / 15108 बनारस – लखनऊ – बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस | 03.10.23 से 06.10.23 |
| 15119 बनारस – देहरादून जनता एक्सप्रेस | 01.10.23 से 06.10.23 |
| 15120 देहरादून – बनारस जनता एक्सप्रेस | 02.10.23 से 07.10.23 |
| 15127 बनारस – नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 01.10.23 से 06.10.23 |
| 15128 नई दिल्ली – बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 02.10.23 से 07.10.23 |
| 22541 बनारस – आनन्द विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस | 01.10.23 एवं 05.10.23 |
| 22542 आनन्द विहार टर्मिनल – बनारस गरीब रथ एक्सप्रेस | 02.10.23 एवं 06.10.23 |
| 05117 / 05118 बनारस – प्रतापगढ़ – बनारस स्पेशल एक्सप्रेस | 03.10.23 से 06.10.23 |

## पार्सल रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | निरस्तीकरण की तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 00901 सूरत - नारायणपुर अंनत पार्सल स्पेशल | 15.09.2023 से 13.10.2023 |
| 00902 नारायणपुर अंनत - सूरत पार्सल स्पेशल | 17.09.2023 से 15.10.2023 |
| 00465 भांगा - सानेहवाल पार्सल स्पेशल | 24.09.2023 से 15.10.2023 |
| 00466 सानेहवाल - भांगा पार्सल स्पेशल | 20.09.2023 से 11.10.2023 |
| 00469 हावड़ा - नई दिल्ली पार्सल स्पेशल | 26.09.2023 से 17.10.2023 |
| 00470 नई दिल्ली - हावड़ा पार्सल स्पेशल | 24.09.2023 से 15.10.2023 |
| 00830 आजरा - तुगलकाबाद पार्सल स्पेशल | 22.09.2023 से 13.10.2023 |
| 00831 तुगलकाबाद - आजरा पार्सल स्पेशल | 26.09.2023 से 17.10.2023 |

## रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14017 रक्सौल–आनन्द विहार(ट.) सदभावना एक्सप्रेस | वाया अतरौली रोड–जौनपुर जं.–शाहगंज | 31.08.2023 से 12.10.2023 |
| 14018 आनन्द विहार(ट.)–रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस | | 06.09.2023 से 11.10.2023 |
| 14007 रक्सौल–आनन्द विहार(ट.) सदभावना एक्सप्रेस | वाया अतरौली रोड–जौनपुर जं.–जफराबाद जं.–सुलतानपुर जं. | 01.09.2023 से 13.10.2023 |
| 14008 आनन्द विहार(ट.)–रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस | | 31.08.2023 से 12.10.2023 |
| 14015 रक्सौल–आनन्द विहार(ट.) सदभावना एक्सप्रेस | वाया अतरौली रोड–जौनपुर जं.–जफराबाद जं.–सुलतानपुर जं. | 03.09.2023 से 10.10.2023 |
| 14016 आनन्द विहार(ट.)–रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस | | 01.09.2023 से 13.10.2023 |
| 19305 डॉ० अम्बेडकर नगर–कामाख्या एक्सप्रेस | वाया अतरौली रोड–जौनपुर जं.–जफराबाद जं.–सुलतानपुर जं. | 31.08.2023 से 12.10.2023 |
| 19306 कामाख्या–डॉ० अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस | | 03.09.2023 से 08.10.2023 |
| 18201 दुर्ग–नौतनवाँ एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–सुलतानपुर जं.–अयोध्या कैंट–अयोध्या–नौतनवाँ | 01.09.2023 से 13.10.2023 |
| 18202 नौतनवाँ–दुर्ग एक्सप्रेस | | 01.09.2023 से 13.10.2023 |
| 19091 बांद्रा(टर्मि.)–गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस | वाया जिवनाथपुर–वाराणसी जं.–जौनपुर जं.–औंड़िहार जं. | 04.09.2023 से 18.09.2023 |
| 19092 गोरखपुर–बांद्रा(टर्मि.) हमसफर एक्सप्रेस | | 05.09.2023 से 19.09.2023 |
| 19489 अहमदाबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस | वाया जिवनाथपुर–वाराणसी जं.–जौनपुर जं.–औंड़िहार जं. | 31.08.2023 से 17.10.2023 |
| 19490 गोरखपुर–अहमदाबाद एक्सप्रेस | | 31.08.2023 से 18.10.2023 |
| 13005 हावड़ा–अमृतसर मेल | वाया पं. दीन दयाल उपध्याय जं.–वाराणसी जं.–सुलतानपुर जं.–लखनऊ | 31.08.2023 |
| 15017 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–गोरखपुर एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 31.08.2023 |
| 15018 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) एक्सप्रेस | | 01.09.2023 |
| 15159 छपरा जं.–दुर्ग जं. सारनाथ एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 01.09.2023 |
| 15933 न्यू तिनसुकिया जं.–अमृतसर एक्सप्रेस | वाया अतरौली रोड–जौनपुर जं.–शाहगंज | 12.09.2023 से 10.10.2023 |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस | | 15.09.2023 से 13.10.2023 |
| 19045 सूरत–छपरा जं. ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–जंघई जं.–जफराबाद जं.–शाहगंज | 11.09.2023 से 15.10.2023 |
| 19046 छपरा जं.–सूरत ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | | 12.09.2023 से 15.10.2023 |
| 19167 अहमदाबाद–वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस | वाया शाहगंज–मऊ | 11.09.2023 से 14.10.2023 |
| 19168 वाराणसी सिटी–अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस | | 12.09.2023 से 15.10.2023 |
| 12165 लोकमान्य तिलक(ट.)–गोरखपुर एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 11.09.2023 से 13.10.2023 |
| 12166 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक(ट.) एक्सप्रेस | | 12.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12669 चेन्नै सेन्ट्रल–छपरा जं. गंगा कावेरी एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 11.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12670 छपरा जं.–चेन्नै सेन्ट्रल गंगा कावेरी एक्सप्रेस | | 11.09.2023 से 11.10.2023 |
| 11081 लोकमान्य तिलक(ट.)–गोरखपुर एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 13.09.2023 से 11.10.2023 |
| 11082 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक(ट.) एक्सप्रेस | | 15.09.2023 से 13.10.2023 |
| 12791 सिकंदराबाद–दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज छिवकी जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपध्याय जं. | 10.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12792 दानापुर–सिकंदराबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस | | 11.09.2023 से 15.10.2023 |
| 20503 डिब्रुगढ़–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | वाया छपरा जं.–गोरखपुर जं.–बाराबंकी जं.–लखनऊ | 03.10.2023 से 14.10.2023 |
| 20504 नई दिल्ली–डिब्रुगढ राजधानी एक्सप्रेस | | 04.10.2023 से 15.10.2023 |
| 20505 डिब्रुगढ़–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | वाया छपरा जं.–गोरखपुर जं.–बाराबंकी जं.–लखनऊ | 03.10.2023 से 14.10.2023 |
| 20506 नई दिल्ली–डिब्रुगढ राजधानी एक्सप्रेस | | 04.10.2023 से 15.10.2023 |
| 14260 लखनऊ–गया जं. एकात्मता एक्सप्रेस | वाया सुलतानपुर जं.–वाराणसी जं. | 07.10.2023 एवं 14.10.2023 |
| 14259 गया जं.–लखनऊ एकात्मता एक्सप्रेस | | 08.10.2023 एवं 15.10.2023 |
| 19321 इन्दौर–पटना एक्सप्रेस | वाया कानपुर सेन्ट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपध्याय जं. | 23.09.2023 से 14.10.2023 |
| 19322 पटना–इन्दौर एक्सप्रेस | | 25.09.2023 से 09.10.2023 |
| 19313 इन्दौर–पटना एक्सप्रेस | वाया कानपुर सेन्ट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपध्याय जं. | 20.09.2023 से 11.10.2023 |
| 19314 पटना–इन्दौर एक्सप्रेस | | 20.09.2023 से 13.10.2023 |
| 13237 पटना–कोटा एक्सप्रेस | वाया कानपुर सेन्ट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपध्याय जं. | 23.09.2023 से 15.10.2023 |
| 13238 कोटा–पटना एक्सप्रेस | | 21.09.2023 से 13.10.2023 |
| 13239 पटना–कोटा एक्सप्रेस | वाया कानपुर सेन्ट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपध्याय जं. | 20.09.2023 से 13.10.2023 |
| 13240 कोटा–पटना एक्सप्रेस | | 20.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12875 पुरी–आनन्द विहार(ट.) नीलाचल एक्सप्रेस | वाया कानपुर सेन्ट्रल–प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपध्याय जं. | 12.09.2023 से 15.10.2023 |
| 12876 आनन्द विहार(ट.)–पुरी नीलाचल एक्सप्रेस | | |
| 12381 हावड़ा–नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–मिर्जापुर–पं. दीन दयाल उपध्याय जं. | 20.09.2023 से 15.10.2023 |
| 12382 नई दिल्ली–हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस | | 22.09.2023 से 13.10.2023 |
| 12167 लोकमान्य तिलक(ट.)–बनारस सुपरफास्ट एक्स. | वाया मानिकपुर जं.–प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग | 18.09.2023 से 13.10.2023 |
| 12168 बनारस–लोकमान्य तिलक(ट.) सुपरफास्ट एक्स. | | 20.09.2023 से 15.10.2023 |
| 22177 छत्रपति शिवाजी महाराज(ट.)–वाराणसी जं. महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | वाया मानिकपुर जं.–प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 22178 वाराणसी जं.–छत्रपति शिवाजी महाराज(ट.) महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | | 20.09.2023 से 15.10.2023 |
| 11061 लोकमान्य तिलक(ट.)–जयनगर एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–जंघई जं.–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 19.09.2023 |
| 12791 सिकंदराबाद–दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–जंघई जं.–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 19.09.2023 |
| 15017 लोकमान्य तिलक(ट.)–गोरखपुर काशी एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 15018 गोरखपुर–लोकमान्य तिलक(ट.) काशी एक्सप्रेस | | 20.09.2023 से 15.10.2023 |
| 15159 छपरा जं.–दुर्ग जं. सारनाथ एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी जं.–वाराणसी सिटी | 20.09.2023 से 15.10.2023 |
| 15160 दुर्ग जं.–छपरा जं. सारनाथ एक्सप्रेस | | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12327 हावड़ा जं.–देहरादून उपासना एक्सप्रेस | वाया किऊल–बरौनी जं.–हाजीपुर जं.–छपरा जं.–गोरखपुर जं.–बराबंकी जं.–लखनऊ | 19.09.2023 से 13.10.2023 |
| 12328 देहरादून–हावड़ा जं. उपासना एक्सप्रेस | | 20.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12369 हावड़ा जं.–देहरादून कुंभ एक्सप्रेस | वाया किऊल–बरौनी जं.–हाजीपुर जं.–छपरा जं.–गोरखपुर जं.–बराबंकी जं.–लखनऊ | 20.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12370 देहरादून–हावड़ा जं. कुंभ एक्सप्रेस | | 19.09.2023 से 13.10.2023 |
| 13005 हावड़ा जं.–अमृतसर मेल | वाया किऊल–बरौनी जं.–हाजीपुर जं.–छपरा जं.–गोरखपुर जं.–बाराबंकी जं.–लखनऊ | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 13006 अमृतसर–हावड़ा जं. मेल | | |
| 13009 हावड़ा जं.–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाया आसनसोल जं.–बरौनी जं.–हाजीपुर जं.–छपरा जं.–गोरखपुर जं.–अयोध्या | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 13167 कोलकाता–आगरा कैंट एक्सप्रेस | वाया पं. दीन दयाल उपध्याय जं.–प्रयागराज जं.–कानपुर सेन्ट्रल | 21.09.2023 से 12.10.2023 |
| 13168 आगरा कैंट–कोलकाता एक्सप्रेस | | 23.09.2023 से 14.10.2023 |
| 13413 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्सप्रेस | वाया पं. दीन दयाल उपध्याय जं.–प्रयागराज जं.–कानपुर सेन्ट्रल | 21.09.2023 से 14.10.2023 |
| 13414 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | | 20.09.2023 से 14.10.2023 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | वाया पं. दीन दयाल उपध्याय जं.–प्रयागराज जं.–कानपुर सेन्ट्रल | 19.09.2023 से 13.10.2023 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | | 21.09.2023 से 13.10.2023 |
| 19091 बान्द्रा टर्मिनस–गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयाग जं.–जंघई जं.–जफराबाद जं.–जौनपुर जं.–औंड़िहार जं. | 25.09.2023 से 09.10.2023 |
| 19092 गोरखपुर–बान्द्रा टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस | वाया औंड़िहार जं.–जौनपुर जं.–जफराबाद जं.–जूनागढ़–प्रयाग जं.–प्रयागराज जं. | 26.09.2023 से 10.10.2023 |
| 19489 अहमदाबाद–गोरखपुर एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–प्रयाग जं.– जंघई जं.–जफराबाद जं.– जौनपुर जं–औंड़िहार जं. | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 19490 गोरखपुर–अहमदाबाद एक्सप्रेस | वाया औंड़िहार जं.–जौनपुर जं.–जफराबाद जं.–जूनागढ़–प्रयाग जं.–प्रयागराज जं. | 20.09.2023 से 15.10.2023 |
| 12333 हावड़ा जं.–प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस | वाया किऊल–बरौनी जं.–हाजीपुर जं.–छपरा जं.–बलिया–वाराणसी सिटी–वाराणसी जं.–बनारस | 19.09.2023 से 14.10.2023 |
| 12334 प्रयागराज रामबाग–हावड़ा जं. विभूति एक्सप्रेस | | 20.09.2023 से 15.10.2023 |
| 20415 वाराणसी जं.–इंदौर जं. काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | वाया सुलतानपुर जं.–प्रतापगढ़ जं.–प्रयागराज जं. | 10.09.2023 से 15.10.2023 |
| 20416 इंदौर जं.–वाराणसी जं. काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | | 11.09.2023 से 09.10.2023 |
| 11071 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–बनारस कामायनी एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–ज्ञानपुर रोड | 02.10.2023 से 05.10.2023 |
| 11072 बनारस–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) कामायनी एक्सप्रेस | | 03.10.2023 से 06.10.2023 |
| 11107 ग्वालियर–बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस | वाया प्रयागराज जं.–ज्ञानपुर रोड | 20.09.2023 एवं 02.10.2023 से 05.10.2023 |
| 11108 बनारस–ग्वालियर बुंदेलखंड एक्सप्रेस | | 03.10.2023 से 06.10.2023 |

## रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/से प्रारंभ होगी | तिथि (यों) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 14204/14203 लखनऊ - वाराणसी–लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस | लोहता पर/से | 20.09.23 से 15.10.23 |
| 12237 वाराणसी - जम्मू तवी एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | 11.09.23 से 16.10.23 |
| 12238 जम्मू तवी - वाराणसी एक्सप्रेस | सुलतानपुर पर | 09.09.23 से 14.10.23 |
| 20413 वाराणसी - इंदौर काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | 12.09.23 से 12.10.23 |
| 20414 इंदौर - वाराणसी काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर पर | 08.09.23 से 13.10.23 |
| 20415 वाराणसी - इंदौर काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | 10.09.23 से 15.10.23 |
| 20416 इंदौर - वाराणसी काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | सुलतानपुर पर | 11.09.23 से 09.10.23 |
| 19407 अहमदाबाद - वाराणसी एक्सप्रेस | सुलतानपुर पर | 14.09.23 से 12.10.23 |
| 19408 वाराणसी - अहमदाबाद एक्सप्रेस | सुलतानपुर से | 16.09.23 से 14.10.23 |
| 20401 वाराणसी - लखनऊ सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस | शिवपुर से | 11.09.23 से 16.10.23 |
| 20402 लखनऊ - वाराणसी सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस | शिवपुर पर | 10.09.23 से 15.10.23 |
| 14854 जोधपुर - वाराणसी मरूधर एक्सप्रेस (वाया अयोध्या कैंट) | लखनऊ पर | 10.09.23 से 14.10.23 |
| 14853 वाराणसी - जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस (वाया अयोध्या कैंट) | लखनऊ से | 11.09.23 से 15.10.23 |
| 14864 जोधपुर - वाराणसी मरूधर एक्सप्रेस (वाया सुलतानपुर) | लखनऊ पर | 10.09.23 से 14.10.23 |
| 14863 वाराणसी - जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस (वाया सुलतानपुर) | लखनऊ से | 11.09.23 से 15.10.23 |
| 14866 जोधपुर - वाराणसी मरूधर एक्सप्रेस (वाया प्रतापगढ) | लखनऊ पर | 10.09.23 से 14.10.23 |
| 14865 वाराणसी - जोधपुर मरूधर एक्सप्रेस (वाया प्रतापगढ) | लखनऊ सें | 11.09.23 से 15.10.23 |
| 22436/22435 नई दिल्ली - वाराणसी – नई दिल्ली वंदे भारत | बनारस पर/से | 20.09.23 से 15.10.23 |
| 09183 मुम्बई सेंट्रल - बनारस स्पेशल | प्रतापगढ़ पर | 04.10.2023 |
| 09184 बनारस - मुम्बई सेंट्रल स्पेशल | प्रतापगढ़ से | 06.10.2023 |
| 22177 छत्रपति शिवाजी महाराज(ट.) - वाराणसी महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | बनारस पर | 19.09.23 से 14.10.23 |
| 22178 वाराणसी - छत्रपति शिवाजी महाराज(ट.) महानगरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | बनारस से | 20.09.23 से 15.10.23 |

**नोट** : गाड़ी 14213 / 14214 का मार्ग परिवर्तित कर वाया लोहता–जंघई जं.–मड़ियाहूँ–जफराबाद जं.–जौनपुर जं. के रास्ते चलाया जायेगा व इस गाड़ियों का लोहता स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेशन / शार्ट ओरिजिनेशन होगा इसी प्रकार 14204 / 14203 का टर्मिनेशन / शार्ट ओरिजिनेशन लोहता स्टेशन पर होगा जिसका विवरण निम्न है

1. 14214 परिवर्तित वाया जौनपुर जं.–जफराबाद जं.–मड़ियाहूँ–जंघई जं –लोहता का लोहता स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेशन होगा जिसकी अवधि– 20.09.2023 से 15.10.2023 होगी
2. 14213 परिवर्तित वाया लोहता–जंघई जं–मड़ियाहूँ–जफराबाद जं.–जौनपुर जं का लोहता से शार्ट ओरिजिनेशन होगा जिसकी अवधि– 20.09.2023 से 15.10.2023 होगी

*गाड़ी संख्या 04108 / 04107 सुल्तानपुर जं. से शार्ट टर्मिनेशन / शार्ट ओरिजिनेशन की जाएगी एवं गाड़ी संख्या 20402 / 20401 को शिवपुर से दिनांक 10.09.2023 से 16.10.2023 तक शार्ट टर्मिनेशन / शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा।

*काशी एवं शिवपुर स्टेशनों से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22317 / 22318, 12325 / 12326, 12317 / 12318, 13151 / 13152, 12391 / 12392, 19051 / 19052, 13307 / 13308 एवं 15623 / 15624 जिनका ठहराव वाराणसी जं. पर था वे गाड़ियाँ दिनांक 06.10.2023 से 15.10.2023 तक काशी एवं शिवपुर स्टेशनों पर 5 मिनट का ठहराव होगा।

## रेलगाड़ियों का विनियमन/पुनर्निर्धारण

- रेलगाड़ी सं. 12370 देहरादून - हावड़ा कुंभ एक्स. दिनांक 10.09.2023 को मार्ग में 180 मिनट विनियमित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 13238 कोटा - पटना एक्सप्रेस (वाया आगरा कैंट) दिनांक 10.09.2023 को मार्ग में 90 मिनट विनियमित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 13484 दिल्ली - मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस (वाया अयोध्या कैंट) दिनांक 10.09.2023 को मार्ग में 70 मिनट विनियमित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12391 राजगीर - नई दिल्ली श्रमजीवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस दिनांक 20.09.2023 से 15.10.2023 तक राजगीर स्टेशन से 180 मिनट देर से प्रस्थान करेगी।
- रेलगाड़ी संख्या 12331 हावड़ा - जम्मू तवी हिमगिरी एक्सप्रेस दिनांक 19.09.2023 से 14.10.2023 को मार्ग में 180 मिनट विनियमित की जाएगी।
- रेलगाड़ी संख्या 15127 बनारस - नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस दिनांक 21.09.2023 को बनारस स्टेशन से 15:10 बजे प्रस्थान करेगी।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# शारदीय नवरात्र, न्यायालय और हिंसा से मुक्ति की उम्मीद

**एक ही यह पूजा न जाने कितने परिवारों के लिए वर्ष भर के रोजगार की व्यवस्था कर देती है। कितने प्रकार की भौतिक सामग्री मां भगवती के सिंगार, उनके आह्वान से लेकर विसर्जन तक लगती हैं। उनका निर्माण करनेवाले लोग, संस्थान किसी जाति, मत, पंथ, मजहब या धर्म देखकर इन्हें तैयार नहीं करते और न ही बाजार में बेचने के लिए जाते हैं। इस एक त्योहार का ही अर्थ चिंतन बहुत गहरा है जो समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कहीं न कहीं आर्थिक सबलता देता है। फिर विशेषकर दुर्गा पूजा तो पश्चिम बंगाल समेत संपूर्ण भू-भाग के लिए विशेष महत्व रखती है।**

*कलकत्ता हाई कोर्ट का शारदीय नवरात्र स्थापना स्थान को लेकर जिस प्रकार का निर्णय आया है उसने आज एक नई उम्मीद जगाई है। भारत जैसे सर्वपंथ सद्भाव वाले देश में अनेक घटनाएं अब तक घट चुकी हैं, जब मजहब, पंथ, रिलीजन की आड़ लेकर न जाने कितनी ही हिंसा, तोड़फोड़, आगजनी जैसी वारदातें और अब तक न जाने कितने बेगुनाहों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है । पश्चिम बंगाल जैसी सरकार जोकि कई बार अपने निर्णयों से यह साबित कर चुकी है कि उसका झुकाव एक धर्म विशेष के प्रति है। वह जब चाहती है बहुसंख्यक समाज के धार्मिक आयोजनों को होने से रोक देती है, उनके स्थान बदल देती है। हां, जिसे छूट देनी होती है उसे छूट जरूर वह दे देती है और जिन्हें नहीं देनी है उसके लिए तमाम नियम आड़े आ जाते हैं। अब तक इन परिस्थितियों में यह कई बार हुआ है कि न्याय पाने के लिए बहुसंख्यक समाज को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी है। इस बार यह अच्छा हुआ है कि कलकत्ता न्यायालय ने शारदीय नवरात्र आरंभ होने से पूर्व ही अपने निर्णय में यह स्पष्ट कर दिया कि दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला एक व्यापक धर्मनिरपेक्ष माध्यम भी है। ऐसे में उम्मीद करें, शारदीय नवरात्र के सभी दिनों में पश्चिम बंगाल में न कहीं आगजनी होगी और न कहीं पत्थर फेंके जाएंगे। वस्तुत कलकत्ता उच्च न्यायालय में उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की एकल पीठ ने एक सामुदायिक दुर्गा पूजा आयोजक की याचिका पर सुनवाई करते हुए की है । इसमें राज्य सरकार के स्वामित्व वाली भूमि पर पूजा आयोजित करने की अनुमति मांगी गई थी। क्योंकि राज्य-नियंत्रित न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी के नियंत्रण वाली संपत्ति, न्यू टाउन फेयर ग्राउंड में नवरात्र पूजा आयोजित करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। अथॉरिटी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के अंतर्गत कानून का संदर्भ देकर मना किया था, जोकि सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक आयोजनों की अनुमति नहीं देता है। स्वभाविक है कि जब कोई रास्ता नहीं बचा तो जिन्हें मां दुर्गा की पूजा करनी है, उन्हें उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। वस्तुत यहां न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी के इस तर्क को पूरी तरह से नकारा जोकि इस प्रकरण में संविधानिक अनुच्छेद 25 की आड़ में स्थान नहीं देना चाहता था। वास्तव में यदि यह लागू होता तो फिर हर पार्क, सड़क, यहां तक कि अन्य खुले स्थान, मेला मैदान सभी ज्यादातर शासकीय अथवा अर्धशासकीय ही होते हैं, ऐसे तो धर्म एवं सामाजिक सद्भाव संबंधी आयोजन ही देश में बंद हो जाएंगे? बड़ा प्रश्न है, क्या भारतीय संविधान यह सभी सामाजिक गतिविधियां सार्वजनिक स्थान के नाम पर बंद कर देने की अनुमति देता है? इसलिए इस मामले में न्यायमूर्ति भट्टाचार्य द्वारा दिया गया यह निर्णय बहुत मायने रखता है। उन्होंने सीधे तौर पर कह दिया है कि दुर्गा पूजा को सिर्फ एक धार्मिक आयोजन के रूप में पहचानना अनुचित होगा। दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला एक व्यापक धर्मनिरपेक्ष माध्यम भी है। न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी अनुमति देने से मना करना उचित नहीं है, क्योंकि पूजा के लिए प्रस्तावित भूमि का भूखंड सड़क, फुटपाथ या खेल के मैदान की श्रेणी में नहीं आता है। प्रत्येक भारतीय नागरिक को बिना हथियारों के शांतिपूर्ण सभा करने और भारतीय क्षेत्र के भीतर स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार है। इस अधिकार की गारंटी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के द्वारा देश के प्रत्येक नागरिक को दी गई है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली।**

# हॉकी के जादूगर थे मेजर ध्यानचंद



योगेश कुमार गोयल

**भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी।**

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान् खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था। 1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए। दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरूबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है। भारत में उनके जन्मदिन को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' घोषित किया गया है।



**भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है।**

## एक्सप्रेस कविता

*पुण्य सलिला मां गंगा की तरह 5 माह की नन्ही छोटी गंगा, भोली,अबोध, तपती दोपहर में शहर में बनती कई मंजिला अट्टालिका के नीचे कंक्रीट की छांव में अपनी मां की ओढ़नी के बिछौने पर लेटी किलकारी मारते आसमान की तरफ ताक रही थी, उसे भान नहीं था उसकी मां अपनी छाती में गंगा के लिए दूध तैयार करने के लिए भवन निर्माण में तपती दोपहर में मेहनत करती पसीना बहाती अपना शरीर तोड़ रही थी। गंगा को गुमान नहीं है दुनिया की कठोरता मलिनता, कुत्सित भावनाओं का, उसे यह भी नहीं मालूम की उसके जैसी जाने कितनी मासूम गंगा यूक्रेन युद्ध में अपनी मां से बिछड़ कर दुनिया त्याग चुकी है। मानव की बढ़ती लोलुप भावनाओं से वह दूर रहकर कब तक पवित्र और मासूम और सुरक्षित रह पाएगी।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*मन एकदम अबोध बालक की भांति है जो सीखाओगे वहीं सीखेगा, जहां ले जाओगे वहीं जाएगा।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 14:45 तक |
| नक्षत्रः | श्रावण 14:45 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | शोभना, 25:47 |
| सूर्योदयः | 06:01 |
| सूर्यास्तः | 18:42 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 15:32-17:07 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्तः | 11:56-12:47 |

## जन एक्सप्रेस

### दे रहे संदेश !

*नित नई ऊंचाईयां ।*
*छू रहा है देश ।।*
*युवा और खिलाड़ी ।*
*दे रहे संदेश ।।*
*गढ़ते कीर्तिमान अब ।*
*मान है बढ़ाया ।।*
*जो ये दुनिया वाले ।*
*उनको नया बताया ।।*
*है परचम लहराया ।*
*रच रहे इतिहास ।।*
*यह सदी हमारी ।*
*हो रही भी ख़ास ।।*
*है अभी शुरुआत ये ।*
*आगे और जाना ।।*
*पल पल उंगली दांत तले ।*
*दबाएगा ज़माना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दूध में केसर और मिश्री मिलाकर पीने से मिलते हैं कई फायदे

**खानपान** में गड़बड़ी का सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। शरीर को हेल्दी और फिट बनाए रखने के लिए डाइट का हेल्दी और पौष्टिक होना बहुत जरूरी है। विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से युक्त आहार का सेवन करने से शरीर कमजोर नहीं होता है और बीमारियों का खतरा कम होता है। यही कारण है कि आपको बचपन से ही दूध पीने की सलाह दी जाती है। दूध अपने आप में एक कम्पलीट फूड है, इसे सुपरफूड भी कहा जाता है। दूध में प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन, नियासिन, फास्फोरस, आयोडीन समेत कई मिनरल्स पाए जाते हैं। नियमित रूप से दूध पीने वाले व्यक्ति का शरीर हेल्दी और सुडौल होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दूध में कुछ चीजों मिलाकर पीने से इसकी पौष्टिक क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।



**दूध में केसर और मिश्री मिलाकर पीने के फायदे:** दूध में केसर और मिश्री मिलाने से इसकी पौष्टिकता कई गुना बढ़ जाती है। केसर और मिश्री अनेकों गुणों की खान होते हैं। आयुर्वेद में केसर और मिश्री का इस्तेमाल औषधि के रूप में किया जाता है। शरीर में एनर्जी लेवल बनाए रखने और बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए केसर और मिश्री को दूध में मिलाकर पीना चाहिए। मिश्री भी दूध की ही तरह विटामिन, मिनरल्स और अमीनो एसिड जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। वहीं केसर आयरन, मैंगनीज, विटामिन बी 6, पोटेशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। दूध में केसर के साथ मिश्री डालकर पीने से शरीर में खून की कमी, मर्दाना कमजोरी समेत कई गंभीर परेशानियों में फायदा मिलता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद:** पाचन तंत्र को ठीक रखने के लिए दूध के साथ केसर और मिश्री का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। दूध, केसर और मिश्री में मौजूद पोषक तत्व और गुण अपच, कब्ज, एसिडिटी और ब्लोटिंग जैसी परेशानियों में फायदा पहुंचाने का काम करते हैं। मिश्री में मौजूद डाइजेस्टिव गुण पेट को ठीक रखने में मदद करते हैं।

**पुरुषों के लिए फायदेमंद:** पुरुषों के लिए केसर और मिश्री वाला दूध किसी औषधि से कम नही है। शरीर का एनर्जी लेवल ठीक रखने और एक्टिव बनाए रखने के लिए रोजाना दूध में मिश्री और केसर डालकर पीना फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से पुरुषों की कमजोरी भी ठीक होती है। यही नहीं ब्लड सर्कुलेशन को भी ठीक रखने के लिए इसका सेवन फायदेमंद होता है।

**स्किन के लिए फायदेमंद:** स्किन को ग्लोइंग और जवान बनाए रखने के लिए दूध में मिश्री और केसर डालकर पीने से फायदा मिलता है। दूध और केसर में कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं, जो स्किन का रंग फेयर बनाए रखने और ग्लो ठीक करने में मदद करते हैं।

**मानसिक तनाव में फायदेमंद:** मानसिक तनाव जैसी गंभीर समस्या से छुटकारा पाने के लिए दूध में केसर और मिश्री मिलाकर पीना चाहिए। केसर, दूध और मिश्री में एंटी-स्ट्रेस गुण होते हैं, जो मानसिक थकान और चिंता को दूर करने में मदद करते हैं। ब्रेन को ठीक रखने और याददाश्त बढ़ाने के लिए भी इसका सेवन करने से फायदा मिलता है।

**हार्ट के लिए फायदेमंद:** आज के समय खानपान और जीवनशैली से जुड़ी गलत आदतों की वजह से हार्ट से मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। हार्ट को हेल्दी बनाए रखने और बीमारियों से बचने के लिए दूध में केसर और मिश्री मिलाकर पीना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# यूपी में तो 'हिंदुत्व कार्ड' ही चलेगा



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**दो दिन पहले भाजपा के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अगर विपक्ष सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मुद्दा बनाएं तो हमें काशी, नैमिषारण्य तथा राम मंदिर के वीडियो दिखाने चाहिए।**

**पाठकों को मंडल और कमंडल का दौर तो याद ही होगा, राम जन्मभूमि आंदोलन भी याद होगा, शिला पूजन और गांव-गांव से शीला (ईंट) एकत्र करने और यह विश्वास दिलाने का जोश भी याद होगा कि इन ईटो का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में किया जाएगा। उसी तर्ज पर अब भाजपा या संघ परिवार ही नहीं बल्कि भारत सरकार ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान शुरू किया है।**

**भाजपा** हाईकमान तथा संघ परिवार दोनों को यह विश्वास हो चला है कि 2014 तथा 2019 की उपलब्धियो की बदौलत 2024 का रण जीता नहीं जा सकता? ऐसा नहीं है की उपलब्धियो की बदौलत लोकसभा चुनाव में जीत नहीं हासिल होगी? यकीनन हासिल होगी लेकिन वह संख्या 303 न होकर 250 पर पहुंच सकती है। यानि बहुमत से दूर। यह संख्या कम इसलिए हो रही है कि सत्ता विरोधी रुझान के अलावा 20 से 25 प्रतिशत ऐसे सांसद हैं जिन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में कोई काम ही नहीं किया। इन सांसदों से जब भी काम की बाबत सवाल किए गए तो उनके पास केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताने के सिवा और कोई आंकड़ा है ही नहीं। संघ परिवार तथा भाजपा हाईकमान दोनों को यह पता है कि 2024 का लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 से बिल्कुल भिन्न है। इसलिए अब यह तय किया गया है कि हिंदी भाषी प्रदेशों और उसमें भी खास तौर से उत्तर प्रदेश जहां 80 लोकसभा सीटे हैं वहां राष्ट्रवाद के साथ हिंदुत्व कार्ड खेल कर लगभग 70 सीटे जीती जाएगी। हिंदुत्व कार्ड एक ऐसा कार्ड है जिसमें तमाम जातियां अपने आप समाहित हो जाती है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव करीब करीब पैटर्न पर लड़े जाएंगे और इसके केंद्र बिंदु में रहेगा अयोध्या का राम मंदिर, ज्ञानव्यापी तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि। अभी दो दिन पहले ही भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा राज्यसभा सांसद डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भगवान राम का मंदिर कोई इमारत नहीं थी जिसे बनाना था। वास्तव में भगवान राम का मंदिर भारत के राष्ट्रीय चेतना के उत्थान का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि 19वीं सदी अंग्रेजों की, 20वीं कांग्रेस की तथा 21वीं भाजपा की है। उन्होंने राम मंदिर को पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था से जोड़ने की कोशिश की और कहा कि राम के आवास से पहले चार करोड लोगों को घर बनाकर दे दिया गया है। इसी तरह दो दिन पहले भाजपा के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अगर विपक्ष सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मुद्दा बनाएं तो हमें काशी, नैमिषारण्य तथा राम मंदिर के वीडियो दिखाने चाहिए। मतलब साफ है कि उत्तर प्रदेश में फिलहाल लोकसभा चुनाव राष्ट्रवाद तथा हिंदुत्व के ही एजेंडे पर लड़े जाएंगे। ताकि मंडल के एजेन्डे को कमजोर किया जा सके और यदि पिछड़े वर्ग की बात आ जाए तो फिर सामने मोदी का चेहरा है ही। पाठकों को मंडल और कमंडल का दौर तो याद ही होगा, राम जन्मभूमि आंदोलन भी याद होगा, शिला पूजन और गांव-गांव से शीला (ईंट) एकत्र करने और यह विश्वास दिलाने का जोश भी याद होगा कि इन ईटो का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में किया जाएगा। उसी तर्ज पर अब भाजपा या संघ परिवार ही नहीं बल्कि भारत सरकार ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान शुरू किया है। वैसे कहा तो यह जा रहा है कि इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य उन साहसी शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर महिलाओं को सम्मान और श्रद्धांजलि देना है, जिन्होंने पूरे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सेवा की। इस अभियान के तहत देश के अलग-अलग हिस्सों से मिट्टी को 7500 कलश में इकट्ठा करके देश की राजधानी दिल्ली लाया जाएगा। इस मिट्टी का उपयोग दिल्ली में कर्तव्य पथ के निकट अमृत वाटिका नामक उद्यान बनाने में किया जाएगा। अब आप इसे प्रखर राष्ट्रवाद भी कह सकते हैं और राजनीतिक चश्मे से भी देख सकते हैं बिल्कुल शिला पूजन की तर्ज पर। राष्ट्रवाद के बाद आता है हिंदुत्व कार्ड। एक ऐसा कार्ड है जो दो धारी तलवार की तरह काम करता है अब यह आप पर है कि आप इसका उपयोग किस तरह करते हैं। पाठक यह बात भली भांति जानते हैं कि 14 जनवरी यानि मकर संक्रांति के दिन अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होगा जिसमें मुख्य यजमान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। यह कार्यक्रम लगभग 10 दिन यानि 24 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद 24 फरवरी तक संघ के स्वयंसेवक तथा भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर मंदिर का प्रसाद लेकर जाएंगे और लोगों को मंदिर से सीधे कनेक्ट करने के फार्मूले पर काम करेंगे। प्रसाद वितरण के दौरान घर-घर में यह बताया जाएगा कि यदि मोदी प्रधानमंत्री ना होते तो कांग्रेस का शासन होता तो अयोध्या में भव्य राम मंदिर कभी नहीं बन पाता। कहने का मतलब यह है कि यदि 2024 में राम मंदिर वोटो के ध्रुवीकरण का प्रमुख कारण बनता है तो ताज्जुब की बात नहीं। क्योंकि भाजपा और संघ परिवार यह बात अच्छे से समझ चुका है कि 2024 के चुनाव में गवर्नेंस, डेवलपमेंट, इकोनामिक रिफॉर्म तथा 5 मिलियन इकोनॉमी की बात आम आदमी पर कुछ खास प्रभाव डालने वाली नहीं।

# सावन के आखिरी सोमवार भूतनाथ के मेले में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सावन मास के आखिरी सोमवार को श्रद्धालुओं की छोटी काशी में भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर लाखों श्रद्धालुओं ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और भूतनाथ बाबा के दर्शन करके पूजा अर्चना की। बता दे कि इस बार सावन मास में मलमास होने के कारण सावन का महीना 60 दिन तक है। 60 दिन में विगत सात सोमवारों को भी भारी भीड़ उमरती रही परंतु आठवें अंतिम सोमवार को भीड़ ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नगर में विभिन्न रूटों को डायवर्ट किया गया और एक दर्जन से अधिक स्थानों पर वेरी केटिंग करके यातायात को नियंत्रित किया गया। रविवार की शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हुई तो वह सोमवार की शाम तक लगातार जारी रही। सावन के अंतिम सोमवार को भूतनाथ का मेला होने के कारण भूतनाथ बाबा के मंदिर के आसपास भारी मेला लगा जिसमें लोगों ने विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी की और बाबा भूतनाथ के दर्शन कर अपनी मनौती मांगी। बता दे कि गोला के पवित्र तीर्थ स्थल में श्रद्धालु लोग स्नान करने के बाद बाबा भोलेनाथ के दर्शन करके जलाभिषेक करते हैं और उसके बाद बाबा भूतनाथ के दर्शन करने के बाद ही वह अपने घर को वापस लौटते हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार दुबे सहित कई सब पुलिस कर्मी श्रद्धालुओं के यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए दिन-रात जुटे रहे।

## बलरामपुर संस्था इकाई गुलरिया चीनी मिल द्वारा 7.5 किलो वाट का सोलर पैनल दो हाई मास्ट लाइट भेंट की

जन एक्सप्रेस । बिजुआ-खीरी



बलरामपुर संस्था इकाई गुलरिया चीनी मिल अपने सामाजिक कर्तव्य का पालन करते हुए वर्ष 2023-24 में जिला गाना कार्यालय लखीमपुर खीरी में 7.5 किलो वाट का सोलर पैनल एवं दो हाई मास्ट सोलर लाइट को मुख्य अतिथि वेद प्रकाश सिंह जिला गन्ना अधिकारी व विशिष्ट अतिथि योगेश कुमार सिंह इकाई प्रमुख गुलरिया चीनी मिल के द्वारा लोकार्पण कर कार्यालय को भेंट किया । गन्ना अधिकारी ने बलरामपुर फाउंडेशन बलरामपुर के द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बताया कि लखीमपुर खीरी जिले के विकास में बलरामपुर संस्था प्रशासन के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इसका जिले के विकास में विशेष योगदान है। किसानों से संबंधित खेतों की बुवाई की नई तकनीक, नई गन्ना प्रजातियों के लिए क्षेत्र में गुलरिया चीनी मिल बहुत बड़ी भूमिका निभा रही है। किसानों का सही समय पर गन्ना भुगतान करने के लिए प्रशंसा की। उन्होंने बलरामपुर चीनी मिल का धन्यवाद करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। गुलरिया चीनी मिल इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह ने बताया कि बलरामपुर फाउंडेशन संस्था क्षेत्रीय विकास जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, क्षेत्रीय संरचना विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्यशील है। जिससे क्षेत्र में प्रत्येक जनमानस तक लाभ पहुंच सके। उन्होंने संस्था द्वारा पूर्व वर्तमान व भविष्य में किए गए कार्यों को भी सभा में बताया उन्होंने चीनी मिल द्वारा किसानों के चौमुखी विकास की प्रतिबद्धता जताते हुए हर प्रकार से किसानों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गंगाराम, नि0गन्ना विकास परिसद व अनिल कुमार महाप्रबंधक गुलरिया चीनी मिल विशिष्ठ अतिथि व क्षेत्र के गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन की बोगी में आग कांड के घर पर सुरक्षित छोड़ा गया

✱ **बिंदेश्वरी वर्मा, कनोजी लाल वर्मा, निर्मला देवी, लीला वर्मा, निर्मल कुमार वर्मा, पहुंचे अपने घर**

जन एक्सप्रेस । सुनहर



**लखीमपुर खीरी।** तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन की बोगी में आग लगने से लखीमपुर खीरी निवासी एक महिला श्रद्धालु की भी मौत हो गई। बोगी में जिले के 16 श्रद्धालु सवार थे। दुर्घटना में शांति देवी की जान चली गई। जबकि कई अन्य जख्मी हो गई। हादसे की खबर सुनकर दिल बैठ सा गया लखीमपुर सदर के मोह काशीनगर निवासी प्रशांत वर्मा के पिता रामखेलावन, मां विद्यावती व परिवार की विंदेश्वरी, लीलावती काशीनगर लखीमपुर भी रामेश्वरम यात्रा पर गई थीं। कनौजी लाल वर्मा सलीमपुर कोन प्रशांत ने बताया कि सभी लोग 17 अगस्त को घर से गए थे। सुबह हादसे का पता चला तो अनहोनी की आशंका से दिल बैठ सा गया। पिता से बात हुई तो राहत मिली। बताया कि, मां-पिता और अन्य परिजन सुरक्षित हैं। वहां से फोटो भी भेजी है। ये लोग बेंगलुरु, कन्या कुमारी व मैसूर घूमने के बाद मदुरै पहुंचे थे। निर्मल कुमार शारदा नगर को नायब तहसीलदार अश्विनी कुमार और सदर लेखपाल सौरभ राय तहसील प्रशासन ने परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया।

## पत्रकार के मामले में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने के लिए सपा विधानसभा अध्यक्ष ने सीएम को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलियाकला खीरी।** नगर में कबाड़ी की दुकान पर सर्व शिक्षा अभियान की किताबें मिलने के मामले में पलिया नगर के पत्रकार पर शिक्षा विभाग द्वारा लिखाए गए मुकदमे को लेकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर की अगुवाई में पलिया तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया और मामले की निष्पक्ष जांच करवाने के लिए मांग की गई।समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार के ऊपर लगे मुकदमे की तत्काल वापसी हो और इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालो के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।इस सरकार में तो देश के चौथे स्तंभ को भी नहीं छोड़ा जा रहा है।यह सरकार की तो तानाशाही है कि एक पत्रकार सही खबर चलाता है और उसको झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाता है।पार्टी के जिला उपाध्यक्ष फुरकान अंसारी ने कहा कि हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं और कहा कि यदि पत्रकार के ऊपर से मुकदमा वापस ना लिया गया तो हम लोग एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।इस मौके पर गुरप्रीत सिंह नन्नर राजा खान,पिंटू चौधरी, विनय सिंह मुकेश यादव दीपक पांडे, सिजनौर अली,अरुण अवस्थी सचिन मौर्य रामचंद्र विजय शर्मा मनोज शर्मा रामनिवास दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## अजय राय से राजन यादव ने की शिष्टाचार भेंट

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



**पलिया कलां खीरी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के अवसर पर थाना सम्पूर्णा नगर क्षेत्र से राजन यादव ने माल एवेन्यू, लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बुके भेंट कर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए स्वागत किया, साथ ही उन्होंने मौजूदा केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा की जा रही नफ़रत की राजनीति के विरुद्ध लड़ाई में उन्हें भरपूर सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर राजन यादव ने प्रदेश कार्यालय में मौजूद कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से भी मुलाक़ात की। और अपने ग्रह जनपद की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति टास्क फोर्स की बैठक हुई सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति,डिस्ट्रिक टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, टायलीकरण, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, जर्जर भवनों का मूल्यांकन, स्कूल चलो अभियान, आधार वैरीफिकेशन, निपुण भारत, कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि बिन्दुओं पर एक-एक करके समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में अभी तक शौचालय का निर्माण नही हुआ है, वह जल्द से जल्द स्कूलों में शौचालयों को निर्माण करा दिया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों में टायलीकरण हेतु स्कूलों से निरन्तर समन्वय करते हुये कार्य को पूर्ण करायें। रैम्प व रेलिंग की जानकारी लेते हुये उन्होंने निर्देश दिये कि जिन स्कूलों में अभी तक रैम्प व रेलिंग का कार्य पूर्ण नही हुआ है उनको तत्काल ससमय पूर्ण करायें। विद्युतीकरण की जानकारी लेते हुये उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि स्कूलों में विद्युतीकरण का कार्य शतप्रतिशत सुनिश्चित किया जाये तथा स्कूलों में पेयजल हेतु पाईप लाईन की व्यवस्था कर दी जाये। स्कूलों में बालक व बालिका हेतु यूरिनल की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी सकूलों में फर्नीचर की व्यवस्था, ग्रीन बोर्ड व डेस्क बोर्ड की व्यवस्था भी शतप्रतिशत सुनिश्चित की जाये ताकि बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशान न हो तथा बच्चों में पढ़ाई के लिये उत्साहित हो सकें। रंगाई व पुताई के कार्य में गति लायी जाये।

# बैंक से लौट रहे युवक से 1.30 लाख रुपये की लूट, लुटेरों ने चाकू मारकर किया घायल

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को बाइक सवार बदमाशों ने सोमवार को दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। थाना खीरी क्षेत्र के गांव जगसड़ में बदमाशों ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के चचेरे भाई से 1.30 लाख रुपये लूट लिए। विरोध करने पर उसे घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इंडियन बैंक शाखा नकहा के ग्राहक सेवा केंद्र जगसड़ में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक राकेश कुमार मौर्य सोमवार को ग्राहकों से लेनदेन कर रहे थे। ग्राहक सेवा केंद्र पर कैश खत्म होने पर अपने चचेरे भाई राम प्रताप मौर्य को बैंक शाखा नकहा से कैश लाने के लिए भेजा।बाइक सवार राम प्रताप बैंक से रुपये निकाल कर ग्राहक सेवा केंद्र जगसड़ वापस आ रहा था। मठियापुरवा जगसड़ के बीच जयप्रताप को एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने घेर लिया। उसके सिर पर चाकू से हमला कर दिया। इससे राम प्रताप अचेत होकर जमीन पर गिर गया। लुटेरे रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। घायल राम प्रताप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उधर, पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कोतवाली में बैठाया गया कांवड़िया



जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर रहे हैं। पुलिस उन पर पुष्प वर्षा के साथ ही उनके छालों पर मरहम लगा रही है। छोटी काशी में प्रवेश करते ही कावड़ियों पर पुष्प वर्षा होती है, पर कोतवाली पुलिस ने एक कांवरिया को पड़कर हवालात में बैठा दिया जिसकी खूब चर्चाएं होती रही। सावन के आखिरी सोमवार को सीतापुर के मोहल्ला नवीनगर से कावड़ लेकर छोटी काशी आया कावड़िया राम सनेही को शिव मंदिर परिसर में पुलिस ने दबोच लिया और उसे कोतवाली लाकर कार्यालय में बैठा दिया गया। बताया गया कि उसके परिजनों को सूचना भेजी गई है। एक तरफ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ कावड़ यात्रा को लेकर बेहद संवेदनशील है। कांवड़ियों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कराई जा रही है। उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी उन पर पुष्प वर्षा करने के साथ ही छाले पड़ने पर मरहम लगाते हैं। जबकि गोला पुलिस ने कड़िया को बेइज्जत कर कोतवाली में बैठा लिया ।जिसकी शहर में चर्चा शुरू हो गई ।कोतवाली पुलिस का कहना है यह कावड़िया आपस में मारपीट कर रहा था। इसलिए इसे पकड़ कर बैठाया गया है।

### बस की टक्कर से अधेड़ मोटरसाइकिल सवार की मौत

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। सावन के आखिरी सोमवार को लखीमपुर रोड की केशवापुर बाजार के पास एक अधेड़ मोटरसाइकिल सवार की बस से टक्कर हो जाने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी सुनील कुमार दुबे ने बताया की गोला रोडवेज की एक अनुबंधित बस से ग्राम केशवपुर में एक मोटर साइकिल सवार की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक का नाम मोतीलाल 60 वर्ष पुत्र नारायन निवासी ग्राम मेवाराम नगर थाना हरगांव जनपद सीतापुर बताया गया है। मृतक केशवापुर के निकट किसी बरगदिया गांव में अपने परिचित से मिलने जा रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर के उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



जन एक्सप्रेस/अमीर नगर खीरी। महाभारत कालीन राजा विराट की नगरी गोमती नदी के किनारे बिराजमान भगवान आशुतोष श्री टेढेनाथ बाबा का आलोकित धाम सच्चा दरवार सावन के अतिम सोमवार को बाबा टेढेनाथ धाम पर कांवडियो तथा दूर दराज से आए शिव भक्तो की भीड तथा पूरा मंदिर का वातावरण हर हर महादेव के जयहोश से गूंज उठा सूर्य उदय के पूर्व में बाबा टेढेनाथ धाम पर काबरियो तथा शिव भक्तो का पहुचना शुरु हो गया। भक्तो ने बेल पत्री फूल भांग धतूरा गंगा जल से अभिषेक किया। भगवान की पूजा अर्चना की मंदिर मे शिव भक्तो की भीड रही। कई समाजिक और धार्मिक संगठनों ने काबरियो के स्वागत के लिए मंदिर परिसर में जलपान एवम भंडारे का आयोजन किया गया। सुरक्षा की दृष्ट से अमीर नगर पुलिस चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र यादव, अरविंद सिंह चंदेल,कास्टेविल संदीप कुमार, अमरीश शुक्ला,देवांश,उर्वेश कुमार,राजीव यादव,सेवादार आत्मानंद शुक्ला, सुचित प्रताप सिंह, राममूर्ती यादव,अमित वाजपेयी पवन कुमार, सुभाष,जितेन्द्र अर्कबंशी,बलवीर सिंह,शुभेन्दर,सिंह पुनीत मिश्रा सुरज कश्यप पपील कुमार योगेश मिश्रा अविरल मिश्रा टेढेनाथ बाबा सेवा समिति के बलेंटियार उपस्थिति रहे।

### सड़क हादसे में युवक गम्भीर, जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। शनिवार की देर शाम लखीमपुर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया ।जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव पुनर्भग्रंट निवासी दिलीप भारती (28)पुत्र रामाधार भारती किसी काम को लेकर लखीमपुर रोड पर जा रहा था। जलालपुर मोड़ के पास सड़क हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। जिसे सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल ऑफिसर डा अशोक बिहारी ने बताया कि घायल युवक के हाथ और पैर में चोट के गहरे निशान थे।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बगचन के पास गोला मोहम्मदी मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया है । घायल को अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सतुली थाना कांट जिला शाहजहांपुर निवासी अरविंद 21 वर्ष पुत्र राम किशोर मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी मां और भाई को लेकर गोला भूतनाथ मेले के लिए आ रहा था। बताते हैं कि ग्राम जनकपुर थाना हैदराबाद निवासी संजय कुमार 45 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद अपनी बाइक लेकर लोकल बाजार महेशपुर जा रहा था। इन दोनों की मोटरसाइकिल ग्राम बगचन के पास आमने-सामने टकरा गई जिसमें संजय कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में थारू क्षेत्र में संपन्न हुई बैठक



जन एक्सप्रेस । रिजवान खान

**पलिया कलां खीरी।** गत दिवस रविवार को थारू क्षेत्र के ग्राम पंचायत में छिदिया ब्लाक प्रमुख अटल शुक्ला की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र के सभी प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवम बीडीसी मेंबर मौजूद रहें। बैठक के दौरान ब्लाक प्रमुख अटल शुक्ला ने सभी बीडीसी मेंबरों से अपने दो गांव की कार्य योजना बना कर देने का आग्रह किया। गांव में जो भी कार्य कराया जाएगा उसका भुगतान बैंक के खाते के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में शामिल सभी प्रधानों ने दुधवा से बनकटी तक अंडर ग्राउंड विद्युत आपूर्ति, थारू क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज की मांग की है। इस अवसर पर प्रधान मुकेश बंसल, रामनरेश राणा, अमर सेन राणा, फरचंदा राणा, प्रेम सिंह, राम चरण, अजय राणा एवम कमलेश राणा मोजूद रहे हैं।

## सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** मेंहदी को रचने की कला इसके महत्व को बढ़ा देती है। मेंहदी का प्रयोग शरीर के अंगों को कलात्मकता से सजाने में किया जाता है। पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर क्रिया-कलापों में भाग लेने से ही सर्वांगीण विकास सम्भव है। जागरूक विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। यह बात सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए द केक हाऊस महमूदाबाद की संचालिका मोनी वर्मा ने कही। उन्होने कहा कि प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और आत्म विश्वास भी बढ़ता है। निर्णायक मोनी वर्मा, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी, उप प्रधानाचार्य आरजे वर्मा, सांस्कृतिक प्रमुख प्रतिभा सिंह व नवनीत पांडेय द्वारा कक्षा नौ की प्रिया वर्मा को प्रथम, अंशिका शर्मा को द्वितीय, शिवांकी यादव को तृतीय व श्रेया राय को सांत्वना, कक्षा 10 में अंकिता राज को प्रथम, मधु सोनी को द्वितीय, अतिका पटेल को तृतीय व माही सिंह को सांत्वना, कक्षा 11 में तनुज अवस्थी व अमिता वर्मा को प्रथम, प्रियांशी सिंह को द्वितीय, पूजा देवी को तृतीय तथा कक्षा 12 में आयुषी वर्मा को प्रथम शिवांशी मौर्या को द्वितीय, अनुराधा कश्यप को तृतीय व सोनाक्षी चंद्र तथा अनामिका यादव को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर अखिलेश शर्मा, वीरेंद्र मिश्र, आयुष वर्मा, संजय कश्यप सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवम छात्राएं मौजूद रही।

## सावन माह के अंतिम सोमवार के मौके पर क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर ओम नमः शिवाय के जाप का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** श्रावण माह के अंतिम सोमवार के मौके पर क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर जहां आम नमः शिवाय के जाप का आयोजन किया गया, वहीं कई स्थानों पर रुद्राभिषेक आयोजित हुए। बन्नी वार्ड स्थित श्री श्री 1008 बाबा परमहंस मंदिर परिसर में चल रही शिवपुराण के समापन के अवसर पर भक्तों ने रूद्राभिषेक कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। नगर पालिका महमूदाबाद के बन्नी वार्ड स्थित श्री श्री 1008 बाबा परमहंस मंदिर परिसर में श्रावण माह के पवित्र माह में चल रही सात दिवसीय शिवपुराण के समापन अवसर पर आचार्य पं. महेंद्र ने विधि-विधान पूर्वक रूद्राभिषेक सम्पनन कराया। यहां विधि-विधान से जल, दधि, दुग्ध, शर्करा, मधु, घृत, विजया आदि से अभिषेक करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमानों ने भगवान शिव को यज्ञोपवीत कर वस्त्र, मिष्ठान, फल, फूल, अमीर, गुलाल, चंदन, मेवा, दूर्बा, इत्र, गुलाब जल, केवड़ा, कुमकुम, सिंदूर आदि से श्रृंगार कर औढरदानी देवाधिदेव भगवान शंकर को प्रसन्न करने के विधान किए। श्रावण माह के अंतिम सोमवार के विशेष अवसर पर भक्तों ने शिव की उपासना में कोई कमी नहीं छोड़ी। नगर में तो दर्जनों स्थानों पर ओम नमः शिवाय के अखंड पाठ के आयोजन के साथ बड़ी संख्या में भक्तों ने उपवास किए। नगर के संकटा देवी मंदिर स्थित रामेश्वरम्, बैसनपुर, जानकी मंदिर के शिवाला, पांडेहाता शिवाला, इलाहाबाद बैंक शिवाला, पावर हाउस शिवाला सहित सभी मंदिरों में विशेष सजावट की गई। मंदिरों पर प्रातःकाल से ही बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## 25 हज़ार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी, नकबजनी की घटनाओं के त्वरित खुलासे व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु बहुत प्रयास किये जा रहे हैं। उसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री शोभित कुमार के नेतृत्व में एसओजी व थाना कमलापुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी,नकबजनी के अभियोग में प्रकाश में आये वाछिंत चल रहे थाना कमलापुर के 25,000/- रूपये के इनामिया शातिर अपराधी लालता प्रसाद उर्फ लल्ला पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम कठवारा थाना बख्शी का तालाब जनपद लखनऊ को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिससे एक अदद तमंचा, 02 अदद खोखा कारतूस, 2 कारतूस 315 बोर, 9,200/-रुपये नगदी बरामद हुआ है। अभियुक्त का एक बड़ा गिरोह है जो दिन में मोटरसाईकिलों से भिन्न भिन्न क्षेत्रों में निकल कर रैकी करके मकानों, दुकानो में चोरी करते हैं। (अभियुक्त के पास बरामद नगदी में 1200/- रुपये थाना कमलापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम सुरैंचा के एक घर से करीब एक माह पूर्व चोरी संबंधी है तथा शेष 8000/-रुपये करीब 15 दिन पूर्व थाना अटरिया अंतर्गत ग्राम धरावा में की गयी चोरी संबंधी हैं। अभियुक्त थाना कमलापुर के मुकदमे में काफी समय से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 25,000/- रू0 का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद सीतापुर सहित जनपद लखनऊ में भी चोरी, नकबजनी, हत्या का प्रयास,मारपीट,अवैध शस्त्र रखने आदि अपराधो के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# सड़क दुर्घटनाओं में 1 की मौत 6 घायल, महिला का हाथ लहूलुहान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**✻ गंभीर रूप से घायल चार लोगों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है**

जनपद में रविवार देर शाम से सोमवार के बीच हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत हो गई। तो वहीं छह लोग घायल हो गए। जिनमें से गंभीर रूप से घायल चार लोगों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। एक अन्य हादसे में चारा मशीन से बुजुर्ग महिला का हाथ कट कर लहूलुहान हो गया। जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। पहली घटना थाना देवा के ग्राम देवगांव निवासी 32 वर्षीय अनुज कुमार पुत्र मुनेश्वर के साथ हुई। जोकि रविवार देर शाम 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल से शहर के जिला अस्पताल में भर्ती अपने परिजन को देखने आ रहे थे। रास्ते में देवा और ब्रिज के पास पहुंचने पर इटावा जनपद की एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया। दूसरा हादसा थाना कोठी के ग्राम उचिता निवासी 26 वर्षीय दुर्गेश पुत्र रामनरेश के साथ हुआ। जोकि सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे अपनी मोटरसाइकिल से लखनऊ जा रहा था। रास्ते में लखपेड़ाबाग चौराहे के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार अज्ञात कार मोटरसाइकिल सवार दुर्गेश को ठोकर मार कर भाग गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। तीसरी घटना थाना बदोसराय के ग्राम टिकुरी निवासी 25 वर्षीय कुलदीप पुत्र राकेश यादव व उनके एक साथी 24 वर्षीय उमेश पुत्र रामचरण के साथ हुई। जोकि एक ई रिक्शा पर बैठकर टिकैतनगर जा रहे थे। रास्ते में सफदरगंज के पास पहुंचने पर अचानक से ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उस पर सवार कुलदीप और उमेश सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें से गंभीर रूप से घायल कुलदीप और उमेश को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चौथा हादसा थाना हैदर गढ़ के गुलालपुर निवासी 70 वर्षीय गिरिजा पति पत्नी भगवती प्रसाद के साथ हुआ। जोकि सोमवार को सुबह 8 बजे अपने घर पर चारा मशीन से चारा काट रही थी। इसी बीच उनके हाथ का कंगन अचानक से मशीन में फस गया। जिसके चलते उनका हांथ कटकर लहूलुहान हो गया। परिजन आनन-फानन में महिला को लेकर नजदीकी सीएचसी पहुंचे। लेकिन यहां चिकित्सकों ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जहां उसका उपचार जारी है।

# क्षेत्राधिकारी ने बैंको का किया निरीक्षण अनजान व्यक्तियों से की पूछताछ

जन एक्सप्रेस । कालपी




दो दिनों की बंदी के बाद सोमवार को बैंको के खुलते ही बैंकों में ग्राहको की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस ने क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में बैंकों का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा परिसर मे घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने केनरा बैंक की शाखा का निरीक्षण कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। इसी प्रकार इंडियन बैंक मुख्य शाखा, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा का भी पुलिस जवानों के द्वारा निरीक्षण किया गया। बैंक में स्थापित सीसीटीवी कैमरे, सायरन आदि का भी जायजा लिया। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक प्रशांत द्विवेदी, तथा एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक रंजीत चटर्जी से साथ बैठक कर शाखों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम को लेकर चर्चा की गई। बैंक के बाहर खड़ी होने वाली मोटरसाइकिल तथा कारों का लॉक की हकीकत को भी देखा। शाखाओ की ड्यूटी मौजूद पुलिस जवानों तथा सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए गए के बैंक के आसपास घूमने वाले संदिग्ध लोगों पर निगरानी रखी जाए। पुलिस के द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान से आवारागर्दी करने वाले युवकों में खलबली दिखाई दी।

# सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिरों में गूंजे जयकारे

जन एक्सप्रेस । कालपी



सावन महीने के आखिरी सोमवार को धर्म नगरी कालपी के शिव मंदिरों तथा शिवालयों में भक्तों व महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिवभक्तो ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर सुखमय जीवन की कामना की।यमुना नदी के तट में स्थित प्राचीन महत्व के पातालेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए सोमवार के दिन महादेव की विधान से पूजा की गई। तमाम भक्तों के द्वारा वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए सोमवार को व्रत रखा बानेश्वर मंदिर, ढोशेश्वर मंदिर, तिगणेश्वर मंदिर आदि मंदिरों तथा शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ रही तथा जयकारों से माहौल को गुंजायमान किया गया। प्राचीन महत्व के मां बनखंडी धाम शक्तिपीठ में दूरदराज से आए भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की महंत जमुना दास महाराज से भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

**✻ 6 घंटे में पुलिस ने घटना का किया खुलासा**

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़



कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार करते बीती देर रात मासूम के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना की खबर मिलते ही माधौगढ पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। इस दौरान हुई फायरिंग में पैर में गोली लगने से आरोपी युवक घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी 6 वर्षीय बेटी रविवार रात अपने दादा और पति के साथ घर के बाहर चबूतरे पर सो रही थी, जबकि घर के सभी लोग अन्दर लेटे हुए थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला हरेंद्र सिंह तोमर देर रात सोते समय उसकी बेटी को गांव के बाहर बंबा पर ले गया और उसके साथ दरिंदगी की जिससे उसकी बेटी लहूलुहान हो गई। जब बेटी को होश आया तो वह घर पहुंची और उसने पूरी दास्तान बताई। जिस पर उसके परिजन आरोपी के घर पहुंचे लेकिन तब तक वह मौके से फरार हो चुका था। इस मामले को संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को इलाज के लिए माधौगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। शव घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा ने आरोपी हरेंद्र की जल्द गिरफ्तारी को लेकर एसओजी व सर्विलांस टीम सहित चार टीमों को लगा दिया था। मासूम से हैवानियत करने वाले आरोपी की खोज में लगी टीमों ने महज़ छह घण्टे के अंदर ही ग्राम हैदलपुर के गन्ने के खेत में छुपे आरोपी हरेंद्र की घेराबंदी कर दी। खुद को पुलिस से घिरा देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा अपने बचाओ में की जवाबी कार्रवाई के दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से तमंचा बरामद कर उसे इलाज के लिए भेजा गया।

# उदोतपुरा पावर हाउस में लगी आग, लड़खड़ाई विद्युत व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । जालौन



उदोतपुरा बिजली पावर हाउस में बड़े ट्रांसफॉर्मर में देर रात आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा स्थित बिजली पावर हाउस पर ट्रांसफॉर्मर में रविवार की रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विक्राल रूप ले लिया। साथ ही अन्य ट्रांसफार्मरों तक पहुंच गई। इतना ही नहीं बिजली का अन्य सामान भी धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटे देख कर्मचारियों में भगदड़ मच गई और सप्लाई बंद की। आग के बारे में दमकल कर्मियों को सूचना दी। जानकारी पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग बढ़ता देख दमकल कर्मियों ने कोंच, उरई, माधौगढ़ और कालपी के साथ-साथ आसपास के जनपद औरैया और झांसी से गाड़ियों को बुलवाया। तब कहीं करीब तीन घण्टे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वही भीषण आग की जानकारी मिलते ही जालौन एसडीएम, पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उदोतपुरा बिजली घर में आसपास के करीब 390 गांव में सप्लाई जाती है। फिलहाल इस भीषण आग से अधिक से अधिक गांव प्रभावित हो गए है।

## अवैध परिवहन में पकड़ा डंपर चालक, बीच रोड पर गिट्टी डाल कर भागा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एसडीमए माधौगढ़ एसएन शर्मा ने बताया कि 25 व 26 अगस्त की रात्रि के समय लगभग एक से 4 बजे के दौरान प्रर्वतन कार्रवाई के दौरान गिट्टी व मौरम का अवैध परिवहन करते हुये पकड़े गये, 3 गिट्टी व 3 मौरंग से भरे हुये ट्रकों व डम्परों का ग्राम बंगरा से गल्ला मण्डी माधौगढ़ परिसर में खड़ा करने के लिए लाया जा रहा था। तभी पकड़े गये एक गिट्टी भरे हुये एक ट्रक, डम्पर का चालक द्वारा ग्राम सुल्तानपुरा के पास बंगरा रोड पर ही डम्पर में भरी गिट्टी उतारकर भाग गया, जिससे माधौगढ़ बंगरा जाने वाला सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस अवरुद्ध मार्ग पर आवागमन सुचारु करने के लिए डामर सड़क मार्ग पर उतारी गई इस गिट्टी को अग्रिम आदेश तक मण्डी परिसर में पहुंचाने व संरक्षित करने के लिए अधिशासी अधिकारी माधौगढ़ को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही लोगों से अपेक्षा है कि गिट्टी जिस व्यक्ति की हो, वह सुसंगत प्रपत्रों, अभिलेखों व साक्ष्यों सहित एक सप्ताह के अन्दर एसडीएम कार्यालय माधौगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकता है।

# यादव महासभा समाज का अपमान बर्दाशत नहीं करेगी



जन एक्सप्रेस । उरई

अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सतीश यादव के नेतृत्व में सोमवार को पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम संजय कुमार को देते हुए बताया कि प्रदेश के पूर्व मंत्री ओपी राजभर ने अहीर (यादव) जाति के खिलाफ आपत्तिजनक अभद्र टिप्पणी की है। जिसकी समाज घोर निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग करती है। इस दौरान महासभा के पदाधिकारियों ने ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन देते हुए बताया कि जहुराबाद विधानसभा से विधायक प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व सोहेलदेव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने पत्रकारों को एक सवाल का जबाब देते अहीर यादव जाति पर घोर आपत्तिजनक व अभद्र टिप्पणी की है। जो घोर निंदनीय है, इस टिप्पणी से अहीर (यादव) समाज की भावना आहत हुई है। अखिल भारतीय यादव महासभा मांग करती है कि राजभर के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। ताकि वे आगे किसी भी समाज के लिए अभ्रद टिप्पणी व अभद्र भाषा का प्रयोग न कर सकें। इस दौरान ऋषभ यादव, हरेंद्र पाल, चरण सिंह यादव, निहाल यादव, आशीष यादव, रामू यादव, नरेंद्र यादव, मोनू यादव, मोहित यादव, दीपक यादव, विक्रांत यादव आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । उरई



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास नामक विषय पर शहर के इन्दिरा स्टेडियम में लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, सीडीओ भीमजी उपाध्याय, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर शुभारम्भ किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी में लगी जनकल्याणकारी योजनाओं का अवलोकन भी किया। अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी ने सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही प्रदर्शनी में लगी समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिया जाए। जनप्रतिनिधियों ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर संबंधित विभाग से लाभ उठायें। वहीं अपर जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जनपदवासी अधिक से अधिक प्रदर्शनी में आकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिशन रोजगार के तहत प्रधानमंत्री रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जागरुक किया जा रहा हैं। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी सिराजुद्दीन सूचना विभाग से आकाश मिश्रा, प्रदर्शनी संचालक अभिषेक भारती व सुधांशू सोनकर सहित सूचना विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल की हेल्प-डेस्क पड़ी बंद

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** भले ही सरकारी रिकॉर्ड में जिलाअस्पताल को प्रदेश में अव्वल दर्जे का अस्पताल बताया जा रहा है। लेकिन यहां आज भी अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। सोमवार को यहां आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए बनाई गई हेल्प डेस्क पर ताला जड़ा रहा।जोकि जिला अस्पताल की बेहतर होने की दास्तान बयां कर रहा था। पूछने पर जिम्मेदार भी कोई एक नया बहाना मीडिया के सामने रख देते है। हालात यह है कि बीते लगभग 2 वर्षों से यहां हृदय विभाग के चिकित्सक की तैनाती नहीं हो सकी है। जिसके लिए लगातार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होती रहती है। इन खबरों की कटिंग को सूचना विभाग संजोकर संबंधित विभागों के जिम्मेदारों तक भेज देता है। जहां पहुंचकर यह फाइलों में बंद कर दी जाती है। अभी बीते सप्ताह भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश ने यहां का औचक निरीक्षण किया था। जिसमें उन्होंने तमाम खामियां पाई थी और संबंधित को निर्देश दिए थे। लेकिन उसका भी कोई असर जिला अस्पताल की कार्यशैली पर नहीं दिख रहा है।

## डेंगू बुखार ने ली चार लोगों की जिंदगी, मचा हाहाकार

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** डेंगू बुखार की बीमारी ने पूरे क्षेत्र को अपने चपेट में ले लिया। जिसके चलते बुखार की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास, धामनी, जरारा, पाल सरैनी, चुर्खी, रिछारा, निपानियां, हिम्मतपुर, भगौरा, अभैदेपुर, सरसई, खडगुई गांवों में डेंगू बुखार का प्रकोप पूरी तरह अपने पैरों को पसार चुका है। जिसके चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाबई के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में इस बुखार के मरीजों की भरमार मची हुई है। ग्रामीणो ने बताया है कि यह बीमारी पूरे क्षेत्र में फैली हुई है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक इस बीमारी को काबू में करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। बताया कि नियामतपुर में चार मरीज लीलावती पत्नी बेंदी लाल याज्ञिक, पान कुवंर पत्नी वीर सिंह पाल, नंदिनी पुत्री कल्लू यादव व चंद्रभान यादव इस डेंगू बुखार के कारण काल के गाल में समा चुके है। जबकि यहां पर सरकारी अस्पताल के अलावा सात प्राइवेट अस्पताल भी है, फिर भी यह बीमारी मुसीबत बनी हुई है। दो दिन में चार लोगों की इस बीमारी से मृत्यु हो जाने के कारण नियामतपुर ही नहीं पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। इतना सब कुछ हो जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नीद नही टूट रही जो आज भी कुंभ करणी नींद में सोया हुआ है। जबकि इस क्षेत्र में ऐसा कोई गांव नहीं है जहां दो-तीन दर्जन लोग बीमार न पड़े हो।

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में खंड स्तरीय किसान गोष्ठी संपन्न

जन एक्सप्रेस । सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी



उत्तर प्रदेश में सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से स्वावलंम्बी बनानें एवं किसानों की आय दुगना करने सहित अन्य सुविधाएं समितियों के माध्यम से दिलाने को लेकर विकास खंण्ड स्तरीय कृषक गोष्ठी ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा की अध्यक्षता में हुई। ब्लाक सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको डॉक्टर विनोद कुमार ने तरल आधारित नैनो यूरिया एंव नैनों डीएपी पर विस्तृत रुप से प्रकाश डालते हुए कहा कि तरल आधारित रासायनिक खादों के उपयोग एंव अन्य खादों की अपेक्षा किसानों के पैसों की बचत आदि विन्दुओ पर गोष्ठी में उपस्थित किसानों को जानकारी दी। एडीसीओ सहकारिता विजय कुमार सिंह ने कहा है कि भारत सरकार उ0प्र0 सरकार की सहकारिता मुहिम को मजबूत कर सरकार द्वारा 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 23 तक सदस्यता महा अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रत्येक समिति से कम से कम 200/ सदस्य और एक लाख शेयर जमा कराना है। उन्होंने कृषक गोष्ठी में मौजूद समिति के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एंव डायरेक्टर तथा ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्यों से इस मुहिम में सहयोग करने की अपील भी किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खनिज उर्वरक व इफ्को की तरल आधारित रासायनिक खादों के उपयोग करने की बात कही और गोष्ठी में मौजूद किसानों से इसका उपयोग करने की अपील किया। खण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक ने खादों की दक्षता पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला। बैठक में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा संग्राम सिंह वर्मा आलोक मिश्रा, असीम कुमार श्रीवास्तव अमित वर्मा रामकेदार वर्मा सुधांशू वर्मा रेहान खां सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# 5 वर्ष की मासूम से दुष्कर्म के आरोपी को मिली सजा

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



ऑपरेशन कनविक्शन के तहत सीओ सदर सुमित त्रिपाठी की सक्रिय मॉनिटरिंग से 77 दिन के भीतर सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने 5 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोपी अमित वर्मा को 20 वर्ष का कारावास और 35 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। बता दें कि बीती 13 जून को थाना सतरिख के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मापुर निवासी अमित वर्मा पुत्र स्वर्गीय जंग बहादुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। मामले में विवेचक डिप्टी एसपी सुमित त्रिपाठी ने विवेचना के दौरान 48 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी की और वाद से जुड़े अन्य साक्ष्यों के संकलन में जुट गए। जिसमें डिप्टी एसपी ने समुचित साक्ष्यों को एकत्रित कर मात्र 11 दिन के भीतर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। मामले की सोमवार को सुनवाई करते हुए %ऑपरेशन कनविक्शन% के तहत अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने वाद में प्रस्तुत साक्ष्यों को सक्षम मानकर आरोपी अमित को 20 वर्ष का कारावास व 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# गोविंद हत्याकांड का खुलासा, प्रेम संबंध में दोस्त ने की थी हत्या

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




जिले की सर्विलांस टीम व थाना देवा पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को गोविंद हत्याकांड का सफल अनावरण कर दिया। मामले में पुलिस ने एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। साथ ही उसके पास हत्या में उपयोग आई तेजाब भरी बोतल बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक महिला दोस्त के चलते मृतक से विवाद हो गया था। जिससे उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर उसकी पहचान मिटाने के लिए मृतक के चेहरे पर तेजाब डाल दिया। बता दें कि 30 नवंबर वर्ष 2022 में राम रूप पुत्र बहाऊ निवासी चकहार रेंदुवा पल्हरी कोतवाली को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका 17 वर्षीय पुत्र गोविंद यादव कहीं लापता हो गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश जारी कर दी। जिसका शव एक महीने बाद 8 दिसंबर को सीतापुर जनपद के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के मुबारकपुर कला गांव में नहर पटरी के किनारे बरामद हुआ। मामले में एसपी दिनेश कुमार सिंह ने घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसमें पुलिस ने मैन्युअल इंटेलिजेंस व डिजिटल डेटा की मदद से घटना के मुख्य आरोपी मास्टरमाइंड बाल अपचारी को दुंदपुरवा चौराहे के पास से संरक्षण में ले लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में उपयोग आया तेजाब बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक के मध्य एक लड़की से प्रेम संबंध को लेकर विवाद था। इसी बात को लेकर आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजना बनाई। और मृतक गोविंद को कार से सीतापुर जनपद के थाना महमूदाबाद क्षेत्र अंतर्गत मुबारकपुर कला के जंगल में शारदा सहायक नहर के पास झाड़ियों में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को छुपाने के लिए मृतक के चेहरे पर तेजाब डाल दिया। इस गिरफ्तारी के बाद अब मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

# अब अयोध्या बनेगी अभेद दुर्ग लगेंगे 3837 सीसीटीवी कैमरे

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

**योगी सरकार ने चलाई है आपरेशन दृष्टि योजना, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगी सुरक्षा व्यवस्था**



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रामनगरी की निगरानी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रामनगरी की निगरानी बेहतर ढंग से की जा सकेगी। राम मंदिर को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में यहां श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी होगी। ऐसे में रामनगरी की सुरक्षा पर नए सिरे से सुरक्षातंत्र चिंतन कर रहा है।राम मंदिर की सुरक्षा का नया प्लान बन रहा है, तो नगरीय क्षेत्र की भी निगरानी पुख्ता की जा रही है। शहर में अभी पुलिस की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके पीछे मकसद यह है कि चोर उचक्के या अपराधी अयोध्या दर्शन करने वाले किसी यात्री या विदेशी सैलानी को लूट न सके या कोई किसी प्रकार की अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम न दे सके।

## ऐसे होगी सुरक्षा व्यवस्था

सिस्टम के तहत ट्रैफिक सिग्नल के साथ उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे प्रमुख चौराहों पर लगवाए गए हैं। एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने बताया कि इस योजना की स्वयं मानीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना से शहर की निगरानी को और बल मिलेगा। आपरेशन दृष्टि के तहत पुलिस लोगों को कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने बताया कि चौराहों , पेट्रोल पंप, पार्क, बैंक, माल, बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान, कालोनी, घर व दुकानों के बाहर व गलियों में लगाये गए सीसीटीवी कैमरों को आपरेशन दृष्टि कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। आपरेशन दृष्टि के तहत चिन्हित किए गए स्थान 1526 हैं व 1523 जगह पर अभी तक कैमरे लगाए जा चुके हैं। कुल मिलाकर जिले में अब तक जो सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं उनकी संख्या 3837 हैं। इससे अभी तक जनपद में आठ आपराधिक मामलों का पर्दाफाश किया गया हैं। एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से अब अयोध्या की सुरक्षा और मजबूत हो जाएगी।अपराधी को अपराध करने से पहले पकड़े जाने का डर सताएगा।

# लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस को सांसद लल्लू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



रामनगरी अयोध्या को मिल रही रेल सुविधाओं में एक और कड़ी जुड़ गई।अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस को सांसद लल्लू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले रेलवे स्टेशन पर जनसभा का आयोजन किया गया। तुलसी एक्सप्रेस को देखकर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के चेहरे पर प्रसन्नता का भाव था।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मुंबई जाने वाले यात्रियों की काफी दिनों से मांग थी कि अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन ट्रेन का संचालन हो। मुंबई जाने के लिए यहां कई जनपदों के यात्री आकर ट्रेन पकड़ते हैं। जिससे भीड़ का काफी दबाव रहता है। प्रयागराज से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस अब अयोध्या कैंट से यात्रियों हेतु उपलब्ध रहेगी। यह ट्रेन सोमवार व बुधवार को चलेगी। अभी अयोध्या से रविवार व गुरुवार को साकेत एक्सप्रेस, 15101 व 15102 एलटीटी छपरा से मुम्बई वाया अयोध्या बुधवार व शनिवार व 22103/22104 एलटीटी अयोध्या कैंट मंगलवार को चल रही है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि रामनगरी अयोध्या का विकास केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। अयोध्या आने व यहां से जाने वाले यात्रियों को अपेक्षित सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

तुलसी एक्सप्रेस का संचालन अयोध्या कैंट से प्रारंभ होना पर्यटकों श्रद्धालुओं के साथ व्यापारियों के लिए भी लाभप्रद होगा। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों से युक्त रेलवे स्टेशन का निर्माण अयोध्या में हो रहा है। अयोध्या आने वाले पर्यटकों को शीघ्र ही एयरपोर्ट की सुविधा भी मिलेगी। हजारों करोड़ की परियोजनाओं से अयोध्या का विकास किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि संतो श्रद्धालुओं पर्यटकों व अयोध्या के नागरिकों की हर अपेक्षा को पूरा करने के लिए सांसद लल्लू सिंह हमेशा प्रयासत रहते हैं। तुलसी एक्सप्रेस का संचालन अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होना जनपद के यात्रियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पांडे, अवधेश पांडे बादल, राकेश पांडे राणा, इंद्रभान सिंह, चंद्रभान सिंह, विशाल सिंह बाबा, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, अभय सिंह, गिरीश पांडे डिप्पुल, मुन्ना सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, गणेश गुप्ता, राजकुमार सचदेवा, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

## चौगोड़वा में चलेगा सेवा से संतृप्तिकरण अभियान

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर 01 सितम्बर को ब्लाक नवाबगंज अन्तर्गत न्याय पंचायत चौगोड़वा में विभागीय अधिकारियों के भ्रमण एवं निरीक्षण के माध्यम से पात्र असंतृप्त अभ्यर्थियों को आच्छादित किया जायेगा। अभियान के दौरान न्याय पंचायत की सभी ग्राम पंचायतों चनैनी, सतीजोर, चौगोड़वा, गोविन्दापुर पंडित, बसन्तपुर कालिका, धरमनगर, बनकसही, मिर्ज़ापुर तिलक, बिरईगांव, भक्तापुर व गुलहरिया के ग्रामवासियों को लाभान्वित किया जाएगा। प्रत्येक वृहस्पतिवार को संचालित होने वाला संतृप्तिकरण अभियान वृहस्पतिवार 31 अगस्त को रक्षाबंधन का अवकाश पड़ने के कारण शुक्रवार 01 सितम्बर को संचालित होगा। अभियान के दौरान चिकित्सा एवं दिव्यांगजन विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने, गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच एवं टीकाकरण, परिवार नियोजन, चश्मा वितरण, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम से आच्छादित करने, मोबाइल मेडिकल हेल्थ यूनिट द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगजन लाभार्थियों को यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाएगें।

# सामाजिक संस्था द्वारा बच्चियों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



सामाजिक संस्था आरोही एक उड़ान के द्वारा उदया पब्लिक विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन। कार्यक्रम में डॉक्टर अंजली श्रीवास्तव, डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव संस्था की अध्यक्षा पल्लवी वर्मा व पदाधिकारी अमिता सिंह, प्रज्ञा श्रीवास्तव सम्मिलित हुई। डॉक्टर अंजली श्रीवास्तव द्वारा स्कूली बच्चियों को स्वास्थ्य और पीरियड के बारे में बताया, बच्चियों ने अपनी प्रोब्लब के बारे में पूछा जिसे डॉक्टर द्वारा उसका निवारण किया गया। डॉक्टर अंजली श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है-पीरियड्स। एक ऐसी प्रक्रिया जिसके बारे में जानते हुए भी इसे छुपाया जाता है, इसके बारे में बात करने से हिचकिचाया जाता है। जबकि पीरियड्स के बारे में खुलकर बात करने की जरूरत है, खासकर तब जब किशोरियों में इस प्रक्रिया की शुरुआत हो। पहली बार पीरियड्स के होने पर बच्चियों के मन में घबराहट, असमंजस, डर और चिंता भी उपजती है। इस समय होने वाला असंतुलन उन्हें और भी डरा देता है क्योंकि वे इसके बारे में कम जानती हैं। ऐसे में उन्हें सही और उचित जानकारी देना न केवल इस प्राकृतिक प्रक्रिया को लेकर उनके मन से असमंजस को हटा देता है, बल्कि उसे पीरियड्स के दौरान सामान्य जीवन जीने में भी मदद करता है।ऐसी कई स्थितियां हैं जो पहली बार पीरियड्स शुरू होने के बाद बनती हैं और जिनके बारे में सही जानकारी किशोरियों तक पहुंचानी आवश्यक हैं। यह जानकारी उन्हें उनकी माँ, टीचर, बड़ी बहन या घर की कोई भी महिला दे सकती है। कार्यक्रम का संचालन संस्था की अध्यक्षा पल्लवी वर्मा द्वारा किया गया।

## मां सरयू की आरती की प्राचीन परंपरा को जिन्दा रखना हमारी प्राथमिकता : राजेश महाराज

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में माँ सरयू की संध्या आरती व प्रसाद वितरण का कार्य अनवरत तीन महीने से किया जा रहा है।

बताते चलं कि श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता प्राचीन मन्दिर प्रहलाद घाट पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पुण्य सलिला मोक्ष दायिनी माँ सरयू जी की आरती की जाती हैं द्य श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने बताया कि हमारे ट्रस्ट का माँ सरयू जी की आरती करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपनी प्राचीन परंपरा को लोग धीरे धीरे भूलते जा रहे है द्य उसी प्राचीन परंपरा को जीवित रखने के लिए श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा लगातार तीन महीने से की जा रही हैं द्य माँ सरयू जी की आरती बड़ी ही धूमधाम से हजारों की संख्या में भक्तों ने की और फल और प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर हजारों की संख्या में संत महंत और भक्त माँ सरयू जी आरती में शामिल हुए।

# जिला पंचायत परिसर में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



सोमवार को सरकार की योजनाओं की और उपलब्धियां की जानकारी जनता को देने के लिए जिला पंचायत परिसर में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। जिसका जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया है।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि चित्र प्रदर्शनी के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं सरकार की उपलब्धियां आकर्षक ढंग से प्रस्तुत की गई है। आम जनमानस को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाने हेतु चित्र प्रदर्शनी काफी बेहतर माध्यम है। उन्होंने आम जनमानस से जिला पंचायत परिसर में लगी चित्र प्रदर्शनी में आकर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किए जाने की अपील की।

तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा लगाई गई है। चित्र प्रदर्शनी में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट, जी 20 सम्मेलन आदि के विषय आकर्षक ढंग से विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला पंचायत, जिला सूचना अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## वायरल वीडियो पर तुलसीपुर विधायक ने की प्रेस वार्ता, रखा अपना पक्ष

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

गत 27 जुलाई को तुलसीपुर विधायक के भतीजे और कुछ अन्य लोगों द्वारा मारपीट की घटना हुई थी। जिसका वीडियो वायरल किया जा रहा था । इसी वीडियो के बेस पर कुछ यूट्यूब चैनलों पर खबर भी चलाई गई थी। इसीको लेकर तुलसीपुर से भाजपा विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की और अपना पक्ष रखते हुए तमाम सबूत पेश किए हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान विधायक ने कहा कि पिछ्ले लगभग सात वर्षो से मैं आप सभी के आशिर्वाद से विधायक के रुप में आपके बीच में हूं। इसके पहले का भी मेरा आचरण व्यवहार खुली किताब की तरह रहा है। विशेष रूप से विधायक बनने के बाद मैंने हमेशा यह प्रयास किया कि जिले या विधानसभा क्षेत्र में मेरी राजनैतिक शुचिता पर कोई प्रश्न चिह्न न लगने पाये।

कोई मेरा कितना भी नजदीकी रिश्तेदार हो, पारिवारिक सदस्य हो, कार्यकर्ता हो, उसके अनुचित स्टैण्ड को मैंने कभी समर्थन नही दिया। विधायक होने के बावजूद मेरे एकमात्र पुत्र को स्थापित करने अथवा पहचान देने का कभी सोंच नही रखी। कहीं किसी ठेका पट्टा किसी और व्यवस्था में मेरा अथवा मेरे किसी नजदीकी का कोई हस्तक्षेप होता हो तो आप कह सकते हैं। कभी कभी मेरे सहयोगी गण या आम लोग मेरे इस स्वभाव को मेरी कमजोरी मानने लगते हैं। फिर भी मैं अपने तरीके से ही राजनीति करने में विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा जहां तक तथाकथित मार पीट की घटना का प्रश्न है।

# सावन के आखिरी सोमवार को कांवरियों का जत्था रवाना

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**



महाराजगंज कस्बा से सावन के आखिरी सोमवार को कांवरियों का जत्था रविवार शाम को राप्ती नदी में जल भरने के लिए बस स्टॉप से रवाना हुआ। कांवरिया जत्था को गणेश प्रसाद सोनी ग्राम प्रधान व थाना प्रभारी विजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कांवरिया के सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापक पुलिस व्यवस्था की इंतजाम किया गया था। कांवरिया जत्था पैदल पदयात्रा करते पांच शिवालों पर जलभिषेक करते प्राचीन शिव मंदिर बाबा कुटी पर जल अभिषेक किया। सोमवार महाराजगंज कस्बा सहित क्षेत्र का कांवरिया जत्था राप्ती नदी से जल भरकर वैदिक मित्रों के साथ पैदल पदयात्रा करके कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। बिल्हा मोड़ से होते हुए रमईडीह टेढवा मोड़ पहुंचा। जहां पर शिव के भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कांवरिया का जत्था भक्ति के गानों पर डांस करते हुए कौवापुर महाराजगंज बस स्टॉप पर पहुंचा। जहां पर शिव के भक्तों द्वारा कांवरिया जाता का स्वागत किया गया। कांवरिया का जत्था प्राचीन शिव मंदिर बाबा कुटी पर शिवलिंग पर जल अभिषेक किया। नागा बाबा कुटी के महंत नृत्य गोपाल दास का कांवरियों ने आशीर्वाद लिया।

जल अभिषेक के बाद कांवरिया संघ के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की व्यापक व्यवस्था रही। कांवरियां के स्वागत में विनोद नेपाली दिनेश जायसवाल रक्षा राम गुप्ता भोला जायसवाल गोपी जायसवाल अमित कुमार बंटी राज कौशल सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री का आगमन आज

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** प्रदेश के मंत्री, मत्स्य/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद का 29 अगस्त को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। डॉ. निषाद पूर्वान्ह 11:15 बजे श्री मॉ काली केवट मन्दिर, चन्द्रनगर, घसियारी टोला (चांदपुरा) बहराइच में द्वितीय विशाल भण्डारा एवं रूद्राभिषेक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर अपरान्ह 12:30 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच आ जायेंगे। मंत्री डॉ. निषाद अपरान्ह 01:55 बजे सावरिया रिज़ार्ट पहुंचकर भारत-24 न्यूज़ चैनल के कान्क्लेव विजन ऑफ न्यू उत्तर प्रदेश कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे, तदोपरान्त अपरान्ह 02:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर अपरान्ह 04:30 बजे जनपद गोरखपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने दी है।

# सांसदों के आवास पर घंटी बजाकर अटेवा ने की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्षरत संगठन अटेवा ने अपने प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर बहराइच जिले के सांसदों के आवास की घंटी बजाकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की अटेवा बहराइच के संयोजक संदीप वर्मा के नेतृत्व में अटेवा के पदाधिकारी एवं जिले के पेंशन विहीन साथियों ने बहराइच लोकसभा के सांसद अक्षयवर लाल गौड़ के बहराइच स्थित आवास पर पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। सांसद ने अटेवा के साथियों को आश्वासन दिया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए भारत सरकार और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को भी पत्र लिखूंगा। इस मौके पर बहराइच के जिला महामंत्री राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि देश के एक करोड़ से अधिक शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी पुरानी पेंशन से वंचित हैं। यह और इनका परिवार व रिश्तेदार मिलकर पुरानी पेंशन के लिए सड़क से संसद तक मजबूत लड़ाई लड़ते रहेंगे। फार्मासिस्ट विभाग (चिकित्सा) के जिला अध्यक्ष श्री सुमुख पाठक ने बताया कि उनका संगठन पुरानी पेंशन की मांग के लिए अटेवा के साथ मिलकर लगातार संघर्ष करता रहेगा और आगामी 17 सितंबर 2023 को अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के बहराइच आगमन व 1 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में जिले के चिकित्सा विभाग के सभी कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। नारा होगा जो पेंशन बहाल करेगा वही देश पर राज करेगा।

## पॉस्को एक्ट के आरोपी को 5 साल की सजा

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस की प्रभावी पैरवी पर पास्को एक्ट के आरोपी को 5 साल के सश्रम कारावास और 30000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ( नगर ) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में थाना कोतवाली देहात से सम्बन्धित अभियोग इसमें एक युवक की ओर से बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला कोतवाली देहात थाने पर दर्ज किया गया। पुलिस ने अजय कुमार पुत्र उमेश कुमार श्रीवास्तव निवासी धनकुट्टीपुरा के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ पास्को एक्ट की धारा भी बढ़ाई थी।

कोतवाली नगर पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया था।

# रोटरी क्लब बलरामपुर का 40 वां पद ग्रहण समारोह संपन्न

- डॉ प्रांजल त्रिपाठी अध्यक्ष व अभिषेक सिंह ने सचिव पदभार किया ग्रहण
- एमएलकेपीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित हुआ पद ग्रहण समारोह




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीज कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल में रविवार की रात रोटरी क्लब का 40 वां पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटेरियन के के श्रीवास्तव ने नव निर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री के साथ सदस्यों को रोटरी शपथ दिलाई।

जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को रोटरी क्लब बलरामपुर का 40 वन पद ग्रहण समारोह एमएलकेपीजी कॉलेज के सभागार में संपन्न हो गया समझ में दुनिया में आशा पैदा करो के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न समाजसेवियों मेधा बीच छात्र-छात्राओं एवं नए सदस्यों को सम्मानित भी किया गया 27 अगस्त रविवार की देर शाम आयोजित पद ग्रहण समारोह वाराणसी से पधारे मुख्य अतिथि पीजी रोटेरियन के के श्रीवास्तव मंडल प्रशिक्षक जिला 3120 विशिष्ट अतिथि डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव कार्डियक सर्जन डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल लखनऊ, फाउंडर प्रेसिडेंट जोनल इनीशिएटिव एवं डॉक्टर जेपी पांडेय प्राचार्य एमएल जेपीजी कॉलेज द्वारा दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ समारोह का शुभारंभ किया।

डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुती के उपरांत अतिथियों का परिचय कराया गया। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन महेंद्र पाल सिंघ व सचिव रोटेरियन सुशील अग्रवाल द्वारा वर्तमान सत्र के नव चयनित अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर प्रांजल त्रिपाठी तथा सचिव रोटेरियन अभिषेक सिंह को रोटरी कलर तथा पी बदलकर पदभार ग्रहण कराया गया।

मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष रोटेरियन के के श्रीवास्तव द्वारा नए पदाधिकारी तथा सदस्यों को रोटरी शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष डॉक्टर प्रांजल त्रिपाठी द्वारा वर्ष 2023 - 24 के आगामी कार्य योजना की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए नए सदस्यों सहित सभी रोटेरियन से सहयोग की अपेक्षा की गई। देश से भविष्य के समस्त कार्यक्रम भव्यता के साथ कुशलतापूर्वक संपन्न हो सके। मांडवी तिवारी द्वारा शानदार गीत प्रस्तुत किया गया, वहीं डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा समसामयिक लघु नाटिका प्रस्तुत कर सोशल मीडिया व मोबाइल के सुरक्षित उपयोग पर संदेश दिया गया जिसे मौजूद लोगों ने खूब सराहा गया।

कार्यक्रम में आए तिथियो को किया गया सम्मानितः कार्यक्रम में डॉक्टर रंजन विसद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच श्रावस्ती ने अपनी उत्कृष्ट कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया । डॉ रंजन की श्री राम पर कही गई कविता की खूब सराहना की गई।

### दर्जन भर गणमान्य व्यक्तियों ने ली नई सदस्यता

वर्तमान वर्ष में एक दर्जन से अधिक नए लोगों ने रोटरी क्लब की सदस्यता ग्रहण की। नए सदस्यों में प्रमुख रूप से डॉक्टर आसिफ हुसैन ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ महेश वर्मा बाल रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर रेवती रमन शुक्ला, डॉक्टर अख्तर खान, डॉ अभिषेक यादव, संतोष पोरवाल, शंकर लाल चौहान, अशोक सोनी एवं डॉक्टर जनार्दन प्रसाद पांडे सहित 12 नये सदस्यों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह व रोटरी पिन पहनाकर मंडल अध्यक्ष द्वारा सदस्यता दिलाई गई।

# नौनिहालों में विज्ञान की प्रतिभा विकसित करेगी बाल विज्ञान कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**




31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस जनपद बहराइच की जनपद स्तरीय शिक्षक मार्गदर्शक कार्यशाला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी बहराइच में संपन्न हुई । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जनपद के कोने कोने में विज्ञान प्रतिभाओं की खोज करना एवं बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का अंकुरण कर स्थानीय परिवेश में तार्किक वैज्ञानिक खोज की दिशा में उन्हें आगे बढ़ाना है। कार्यशाला की शुरुआत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रविशंकर शुक्ल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान विभाग डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव रहे। जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस डॉ नंद कुमार शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना है। इसके अंतर्गत 10 से 17 आयु वर्ग के बच्चे किसी स्थानीय समस्या की पहचान करते हुए विज्ञान के तरीकों का अनुसरण करते हुए अवलोकन, मापन, विश्लेषण, व्याख्या निष्कर्ष तथा परिणाम के प्रस्तुतीकरण के द्वारा समाधान के प्रयास प्रस्तुत करते हैं। जिला समन्वयक ने बताया कि विद्यालय स्तर पर चयन के पश्चात बच्चों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन नोडल स्तर पर तथा उसके पश्चात जनपद स्तर पर प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया जाएगा। जनपद स्तर पर चयनित बच्चे पुनः राज्य स्तर पर तथा राज्य स्तर से चयनित बच्चों राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभाग करेंगे। मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद कुमार श्रीवास्तव ने प्रोजेक्ट तैयार करने की विधियों के क्रम को विस्तार से समझाया। इकोसिस्टम के बारे में कि मानव जीवन के क्रियाकलाप किस प्रकार पारितंत्र को प्रभावित कर रहे हैं, आवश्यक जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में 50 से अधिक विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में प्रद्युम्न कुमार पांडे, जितेंद्र पाल सिंह, श्याम पाल सिंह, देवेंद्र कुमार मिश्रा, सुशील कुमार श्रीवास्तव, वीणा द्विवेदी, शशि वर्मा, शैलेंद्र कुमार, रितु सिंह, सत्य प्रकाश, मंजू श्रीवास्तव, नम्रता सिंह, विशाल पांडे आदि ने प्रतिभाग किया।

# गांधी परिवार उस किस्म का नहीं है, जो मीठी-मीठी बातें बोलकर वोट ले ले : वरुण गाँधी

* पौधारोपण और जनसंवाद कार्यक्रम के लिए एक दिवसीय दौरे पहुंचे थे सांसद

जन एक्सप्रेस। डॉ इसरार अहमद





**पीलीभीत।** एक दिवसीय दौरे पर आये सांसद वरुण गाँधी ने जनसंवाद कार्यक्रम में राजा और गायक की कहानी सुनाते बिना नाम लिए तंज कसा। सांसद ने कहा कि राजा के पास एक गायक आया और बहुत सुंदर गीत सुनाया, जिस पर राजा ने उसे एक बीघा जमीन देने की घोषणा कर दी। इस पर गायक को लालच आ गया और वह कई गाने सुनाये। गायक जैसे-जैसे गीत सुनाता गया राजा ने सोना, जमीन, महल आदि देने की घोषणा कर दी। गायक काफ़ी खुश हुआ और घर जाकर पत्नी को सारी बातें बताई, तो पत्नी भी खुश हो गईं। लेकिन काफ़ी दिन बाद भी ज़ब इनाम नहीं मिला तो गायक राजा के पास गया और पूछा। इस पर राजा ने कहा काहे का उपहार, आपने हमारे कान खुश किए मैंने आपके कान खुश कर दिए। इसमें लेनदेन की बात कहा से आ गईं। सांसद ने कहा कि गांधी परिवार उस किस्म का नहीं है, जो आपको मीठी-मीठी बातें बताकर आपका वोट चोरी कर ले। सांसद ने कहा मैं भले कड़वी बात बोलू, लेकिन बोलूंगा हमेशा सच। मैं वह व्यक्ति नहीं हूं जो केवल झूठा ड्रामा करके आपका वोट लेकर चला जाऊं। सांसद वरुण गाँधी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पीलीभीत पहुंचे। खमरिया पुल पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सांसद नगर क्षेत्र के राजघाट पार्क, कृष्णालोक व मरौरी ब्लॉक के पीराताल में पौधारोपण कार्यक्रम में पहुंचे और फलदार पौधे लगाए। सांसद ने स्वस्थ पर्यावरण के लिए लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए जोर दिया। उसके बाद सांसद वरुण गांधी ने ग्राम पीराताल, मोहम्मदगंज, सैजना, गोयल कॉलोनी, महुआ, जमुनिया, इग्घरा आदि ग्रामों में जनसंवाद कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सांसद ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कब तक हमारे बच्चे पलायन कर ईंट भट्ठो पर काम करेंगे। सरकार को इस पर सोचना चाहिए। बड़े-बड़े शहरों बड़े-बड़े नगरों में रोजगार है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा कुछ नहीं है। सरकार को उद्योगपतियों से निवेदन करना चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में कारखाने लगाए, ताकि यहां के लोगों को काम मिले। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सांसद ने सिक्खों की तारीफ करते हुए कहा कि सिक्खों ने देश के लिए काफ़ी बलिदान दिए हैं, अपना खून बहाया, लेकिन दुःख होता ज़ब उनको अपने अनाज की सुरक्षा के लिए कई जाने गंवानी पड़ी। तब हमने आवाज उठाई। आपने हमें संसद इसलिए भेजा था, ताकि मैं आपकी लड़ाई लड़ सकूं।

### पीलीभीत का रिश्ता एक पवित्र संगम कि तरह है: सांसद

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सांसद ने कहा कि यह गांव बहुत बड़ा तो नहीं है, लेकिन इस गांव का दिल एक समुद्र से भी ज्यादा बड़ा है। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि हमारा पीलीभीत लोकसभा का रिश्ता एक पवित्र संगम की तरह है। हम जहां भी जाते हैं, तो लोग हमसे पूछते हैं कि पीलीभीत कैसा है। पीलीभीत के लोग कैसे हैं। यह पहचान दिलाने के लिए यहां जितने भी लोग बैठे हैं, सबका योगदान है। मुझे और मेरे परिवार को खड़ा करने के लिए आप सभी का काफ़ी योगदान है। इसलिए मैं भी आपके लिए हमेशा तत्पर हूं। आपको कहीं भी किसी भी प्रकार की जरूरत हो बताएं। मेरी मां ने 30 साल सेवा की, मैं भी सेवा कर रहा हूँ, लेकिन परिवार की तरह।

### आप लोग अपने आपको गिरवी न रखें: सांसद

सांसद ने कहा कि आप लोग किसी को भी वोट दें, लेकिन भेड़ चाल जैसा काम न करें। अपना दिमाग लगाए। कोई आए और नारे बोल दे और आप उसे वोट दे दें, ऐसा न करें। अगर आपने ऐसा किया तो आपकी गिनती भी वैसी होगी जैसे मनुष्य सिर्फ एक संख्या है। सांसद ने कहा मैं नहीं चाहता हूं कि आप संख्या बने। मैं चाहता हूं कि हर एक व्यक्ति की अपनी पहचान हो, उसकी एक सोच हो, एक समाज हो। सांसद ने कहा कि अगर मैं गलती कर रहा हूँ तो आप हां में हां न मिलाएं,मुझसे भी सवाल करें, जो भी करें अपने चैतन्य से करें। अपना विवेक इस्तेमाल करें। किसी को गिरवी मत रखो।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम के दौरान एडीएम रामसिंह गौतम, सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएफओ संजीव कुमार के अलावा सांसद सचिव कमलकांत, कार्यालय प्रभारी दीपक पाण्डेय, राम नरेश वर्मा, सतेंद्र वर्मा, नन्हे लाल कश्यप, जगदीश लोधी, बबलू वर्मा, राजेश वर्मा, प्रेमशंकर वर्मा, नरेश राठौर, बालकराम वर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, जसवंत लोधी, रविंद्र प्रताप सिंह, सूरज शुक्ला, वतनदीप मिश्रा, पवन मिश्रा, जगन्नाथ, प्रकाश शर्मा, प्रमोद पटेल आदि मौजूद रहे।

# पट्टे के नाम पर अवैध वसूली के मामले में एसडीएम ने गठित की जांच टीम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

* ग्राम प्रधानों ने की थी मामले की शिकायत
* टीम में नामित अधिकारी को 15 दिन में जांच कर आख्या देने के दिए निर्देश

**पूरनपुर।** गांव मैनी गुलड़िया, सिमरा ताल्लुक महाराजपुर और राजपुर ताल्लुक महाराजपुर के ग्राम प्रधानों ने कुछ लोगों पर पट्टे कराने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कलीनगर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने शिकायत का संज्ञान लिया और दो सदस्यीय टीम गठित की। इसमें कलीनगर तहसीलदार और माधोटांडा थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। टीम में नामित अधिकारी को गहनतापूर्वक स्थलीय और अभिलेखीय जांच कर संयुक्त आख्या 15 दिन के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामला कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव सिमरा ताल्लुक महाराजपुर, राजपुर ताल्लुक महाराजपुर और मैनी गुलड़िया में करीब 181 एकड़ जमीन का है। कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत मैनी गुलड़िया की प्रधान पवनदीप कौर, राजपुर ताल्लुक महाराजपुर के मुकेश यादव और सिमरा ताल्लुक महाराजपुर की प्रधान सरनजीत कौर ने कलीनगर एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। इसमें कुछ लोगों पर पट्टे के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया गया था। उनका कहना है कि उनकी पंचायतों में करीब 181 एकड़ कृषि भूमि है। इसके संबंध में न्यायालय आयुक्त, बरेली मंडल बरेली में मामला विचाराधीन है। आरोप है कि इसके बावजूद कुछ असामाजिक लोग उस जमीन के पट्टे कराने के नाम पर अवैध रूप से भोले-भाले लोगों से धन उगाही कर रहे हैं। इससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। तहसील प्रशासन को 13 मार्च को लिखित में शिकायत की गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इससे उनके हौंसले बुलंद हैं। प्रधानों ने पट्टे के नाम पर लोगों से अवैध वसूली करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत का कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने संज्ञान लिया। उन्होंने बताया प्रधानों की शिकायत के निस्तारण के लिए जांच टीम गठित की गई।

## गांव पहाड़गंज में 22 वें उर्स मेले में कव्वालों ने बांधा समां

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**बीसलपुर।** गांव पहाड़गंज में 22 वां सालाना उर्स व मुवारक हजरत ख्वाजा सूफी अहमद, कबीर शाह उर्फ बनारसी मियां रहमतुल्ला अलह का उर्स 27 से 30 अगस्त तक चलेगा। जिसमें देश विदेश से कब्बाल व मुरीद आये हुए हैं। गांव पहाड़गंज में 22 वां सालाना उर्स व मुवारक हजरत ख्वाजा सूफी अहमद, कबीर शाह उर्फ बनारसी मियां रहमतुल्ला अलह का उर्स 27 से 30 अगस्त तक चलेगा। उर्स में दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, बिहार, बनारस, बलिया आदि प्रदेशों व विदेशों से दरगाह मजार पर आये हुए हैं। सभी लोग हिन्दू मुस्लिम, सिख, ईशाई, सूफी संत, बनारसी मियां के मुरीद श्रद्धालु मोहब्बत, श्रद्धा रखते हैं। पिछले 115 वर्ष की आयु में पर्दा महाप्राण कर गये सूफी बहुत ही सहनशील ईश्वरप्रेमी थे। मेले में भंडारा लंगर भी चल रहा है। 28 अगस्त की रात में महफिल ए समा कब्बाली, आम चादरपोशी 29 अगस्त को कुल शरीफ दिन में 10 बजे होगा।

## बाबा गुलेश्वरनाथ मंदिर पर कांवड़ियों ने बोले हर हर बम बम के जयकारे

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**बीसलपुर।** सावन महा के आठवें सोमवार को शिवालयों में देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। गुलेश्वर नाथ मंदिर में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। सोमवार को प्रातः से ही शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई देने लगा। प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की सुबह 6 बजे से ही भीड़ एकत्र हो गई। श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े होकर मंदिर में प्राचीन शिवलिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के निर्देश पर मंदिर परिसर की व्यापक सफाई कराकर चूने का छिड़काव किया गया। मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से चिकित्सकों की टीम तथा श्रद्धालुओं की मदद के लिए पालिका की टीम उपस्थित रही। मठिया नाथ मंदिर पर भगवान शिव की पूजा का विशेष उत्सव मनाया गया। मंदिर को गेंदे के फूलों से सजा कर मंदिर के प्रबंधक केशव गुप्ता द्वारा जलाभिषेक किया गया। इसके अलावा बड़ा स्थल शिव मंदिर, राम जानकी मंदिर, बेनी राम मंदिर, बंगाली बाबा मंदिर, देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर, गौरी शंकर मंदिर सहित नगर के 1 दर्जन से अधिक शिव मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की। गौरी शंकर मंदिर में मंदिर व्यवस्थापक ब्रह्मेतार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एबीएसए ने मांगा स्पष्टीकरण

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। जौनपुर विकास खंड सुईथाकला क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बूढ़पुर में बतौर सहायक अध्यापक पद पर तैनात शिक्षक सूर्य प्रताप भार्गव से एबीएसए द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। गौरतलब हो कि उक्त शिक्षक द्वारा विगत 22 अगस्त को बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने और मानव सम्पदा पोर्टल पर अप्लाई न किए जाने से उक्त की मांग की गयी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि उक्त की जानकारी प्रधानाध्यापक द्वारा व्हाट्सएप पर भेजे गए उपस्थिति रजिस्टर के फोटोग्राफ्स से हुई। मामले में उचित स्पष्टीकरण न देने की दशा में सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जौनपुर में सात हजार रुपए घूस लेते लेखपाल गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। भ्रष्टाचार निवारण संगठन वाराणसी की टीम ने आज सोमवार को जौनपुर जिले में मछलीशहर तहसील एवं मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव भिदूना के हल्का लेखपाल को सात हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के निरीक्षक नीरज कुमार सिंह के अनुसार जौनपुर जिले के मछलीशहर तहसील के भिदूना गांव निवासी सुनील सिंह ने शिकायत किया कि वह सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपनी आराजी संख्या 1140 की पैमाइश कराने के बाबत प्रार्थना पत्र दिया था। हल्का लेखपाल मुकेश यादव से पैमाईश करने और रिपोर्ट लगवाने के लिए कई बार कहा तो उन्होंने सात हजार रुपए की मांग की, इसकी शिकायत सुनील सिंह द्वारा भ्रष्टाचार निवारण संगठन वाराणसी के कार्यालय में की गई। उन्होंने कहा कि संगठन के अधिकारियों द्वारा बनाई गई योजना के अनुसार आज सोमवार को लेखपाल को गांव में पैसा देने के लिए बुलाया गया। दोपहर में बिरजन के घर के पास सड़क पर सुनील सिंह ने जब लेखपाल मुकेश यादव को सात हजार रुपए दिया तभी पहले से मौजूद टीम के सदस्यो ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उनके जेब से उक्त धनराशि बरामद कर हाथ धुलवाया तो हाथ लाल हो गया। टीम के सदस्य गिरफ्तार लेखपाल को लेकर मछलीशहर कोतवाली पहुंचे जहा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में मारी टक्कर, गर्भवती की मौत

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। पुलिस लाइन गेट के सामने तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे स्कूटी पर बैठी गर्भवती महिला की मौत हो गई। वहीं पति घायल हो गए। महिला 20 मीटर तक कार में घिसटते हुए चली गई। एक सप्ताह बाद महिला को प्रसव होना था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आईजी रेंज कार्यालय से सेवानिवृत्त दरोगा संजय सिंह पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवास में रहते हैं। चांदमारी में उनका मकान बन रहा है। संजय की इकलौती बेटी वैष्णवी सिंह (24) और उनके दामाद विक्रम शत्रुघ्न सिंह स्कूटी से चांदमारी मकान पर जा रहे थे। जैसे ही पुलिस लाइन के बाहर निकले तभी तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### एसओ का फर्जी दस्तखत बनाकर फ्रीज खाता खुलवाने बैंक पहुंच गए सिपाही, निलंबित, डीसीपी ने बैठाई जांच

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। थानेदार का फर्जी दस्तखत बनाकर दो सिपाही फ्रीज अकाउंट खुलवाने बैंक पहुंच गए। शक होने पर मैनेजर ने एसओ से संपर्क किया तो सिपाहियों की करतूत उजागर हुई। दोनों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं मामला संज्ञान में आने पर डीसीपी वरूणा जोन ने विभागीय जांच बैठा दी है। मामला शिवपुर थाने का है। शिवपुर थाने में एक मुकदमा दर्ज है। इसमें विवेचना के दौरान पुलिस ने बैंक खाता फ्रीज करा दिया है। बैंक खाता से संबंधित व्यक्ति ने थाने के सिपाहियों सत्येंद्र गौड़ और दीपक कुमार से संपर्क किया। उसने फ्रीज खाता चालू कराने के लिए 50 हजार रुपये का लालच दिया। इस पर सिपाहियों ने एसओ का फर्जी दस्तखत बनाकर खाता चालू कराने के लिए शाखा प्रबंधक को पत्र लिखा और खुद थाने पहुंच गए। मैनेजर से खाता चालू करने का अनुरोध किया। मैनेजर ने एसओ से संपर्क किया तो सिपाहियों की करतूत सामने आई। मामला संज्ञान में आने पर डीसीपी वरूणा जोन अमित कुमार ने सिपाहियों को निलंबित कर दिया। एसओ के अनुसार थाने के दो सिपाहियों को निलंबित किया गया है।

## मंडलायुक्त ने संज्ञान लेकर हाईवे पर बने जानलेवा गड्ढों की कराई पिचिंग

* सपा नेता ने हाईवे पर पिचिंग कर प्रशासन को दिखाया था आईना
* पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे का मामला

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**पूरनपुर।** पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर घाटमपुर के त्रिवेणी घाट पुल के पास मिट्टी धंसने से जानलेवा गड्ढा बन गया था। शिकायत के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग ने संज्ञान नहीं लिया।12 अगस्त को समाजवादी पार्टी युवा नेता परमजीत सिंह ने फावड़ा उठाकर गड्ढे की पिचिंग कर विभाग को आईना दिखाया था। मामले में मंडलायुक्त ने संज्ञान लिया। इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने हाईवे पर बने जानलेवा गड्ढों को भरवा दिया। पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे का पांच वर्ष पूर्व निर्माण कार्य कराया गया था। पूरनपुर से लेकर शाहजहांपुर की सीमा तक डेढ़ दर्जन से अधिक पुलियों का निर्माण कार्य भी कराया गया था। लगातार बरसात होने से अधिकांश पुलियों के पास हाईवे धंस गया था।ठोकर बनने के कारण बाइक सवार राहगीर आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे थे। तार जनों बाइक सवार राहगीर गढ़ों में गिरकर चोटिल हो चुके थे। ग्रामीणों का आरोप था कि पीडब्ल्यूडी विभाग व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बाद भी मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया । 12 अगस्त को घाटमपुर निवासी समाजवादी पार्टी युवा नेता परमजीत सिंह ने हाइवे पर बने जानलेवा गड्ढे की पिचिंग कर प्रशासन को आइना दिखाया था।बरेली मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मामले में संज्ञान लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को दो सप्ताह में पिचिंग कर हाईवे को गड्ढा मुक्त कराने के आदेश दिए। मंडलायुक्त के आदेश के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने रविवार पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर बने जानलेवा गड्ढों व बरसात से धंसी पुलियों की पिचिंग करा दी गई।

## प्रयागराज पहुंचे प्रमोद ने टटोली सियासी नब्ज कार्यकर्ताओं व मित्रों से घंटों की गुफ्तगू

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



कांग्रेस से राज्य सभा सदस्य व पार्टी के राष्ट्रीय इकाई के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे। शहर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर शहर की सियासी नब्ज टटोली। कार्यकर्ताओं का हालचाल जाना और पुराने मित्रों से घंटों बतियाए। एलगिन रोड स्थित आवास पर पार्टी के नेताओं को सम्बोधित किया। कहा, चुनाव की तैयारी में मन से जुट जाइए। कायदे से की गई मेहनत का सार्थक, बेहतर परिणाम मिलेगा। राज्यसभा सांसद तिवारी ने यह भी कहा कि भाजपा की नफरत फ़ैलाने वाली राजनीति देश के लिए घातक बन रही है। जनता के मूल मुद्दे बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों मजदूरों युवाओं की दुर्दशा से ध्यान हटाने के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकारें नफरत को बढ़ावा दे रही हैं। कहा, यूपी के एक स्कूल में जिस तरह एक अध्यापिका ने धार्मिक भेदभाव कर एक बच्चे को दूसरे बच्चों से पिटवाया, वो भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी राजनीति का विचलित कर देने वाला परिणाम है। ऐसी घटनाएं हमारी वैश्विक छवि पर कालिख पोत देती हैं। यह संविधान के भी खिलाफ है। इस दौरान यमुनापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी के नवजात पौत्र के आकस्मिक निधन पर मेजा स्थित उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया। सांसद तिवारी ने जनपद के कांग्रेसजनों से बूथ स्तर पर संघठन को मजबूत करने का आवाहन किया। इस दौरान गंगापार अध्यक्ष सुरेश यादव, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, सुधाकर तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, फुजैल हाश्मी, संजय तिवारी, उज्वल शुक्ला, मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, अनिल पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, रजनीश विश्रामदास, मनोज पासी, दिनेश सोनी, नागेश पाण्डेय, मो0हसीन समेत अन्य कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## तुलसी सुपर फास्ट ट्रेन के ठहराव का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** सांसद केशरी देवी पटेल ने लोकमान्य टर्मिनल तुलसी सुपर फास्ट एक्सप्रेस के ठहराव का प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर शुभारंभ किया। यह जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने दी है। बताया कि सोमवार को फूलपुर सांसद पटेल ने हरी झंडी दिखाकर स्टेशन से ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर रेलवे के अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## देर रात घर में घुसे तेंदुआ ने परिवार पर मारा झपट्टा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

* कलीनगर के गांव सेल्हा में तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों ने जागकर काटी रात
* आबादी में तेंदुए की आवाजाही रोकने को लोगों ने तार बाड़ लगाने की उठाई मांग

**पूरनपुर।** आधी रात के वक्त ग्रामीण के घर में घुसकर तेंदुए ने दो मुर्गियों को दबोच लिया। आहट पर जागे ग्रामीण ने मुर्गियों को छुड़ाने को प्रयास किया जो तेंदुआ उसपर झपट पड़ा। गनीमत रही कि वह तेंदुए के हमले से बाल-बाल बच गया। चीख-पुकार पर आस-पड़ोस के लोग एकत्र हो गए। उन्होंने शोर मचाया तो तेंदुआ दोनों मुर्गियों को लेकर जंगल में चला गया। इसके करीब डेढ़ घंटे बाद तेंदुआ फिर एक अन्य ग्रामीण के घर घुस गया। लोगों ने इस बार भरी उसे खदेड़ा। उसके वापस आने के डर से ग्रामीणों को पूरी रात जागकर काटनी पड़ी। लोगों ने आबादी में हो रही तेंदुए और बाघ की चहलकदमी को रोकने के लिए जंगल किनारे जल्द तार बाड़ लगवाने की मांग की है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव सेल्हा में बाघ और तेंदुए का आतंक बरकरार है। बतादें कि इस गांव की आबादी से जंगल की दूरी में कुछ की मीटर का फर्क है। करीब दो माह पहले गांव में पहुंचा बाघ ने घर के बाहर खेल रही मासूम बेबी को जंगल में ले जाकर मार दिया था। इस घटना के बाद से गांव में आए दिन बाघ और तेंदुआ शिकार की तलाश में पहुंच रहा है। दो माह में आवरा, पालतू पशुओं के अलावा मानव पर भी हमले हो चुके हैं। इससे लोग दहशत के साए जीवन यापन करने को मजबूर हैं। रविवार-सोमवार की रात करीब डेढ़ बजे तेंदुआ गांव के दिवाकर राय के घर में घुस गया और दो मुर्गियों को दबोच लिया। आहट पर जागे ग्रामीण ने मुर्गियों को छुड़ाने का प्रयास किया तो वह उनपर झपट पडा। लोगों के शोर मचाने पर वह मुर्गियों को जबड़े में दबाए हुए जंगल में चला गया। इस घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद तेंदुआ वापस आया। इस बा रवह ठाकुर मंडल के घर में पहुंचा और शिकार की तलाश करने लगा। गनीमत रही कि ग्रामीण जाग रहे थे। उन्होंने शोर शराबा कर तेंदुए को जंगल में भगाया। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से बाहर बाघ और तेंदुए की रोकथाम के लिए तार बाड़ लगाने की मांग उठा रहे हैं लेकिन वन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। तेंदुआ और बाघ लगातार आबादी में पहुंच रहा है। इससे हर वक्त अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बराही रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव का कहना है कि सेल्हा में वन टीम निगरानी कर रही है। यह गांव जंगल से सटा है। ग्रामीणों का सतर्कता बरतने की जरूरत है।

### जिला संयुक्त बार को मिलेगी 70 हजार रुपए की कानूनी किताबें, पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह का ऐलान

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान सदस्य हरिशंकर सिंह ने ऐलान किया है कि प्रदेश बार काउंसिल की ओर से जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को लाइब्रेरी के लिए 70 हजार रुपए की पुस्तक प्रदान की जाएगी। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह जिला संयुक्त बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित साहित्य संगम कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वह बनारस के रहने वाले हैं। पीलीभीत जनपद उनके यहां से सैकड़ो किलोमीटर दूर है लेकिन पीलीभीत के अधिवक्ताओं के कानूनी ज्ञान की दूर-दूर तक चर्चा है। उन्होंने कहा कि नए अधिवक्ताओं को मन लगाकर नए कानून की जानकारी करनी चाहिए। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने आभार व्यक्त किया। संचालन पूर्व सचिव कुलदीप अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में कवियों और शायरों ने रचना पाठ किया। जिसमें जियाउद्दीन जिया, अविनाश मिश्रा, अरुण भारद्वाज, दिनेश यादव, सचिन सक्सेना ,शार्मेन्द्र मिश्रा ,सैयद शाह अली हैदर जाफरी ,मोहम्मद नदीम, रामपाल सिंह आदि शामिल है। संयुक्त वार के सचिव आनंद मिश्रा ,सेंट्रल बार के सचिव विवेक अवस्थी ,चंद्र शेखर त्यागी, विद्या राम वर्मा, गेंदन लाल राठौर, अभिषेक मिश्रा, संजय सिंह, उपेंद्र मिश्रा महेश चंद्र शर्मा, आदि हैं।

# स्कार्पियो सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली

* अस्पताल में भर्ती युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिला मुख्यालय स्थित थाना लाइन बाजार क्षेत्र के नईगंज स्थित अरुणोदय अस्पताल के पास लखनऊ एन एच पर स्कार्पियो सवार बदमाशों ने एक युवक पर गोली मारकर फरार हो गए जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की मदद से अस्पताल लाई जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही हैं वहीं पुलिस घटना के कारणों की जांच पड़ताल में जुट गई बताया जाता है कि नितेश सिंह पुत्र शैलेंद्र सिंह निवासी तेजी बाजार सोमवार सुबह घर से शहर की तरह आ रहे थे कि अरुणोदय अस्पताल के पास पहुंचे ही थे तभी पीछे से दो की संख्या में स्कार्पियो सवार बदमाशों ने गाली गलौज देते हुए रोक लिया और युवक को गोली मारकर कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को तत्काल जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया जहां पर उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बतायी जा रही है।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल नितेश सिंह ने अपने बयान में बताया है कि काले रंग की स्कॉर्पियो सवार दो युवक अचानक घटनास्थल पर हमको रोके और मां बहन की गालियां देते हुए गोलियां चलाने लगे चार पांच राउंड गोली चलाये जिससे हम घायल हो गये। घायल युवक नितेश ने अपने बयान में गोली मारने वालो में एक नाम लिया घायल के अनुसार गोली मारने वालों में अभिनव सिंह साहिल नामक युवक शामिल रहा है। बहरहाल पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है वहीं पुलिस छात्र राजनीति की पुरानी रंजिश से घटना को जोड़ रही है बहरहाल जांच हो जाने के बाद ही पता चल पाएगा की घटना किन कारणों से हुई।

# जिले के भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने की बड़ी खोज

* केरोसिन से चलने वाले रॉकेट के इंपल्स को बढ़ाने का फार्मूला निकाला
* चंद्रयान-3 प्रोग्राम के प्रपलसन मॉड्यूल टीम में थे डॉ. अमित यादव

जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित




**जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के नेवादा निवासी जवाहर लाल का बेटा व इसरो के वैज्ञानिक ने रॉकेट के इंपल्स पर बड़ी खोज की है। जहां एक और इसरो के वैज्ञानिक ने चंद्रयान का चाद पर सॉफ्ट लैंडिंग करके विश्व में भारतीय अंतरिक्ष तकनीक का लोहा बनवाया है। वहीं दूसरी ओर केरोसिन व मेथेन से चलने वाली नई तकनीक पर खोज की गई। आगे और उन्नत पर काम किया जा रहा है ।जिससे भविष्य की चुनौतियों का समाना किया जा सके। वैज्ञानिक डॉक्टर अमित यादव प्रपलसन विभाग से हैं वह इसरो के अन्य प्रोग्राम की तरह वह चन्द्रयान - 3 प्रोग्राम के प्रपलसन मॉड्यूल टीम में थे। इस मिशन में समय के साथ बदलते हुए पश्यदाब को निष्पादित करना प्रपलसन माड्यूल टीम के लिए चुनौतियों से भर काम था ,जो की त्रूटि रहित संपूर्ण हुआ। इसके अलावा डॉ अमित यादव अपने केरोसिन से चलने वाले रॉकेट इंपल्स को बढ़ाने का फार्मूला निकाल कर भविष्य की तकनीकी के लिए बहुत उन्नत कार्य किया है ।डॉ अमित यादव ने केरोसिन के अलग-अलग धातु के बहुत छोटे-छोटे कणों को मिलाकर तीन से चार साल तक प्रयोग किया। और अंत में उन्हें सफलता मिली और उन्होंने केरोसिन के प्रज्वलन को 40 परसेंट तक बढ़ाने में सफल रहे ।डॉक्टर अमित यादव के इस प्रयोग अंतरराष्ट्रीय पत्रिका कंब्यूशन एंड फ्लेम में प्रकाशित किया गया। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी मुंबई ने सीधे डायरेक्टेड की उपाधि प्रदान किया। वर्ष 2007 से इसरो मे सेवा दे रहे वैज्ञानिक डॉ अमित यादव ने छात्रों के लिए कहा कि जो भी विज्ञान या अनुसंधान के क्षेत्र में रूचि रखता हो या अपना कैरियर बनाना चाहते हैं वह वैज्ञानिकों के अनुसंधान की प्रेरणा लें मौजूद संसाधनों पर का नवीन वैज्ञानिक विचार के माध्यम से किसी भी क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं।

# विषधन और एमा ग्राम सभा के प्रधानों ने 20 साल में विश्वामित्र धाम पर करा दिया कब्जा

* जनता किसके द्वार जाकर कब्जा मुक्त कराए, पुजारी को धमका कर बना रहे हैं पानी की दो टंकी

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह





**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र की सीमा पर बसा बिषधन और एमा के मध्य में पुरातन काल से विश्वामित्र धाम के नाम से खेरा है विश्वामित्र धाम खेरा पर पिछले 27 वर्षों से पूजा अर्चना और देखभाल पुजारी कर रहे हैं उन्होंने बताया कि यहां पर सभी अपनी मन्नत मांगने आते हैं मन्नत पूरी होने पर घंटा पूजा आदि करने आते हैं लेकिन जनप्रतिनिधियों से कई बार आग्रह किया कि इस खेरे को कब्जा मुक्त कराया जाए जब मैं आया था तो रोड के किनारे दो-तीन दुकान रखी हुई थी। आज की समय में करीब 10 एकड़ भूमि पर कब्ज हो गया है। पुजारी ने बताया जब उन लोगों से पूछा कितने पैसे देकर यहां रह रहे हो तो बताते हैं कि प्रधान ने हमको बताया कब्जा करलो । आखिरकार ग्राम सभा में इतनी खाली जमीन होने के बाद भी विश्वामित्र धाम खेरे पर ही कब्जा क्यों कराया जा रहा है। क्या प्रधानो की सोची समझी कोई राजनीति रही है। पुजारी ने बताया कि अभी पिछले माह यहां पर प्रधान ने जबरदस्ती दो पानी की टंकियां के लिए बोर कर रहे हैं इस पर मना किया तो हमसे अपशब्दों का प्रयोग किया हम पुजारी हैं बाहरी हैं हम कुछ कह नहीं सकते हैं लेकिन हम यहां पर विश्वामित्र धाम की पूजा अर्चना करते हैं। आज नहीं तो कल कभी कोई राजा आएगा तो कब्जा मुक्त कराएगा पुजारी ने दिखाया कि यहां पर सबसे महत्वपूर्ण 1 इंच की छेमकली माता और डेढ़ इंच लंबी एक गेडा की पत्थर की मूर्ति खुदाई के समय में मिली थी विराजमान है। नाम न छापने पर ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानों ने पैसा और वोट लेकर कब्जा कराया है।

# बिजली कटौती व अवैध वसूली के खिलाफ किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

* पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने सोमवार को बिजली कटौती व अवैध वसूली को लेकर नवाबगंज पावर हाउस पर धरना प्रदर्शन किया। और अपनी पांच सूत्री मांग का ज्ञापन नायब तहसीलदार स्नेहा यादव को दिया। विद्युत उपखण्ड नवाबगंज से सम्पर्कित सभी फीडरों की विद्युत सप्लाई पूरी तरह से चरमरा गई है। नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र पूरी पूरी रात और दिन बिजली गायब रहती है। अगर आती भी है तो पावर बढ़ने के साथ साथ इतनी ट्रिपिंग होती है कि पंखे फ्रिज व अन्य उपकरण जल जाते है। इस समस्या को सुनने वाला कोई नही है। जिसको लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने ब्लॉक अध्यक्ष हसीन खान के नेतृत्व में नवाबगंज विद्युत उपखण्ड पर धरना प्रदर्शन किया। और पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार स्नेहा यादव को दिया। किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष हसीन खान ने बताया ज्ञापन में किसानों का बिजली बिल माफ किया जाये। 18 घण्टे बिजली की आपूर्ति की जाय। संविदा कर्मियों की अवैध वसूली पर रोक लगाई जाय। किसानों का बिल किस्तो में वसूला जाय। जर्जर तारो को बदल जाये। ये पांच मांगे की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मूर्तियों की चोरी का खुलासा करने की एसपी से मांग

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारीपुर गांव निवासी संजय त्रिपाठी पुत्र रामओतार त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पुश्तैनी मन्दिर से राधा व सीता की अष्टधातु की मूर्ति लगभग दो माह पूर्व चोरी हो गई थी। घटना की लिखित सूचना बावजूद आज तक पुलिस ने चोरी की गई मूर्तियों का पता लगाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। गांव के सभी लोगों इस तरह की घटनाओं से बहुत ही भयभीत हैं। जब मंदिर की मूर्तियां चोरी हो सकती हैं तो ऐसे में घरों में चोरी तो आम बात है। ग्रामीणों ने मूर्ति चोरी की घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग एसपी से की है। ज्ञापन देने वालों में बृजेश, रमेश, शशिकांत आदि ग्रामीण शामिल रहें।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर पार्क का निर्माण हुआ आरंभ

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शुद्ध आवोहवा भरे वातावरण देने को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम और पॉवर हाउस के बीच पड़ी जमीन पर पार्क निर्माण शुरू कराया गया है। इधर गंगा का पानी बढ़ने से पार्क के अंदर पानी भर गया है। जिससे पार्क में लगे पेड़ पौधों के अलावा हुये सुंदरीकरण को नुकसान पहुंच रहा है। जिसे देखते हुये सोमवार को डीएम के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज, डीडीओ संजय पांडे, वीडीओ विनोदमणि त्रिपाठी, प्रधान राजेन्द्र लोधी के साथ पार्क पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पार्क में पानी भरा देखा तो पानी रोकने के लिये सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिस पर सिंचाई विभाग ने पानी रोकने के लिये काम किया है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्याएं जस की तस

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान पार होने के बाद तेजी से बढ़ रहा था और 21 सेमी ऊपर पहुंच गया था। जिस कारण शुक्लागंज के नगर व ग्रामीण क्षेत्र के हजारों मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया था। जिससे यहां के रहने वाले लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं। तीन दिनों से जलस्तर में मामूली गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सब्जी की फसलें डूब गई। लगतार पानी घटने के बावजूद शहरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के हाल बद से बदत्तर होते जा रहे हैं। वहीं चंपापुरवा, गोताखोर, सैय्यद कम्पाउंड, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, इंद्रा नगर, प्रेम नगर, रविदास नगर, श्री नगर, गायत्री नगर, भातू फार्म, अंबिकापुरम, आजाद नगर, नई बस्ती के निचले इलाकों के सैकड़ों घर जलमग्न हैं। कुछ मकानों का एक तल पूरी तरह से डूबा हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में नेतुआ गगनी खेड़ा, पीपर खेड़ा, झब्बूपुरवा, अखलॉक नगर, रतीराम पुरवा, लखापुर और रजवा खेड़ा के मजरे अभी भी जलमग्न हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भरने के कारण मवेशियों के लिये चारा भी नहीं मिल पा रहा है। घरों में डंप भूसे में पानी भर गया है। जिससे ग्रामीण खासे परेशान हैं।

### बीते दिन लोन नदी में डूबी महिला का शव हुआ बरामद

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र में लोन नदी के किनारे भैंस चराने गई अधेड़ महिला की शौच के दौरान पैर फिसलने से नदी में डूब गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम परसंडा निवासी राजकुमार की पत्नी जमुना देवी (54) वर्ष रविवार शाम 4:00 बजे गांव के पास स्थित लोन नदी के किनारे भैंस चराने गई थी। जहां शौच क्रिया के दौरान वह पैर फिसलने से गहरे पानी में जाकर डूब गयी। नदी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। परिवारी जनों ने देर रात तक काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। नदी के पानी का बहाव तेज होने के कारण वह दैता के पास बने पुल के पिलर में फंस गई। सोमवार उसे खोजने निकले परिजनों को जब उसका शव पिलर में फंसा मिला तो कोहराम मच गया। चर्चा यह भी रही कि पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने नदी में कूद कर आत्महत्या की है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने दोपहर को शव बरामद करते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका का पति राम कुमार दिव्यांग है। उसके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। जिनमें चार की शादी हो चुकी है। एक बेटी अभी अविवाहित है।

### बांगरमऊ के श्रद्धालु की हरदोई में सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवार के अवसर पर शिव मंदिर से दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार तीन साथियों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक श्रद्धालु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर हरदोई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव नयापुरवा निवासी नीरज पुत्र कल्लू गांव के ही साथी फुलकुमार पुत्र रामशंकर तथा विज्ञान पुत्र देवीदीन के साथ हरदोई के मल्लावा थानाक्षेत्र स्थित सुनासीर नाथ शिव मंदिर दर्शन करने गया था। वहां से लौटते समय हरदोई उन्नाव मार्ग पर गांव सुल्तानपुर के निकट हरदोई जनपद सीमा क्षेत्र में उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 22 वर्षीय नीरज पुत्र कल्लू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हरदोई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# जवानों ने अपने दिवंगत साथी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी अंतिम सलामी दी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन के कब्बा खेड़ा निवासी दीपक तिवारी के 33 वर्ष से बेटे आदर्श उर्फ गोलू की राजस्थान बाड़मेर के चौहटन बॉर्डर पर ऑन ड्यूटी गिरने से मौत हो गई थी। एयरफोर्स के अधिकारियों ने उसका पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद सोमवार को कानपुर एयरफोर्स के अफसर एस एन कुमार दिवंगत जवान का पार्थिव शरीर लेकर उसके घर पहुंचे। जहां परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद परिजन पार्थिव शरीर लेकर मिश्रा कॉलोनी शमशान घाट पहुंचे। इस दौरान सैन्य जवानों के बीच दिवंगत जवान का शव तिरंगे में लिपटा स्वर्गधाम में ले जाया गया। जहां जवानों ने अपने दिवंगत साथी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी दी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बाढ़ पीड़ितों का लिया हाल चाल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* पीढ़ितों को शासन से क्षतिपूर्ति दिलाने का दिया आश्वासन
* ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा: कांग्रेस जिलाध्यक्ष
* तत्काल राहत सामग्री पहुंचाने की कोई सही व्यवस्था नहीं की गई

कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गावों का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आरती बजपेयी ने सोमवार को गंगा के किनारे बसे फतेहपुर चौरासी ब्लाक के तोरना, दबौली, पाल्हेपुर, बिचौली, मक्का खेड़ा, परशुरामपुर, चिरंजू पुरवा, जाजामऊ व रूस्तमपुर आदि गांवो का दौरा कर बाढ़ की हकीकत जानी। उन्होंने बाढ़ प्रभावित गांव के लोगो से बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा ग्रामीणों को बाढ़ में हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति शासन से कराने का आश्वासन दिया। बातचीत के दौरान आरती बाजपेई ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र की अधिकांश जनता ने बताया कि सरकारी अधिकारी कर्मचारी अपनी अपनी गाड़ियों से आए तो जरूर लेकिन कही भी तत्काल राहत सामग्री पहुंचाने की कोई सही व्यवस्था नही की गई है। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र के तमाम गांवों में तो अभी तक राहत सामग्री पहुंची ही नही है। इस दौरान उनके साथ जिला महासचिव अतुल शुक्ल, विधानसभा प्रभारी संजीव शुक्ल, पीसीसी सुन्दर लाल निषाद, ब्लाक अध्यक्ष सोने लाल, आदि लोग मौजूद रहे।

# ऊं नमः शिवाय के जयकारों से गूंजते रहे गंगा के समस्त घाट





जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** सावन के अंतिम सोमवार को नगर के घाटों पर दूर दराज से चलकर आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर हर गंगे, ऊं नमः शिवाय के जयकारों से गंगा के समस्त घाट गूंजते रहे। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन किया। इसके बाद मगरवारा गोकुल बाबा के साथ नगर के शिव मंदिरों में भी पहुंच कर माथा टेका। मां गंगा व भगवान शिव से सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, बालू घाट, आनन्द घाट, गंगा विशुन घाट, शिव बाबा घाट, पक्का घाट, कच्चा घाट, पुल के नीचे के घाट, हनुमान घाट व जाजमऊ के चंदन घाट समेत गंगा के तमाम तटों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। यहां आने वालों में अजगैन, हरौनी, बीघापुर, रायबरेली, बालामऊ व लखनऊ आदि दूर दराज क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल रहे। वहीं राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर, पीपलेश्वर, महादेव मन्दिर, शिव मन्दिर, गांधीनगर नागेश्वर मन्दिर, महेश मार्ग शिव मन्दिर, बालूघाट आनन्देश्वर मन्दिर, कंचन नगर, मिश्रा कालोनी शिव मन्दिर के अलावा देवारा वीरभद्रेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिये सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# मंत्री ने सदर विधायक संग बाढ़ राहत की किट बांटी




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** राजधानी मार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज को बाढ़ राहत शिविर बनाया गया है। सोमवार को प्रोटोकाल के तहत प्रदेश के इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अजीत पाल सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने शासन की ओर से भेजी गई बाढ़ राहत की किट जरूरतमंदों को बांटी। इसके साथ ही रेड क्रास सोसाइटी की ओर से भी राहत सामग्री बांटी गई। राहत सामग्री पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इसके बाद उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान वह गोताखोरों के साथ मोटर वोट में बैठे और बाढ़ की हकीकत देखी। इस दौरान सीडीओ ऋषि राज, एडीएम नरेन्द्र सिंह, एएसपी शशि शेखर सिंह, तहसीलदार जीतेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार, लेखपाल मनोज यादव के अलावा गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौजूद रही।

# कार की टक्कर लगने से घायल सिपाही की इलाज के दौरान मौत

* एक पखवारा पूर्व चेकिंग के दौरान गोकशों की कार ने मारी थी टक्कर
* लखनऊ के निजी अस्पताल में चल रहा था घायल सिपाही का इलाज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



असोहा थाना क्षेत्र में बीते 13/14 अगस्त की रात चेकिंग के दौरान गोकशों की कार की टक्कर लगने से घायल सिपाही की लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मामले की जानकारी से जहां परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गयी। बता दें कि बीते 13/14 अगस्त की रात असोहा थाना क्षेत्र के दरबारी खेड़ा गांव के पास गोकशी करने वालों की कार को रोक रहे सिपाही संत कुमार तिवारी को गोकश रौंदते हुए फरार हो गए थे। घटना की जानकारी पर पुलिस ने आनन फानन में घायल सिपाही को लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया था। हलांकि बाद में परिजन उसे लखनऊ के ही एक निजी अस्पताल ले गए थे। जहां उसका उपचार चल रहा था। सोमवार को इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गयी। मौत का समाचार मिलते ही थाने समेत पूरे महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत सिपाही मूलतः अयोध्या जनपद के ग्राम पारा ब्रम्हनान थाना इनायत नगर का रहने वाला था। वह असोहा थाने में वर्ष 2022 से तैनात था। उसकी मौत पर पत्नी अमरावती व बेटे प्रिंस रो रोकर बेहाल हैं।

# दो दिन पूर्व हुई मारपीट के घायल की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



दो दिन पूर्व मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान कानपुर हैलट में मौत हो गयी। शव लेकर गांव पहुंचे परिजनों की सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। मामला अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जंगपुर गांव का है। जंगपुर निवासी पवन (30) पुत्र तारा सिंह घुमंतू प्रजाति का है। मौजूदा समय में वह कानपुर के नौबस्ता पुरानी मौरंग मंडी के पास डेरा डाल कर रह रहा था। फेरी लगा कर वह अपना गुजर बसर करता था। चचेरे भाई बब्लू ने बताया कि बीते शनिवार को वहीं कानपुर में पवन के भांजे राजू पुत्र सुरिंदा का वहीं के रहने वाले कबाड़ियों से झगड़ा हो गया। पवन बीच बचाव करने पहुंचा तो हमलावरों ने उसके सिर पर लोहे की राड से प्रहार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए हैलट पहुंचाया जहां रविवार उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। शव लेकर घर पहुंचे परिजनों की सूचना पर अजगैन पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पवन की मौत पर मां सुरजनी, पत्नी अंशू का रो रोकर बुरा हाल है। वह अपने पीछे चार बच्चों अमन, अंशिका, टम्पो व अल्का को रोता बिलखता छोड़ गया। चचेरे भाई बब्लू के मुताबिक कानपुर में पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया जा चुका है।

# गृह कलह से आजिज युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

* पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बखतखेड़ा गांव में सोमवार सुबह हुई घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बखतखेड़ा निवासी युवक ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। जिला अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुरवा कोतवाली के बखतखेड़ा निवासी अशोक (38) हरिनाम गांव में मछली पालन करने वाले तालाब पर मजदूरी करता था। उसने सोमवार सुबह गृह कलह से आजिज आकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। शव को मोर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को मेमो भेजा गया। जिस पर पुरवा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति की मौत पर लक्ष्मिना रो रोकर बेहाल है। उसे अब यही चिंता सता रही है कि उसके तीन बच्चों आकाश, विकास व मोहिनी की परवरिश कैसे होगी।

# दंबगों ने घर में घुस कर महिलाओं से मारपीट कर किया लहूलुहान

* सदर कोतवाली क्षेत्र के सांईपुरम मोहल्ले के घटना
* छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने पर आरोपियों ने दिया घटना को अंजाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सदर कोवताली पुलिस की उदासीनता से नारी सुरक्षा के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस के कार्रवाई न करने से दबंगों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि शिकायत करने वाली महिला के घर में घुस कर बुरी तरह मारपीट की जिसमें दो पड़ोसी महिलाओं को गंभीर चोटे आयी है। एक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर कोवताली क्षेत्र के में रहने वाली विधवा सैलजा काल्पनिक नाम घर में दुकान चलाकर गुजर बसर करती है। उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाली रानो काल्पनिक नाम उसकी दुकान आना जाना लगा रहता है। उसके पति बाराबंकी में रहकर पेट्रोल पंप पर नौकरी करते हैं। आरोप है कि मोहल्ले के रहने गोविंद यादव, भोला यादव व जीतेंद्र रानो पर आते जाते फब्दिया कसते थें। 15 दिन पूर्व उनकी हिम्मत इतनी बढ़ी कि उन्होंने दुकान आते समय रानो के साथ छेड़छाड़ कर दी। जिस पर रानो और सैलजा ने कोतवाली पहुंच कर छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई। हलांकि पुलिस ने आरोपियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। बीती देर रात आरोपी रानो के घर पर पहुंच कर गाली गलौज करने लगे। उसने फोन कर सैलजा को जानकारी दी। जिस पर सैलजा पुलिस को साथ लेकर पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पुलिस आरोपियों के घर की महिलाओं को समझा कर वापस चली गयी। रानो सैलजा के घर पर भी इसी बीच फिर से दंबग आ धमके और घर के अंदर घुस कर मारपीट शुरू कर दी। मार पीट में रानो का सिर बुरी तरह से फट गया जबकि सैलजा के हाथ में गंभीर चोट आयी है। इस घटना में सैलजा की भतीजी भी चुटहिल हुई। सैलजा के मुताबिक आरोपी दोनों के बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जब घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी तो एंबुलेंस बुलवा कर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। सैलजा का आरोप है कि पुलिस दबंगों से मिली रकम के चलते उन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। उन पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी दिन अप्रिय घटना घट सकती है। कोतवाल अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायलों की ओर से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### रिलायंस के 46वें एजीएम में बड़े एलान, गणेश चतुर्थी पर जियो एयर फाइबर लॉन्च होगा, इंश्योरेंस भी बेचेगी रिलायंस

# भारत को रोका नहीं जा सकताः मुकेश अंबानी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज 19 सितंबर यानी गणेश चतुर्थी पर 'जियो एयर फाइबर' लॉन्च करेगी। यानी बिना वायर के फास्ट ब्रॉडबैंड मिल सकेगा। रिलायंस इंश्योरेंस बिजनेस भी उतरने वाली है। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने 46वीं एनुअल जनरल मीटिंग में ये ऐलान किया। वहीं रिलायंस के बोर्ड में आकाश अंबानी, अनंत अंबानी और ईशा अंबानी को नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। साथ ही मुकेश अंबानी, अगले 5 साल तक आरआईएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर बने रहेंगे। नीता अंबानी ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है।



### 2026 तक बैटरी गीगा फैक्ट्री शुरू करने का लक्ष्य

रिलायंस का 2026 तक बैटरी गीगाफैक्ट्री स्थापित करने और 2030 तक 100 गीगावॉट रन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी का टारगेट है। अगले 5 साल में देश भर में 100 बायोगैस प्लांट्स लगाने का लक्ष्य है। मुकेश अंबानी ने कहा कि पिछले साल हमारी सभी कंपनियों ने 2.6 लाख रोजगार पैदा कर नए रिकॉर्ड बनाए। हमारे ऑन-रोल कर्मचारियों की कुल संख्या लगभग 3.9 लाख है। अंबानी इस मीटिंग में हाल ही में लिस्ट हुई कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े बड़े ऐलान सकते हैं।

### गणेश चतुर्थी पर 'जियो एयर फाइबर' लॉन्च होगा

19 सितंबर को गणेश चतुर्थी है और इसी दिन जियो एयर फाइबर को लॉन्च किया जाएगा। इसमें ऑप्टिकल फाइबर की जरूरत नहीं होगी। यह एक 5त्र वाई-फाई सर्विस है। इसमें 1जीबीपीएस तक की हाईस्पीड इंटरनेट सर्विस मिलने की उम्मीद है। जियो अपने एयरफाइबर प्लान को अन्य कंपनियों के मुकाबले कम कीमत में लॉन्च कर सकता है। ये एक दिन में 1,50,000 कनेक्शन प्रोवाइड कर सकता है। ये फिजिकल फाइबर के जरिए ब्रॉडबैंड कनेक्शन देने की तुलना में दस गुना तेज है।

### टॉप 10 मोस्ट विजिटेड रिटेलर्स में शामिल रिलायंस रिटेल

रिलायंस रिटेल अब दुनिया के टॉप 10 सबसे ज्यादा विजिटेड रिटेलर्स में से एक है। मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस रिटेल हमारा सबसे तेजी से बढ़ने वाला बिजनेस होगा। रिलायंस रिटेल ने पिछले साल 2,60,364 करोड़ का रेवेन्यू दर्ज किया। इसका नेट प्रॉफिट 9181 करोड़ रहा। रिलायंस रिटेल के कुल स्टोर्स की संख्या 18,040 पहुंच गई है। वहीं पिछले साल रिलायंस रिटेल ने 18 लाख टन ग्रॉसरी की बिक्री की। पिछले 3 साल में रिलायंस रिटेल का वैल्यूएशन 4.28 लाख करोड़ से बढ़कर 8.28 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। रिलायंस रिटेल अगर आज लिस्टेड होती तो ये देश की टॉप-4 कंपनियों में शामिल होती।

### 45 करोड़ से ज्यादा यूजर

मुकेश अंबानी ने ये भी बताया कि जियो ने पिछले साल 1,19,791 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया। वहीं अब जियो के 45 करोड़ से ज्यादा यूजर हो गए हैं। एक जियो यूजर एक महीने में औसतन (ऐवरेज डेटा कंजम्प्शन) 25 जीबी डेटा यूज कर रहा है यानी हर महीने 1,100 करोड़ जीबी टोटल डेटा इस्तेमाल हो रहा है। जियो को पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च किया गया था।

- 96 प्रतिशत से ज्यादा शहरों में जियो 5जी रोलआउट किया
- दिसंबर 2023 तक देश के सभी शहरों में हो जाएगा
- जियो ने दुनिया का सबसे तेज 5जी रोलआउट किया है

### कैम्पा कोला को वैश्विक ब्रांड बनाने का काम शुरूः ईशा

ईशा अंबानी ने मुंबई में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 46वीं वार्षिक आम बैठक 2023 में कहा, हमने पिछले साल की एजीएम में अपने एफएमसीजी कारोबार को शुरू करने की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं को किफायती कीमतों पर विश्वस्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराना था। इस व्यवसाय ने कई ब्रांडों और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से कई श्रेणियों में प्रवेश करके एक मजबूत शुरुआत की।

## रिलायंस के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने ईशा, आकाश और अनंत



ईशा, आकाश और अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बन गए हैं। शेयरहोल्डर्स की मंजूरी के बाद आरआईएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने सोमवार यानी 28 अगस्त को मुकेश अंबानी के तीनों बच्चों को नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अपॉइंट किया। इसके साथ ही नीता अंबानी के इस्तीफे को भी बोर्ड ने एक्सेप्ट कर लिया है। कंपनी ने कहा कि नीता अंबानी रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन की भूमिका में बनी रहेंगी। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन के तौर पर नीता अंबानी आरआईएल बोर्ड बैठकों में शामिल होती रहेंगी। रिपोर्ट के अनुसार, नीता अंबानी ने रिलायंस फाउंडेशन को ज्यादा समय देने के लिए कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दिया है।

### तीनों को फाउंडर की मानसिकता विरासत में मिली

इससे पहले पिछले साल आरआईएल की 45वीं एजीएम में मुकेश अंबानी ने कहा था कि आकाश और ईशा ने जियो और रिटेल में नेतृत्व की भूमिका निभाई है। वे स्थापना के बाद से रिलायंस के कंज्यूमर बिजनेस में शामिल हैं। उन्होंने कहा था कि अनंत भी न्यू एनर्जी बिजनेस में शामिल हो गए हैं और अपना ज्यादातर समय जामनगर में बिता रहे हैं। अंबानी ने कहा था, तीनों को पूरी तरह से हमारे फाउंडर की मानसिकता विरासत में मिली है। उन्हें हमारे सीनियर लीडर्स से डेली बेसिस पर मेंटॉर किया जाता है। मेंटॉर में मैं और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स भी शामिल हैं।

# नीतीश कुमार का इंडिया कन्वीनर बनने से इनकार

**बोले, मैं कुछ बनना नहीं चाहता, बस सभी को एकजुट करना है**



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन का कन्वीनर बनने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- मैं कुछ भी नहीं बनना चाहता, ये बात मैं आपको बार-बार कहता आया हूं। मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। मैं बस सभी को एकजुट करना चाहता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ सोमवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पहुंचे थे। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगी। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। शुरुआत से ही इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जाएगा। मुंबई में होने वाली इंडिया की तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, मुंबई की बैठक में इंडिया गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है। इंडिया की पहली बैठक पटना में 23 जून को हुई थी।

### लालू ने कहा था, कोई और भी हो सकता है कन्वीनर

पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि इंडिया का कन्वीनर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही नहीं बल्कि कोई और भी हो सकता है। लालू प्रसाद ने कहा था कि इंडिया गठबंधन में संयोजक को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है और अगली बैठक में सभी दलों के लोग मिल-बैठकर तय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि तीन-चार राज्यों का एक कन्वीनर बनाया जाएगा और सहूलियत के लिए राज्यों में भी संयोजक नियुक्त किए जाएंगे।




## इसरो ने आदित्य-एल1 को लेकर किया बड़ा एलानः दो सितंबर को लॉन्च होगा सूर्य का अध्ययन करने वाला मिशन



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

चंद्र अभियान की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सूरज का अध्ययन करने के लिए दो सितंबर को सूर्य मिशन का प्रक्षेपण करेगा। 'आदित्य-एल 1' अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है। एल-1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। इसरो के मुताबिक, सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला आदित्य-एल1 का प्रक्षेपण दो सितंबर को किया जाएगा। इसके लिए सुबह 11:50 बजे का समय तय किया गया है। श्रीहरिकोटा से इसका प्रक्षेपण किया जाएगा। भारत का आदित्य एल1 अभियान सूर्य की अदृश्य किरणों और सौर विस्फोट से निकली ऊर्जा के रहस्य सुलझाएगा। अपने केंद्रीय क्षेत्र में 1.5 करोड़ डिग्री व सतह पर 5,500 डिग्री सेल्सियस तापमान रखने वाले सूर्य पर भौतिक रूप से मिशन भेजना संभव नहीं है। अत्यधिक तापमान के कारण इसमें लगातार नाभिकीय संलयन (हल्के नाभिकों का आपस में जुड़ भारी तत्व का नाभिक बनाना) होता है। यही प्रकाश व ऊर्जा के रूप में हमारी पृथ्वी तक पहुंचता है। भारत का पहला सूर्य मिशन सूर्य के इसी कोरोना के पर्यवेक्षण के मुख्य लक्ष्य के साथ रवाना किया जा रहा है। इस अभियान को अंतरिक्ष आधारित पर्यवेक्षण श्रेणी में रखा है।

### सात उपकरण लगाए जाएंगे

- **विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी):** भारतीय ताराभौतिकी संस्थान (बंगलूरू) ने बनाया। यह सूर्य के कोरोना और उत्सर्जन में बदलावों का अध्ययन करेगा।
- **सोलर अल्ट्रा-वॉयलेट इमेजिंग टेलिस्कोप (सूट):** खगोल विज्ञान व खगोल भौतिकी अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र (पुणे) ने बनाया। यह सूर्य के फोटोस्फीयर और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेगा। यह निकट-पराबैंगनी श्रेणी की तस्वीरें होंगी, यह रोशनी लगभग अदृश्य होती है।
- **सोलेक्स और हेल1ओएस:** सोलर लो-एनर्जी एक्स रे स्पेक्ट्रोमीटर (सोलेक्स) और हाई-एनर्जी एल1 ऑर्बिटिंग एक्स रे स्पेक्ट्रोमीटर (हेल1ओएस) बंगलूरू स्थित यूआर राव सैटेलाइट सेंटर ने बनाए। इनका काम सूर्य एक्सरे का अध्ययन है।
- **एसपेक्स और पापा:** भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (अहमदाबाद) ने आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एसपेक्स) और अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (तिरुवनंतपुरम) ने प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (पापा) बनाया है। इनका काम सौर पवन का अध्ययन और ऊर्जा के वितरण को समझना है।
- **मैग्नेटोमीटर (मैग):** इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम्स प्रयोगशाला (बंगलूरू) ने बनाया। यह एल1 कक्षा के आसपास अंतर-ग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापेगा।

## 'चंदा मामा'

### ए चांद तेरे साथ कुछ नोंक झोंक

कुछ गिले शिकवे कोरोना काल में
जब करोड़ों लोगो का पलायन हो रहा था
देश घबराहट में था तब हमने तुमसे कहा था
क्योकि खिड़की के बाहर बस तुम ही
दिखते थे और तुमसे हमारी नोक झोंक हो गई की
आख़िर तुम्हारा हमसे क्या रिश्ता है
हम तुम्हारे क्या लगते है जो हमारे साथ
रात रात भर जागते हो अब तुम जाओ
और अपनी रोशनी अंधेरों मे
पलायन करने वालों के साथ
अपने दुख दर्द में सफ़र तय कर रहे है
चाँद ने बड़ी ही धीमी आवाज में बोला
मैं तो अपना काम ठीक कर रहा हूँ क़सूर
सिर्फ़ उन बादलों का है जो मेरे सामने
आकर ढक कर मुझे घेर लेते है ये बादलो
के साये बस और कुछ नहीं उनकी
शरारतों के घायल कभी वो फटते है कभी
बरसते है कभी जमघट बनाकर सूर्य से
टक्कर लेते है मेरे से अब शिकवे
शिकायत मत रखना मुझे सिर्फ़ ध्यान
रखना कभी नाराज मत होना क्योकि मैं
आज कल बहुत व्यस्त रहता हूँ जब से
तुम्हारे प्यारे भारत और वहाँ के वैज्ञानिकों
ने चंद्रयान 3 चांद
पर भेजा है उन
उपकरणों ने मुझे
कुरेदा है
अब मुझे मुझमें
रहने दो जैसे भी
है हाल सहने दो...



-डॉ. अंजना मुकुंद कुलकर्णी

## ब्रिटेन में विमान सेवाएं ठप



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पूरे ब्रिटेन में हवाई यातायात नियंत्रकों को तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ रहा है। एक एयरलाइंस ने पूरे नेटवर्क की विफलता की सूचना दी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यूके के बाहर की एयरलाइनों के यात्रियों को बताया गया है कि हवाई यातायात नियंत्रण नेटवर्क बंद है और उनकी उड़ान में देरी होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन की राष्ट्रीय हवाई यातायात सेवा (एनएटीएस) को सोमवार को विमान के प्रवाह को प्रतिबंधित करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वह एक तकनीकी समस्या का समाधान करने के लिए काम कर रही है। राष्ट्रीय हवाई यातायात नियंत्रक एनएटीएस ने कहा, हम वर्तमान में एक तकनीकी समस्या का सामना कर रहे हैं और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ट्रैफिक फ्लो प्रतिबंध लागू किया है। इंजीनियर खराबी ढूंढने और उसे ठीक करने का काम कर रहे हैं। इस कारण होने वाली किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है। लोगानेयर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह ब्रिटेन के हवाई यातायात नियंत्रण कंप्यूटर सिस्टम में नेटवर्क-व्यापी गड़बड़ी हुई। हालांकि हमें उम्मीद है कि हम स्थानीय समन्वय के आधार पर और न्यूनतम व्यवधान के साथ अधिकांश इंट्रा-स्कॉटलैंड उड़ानें संचालित करने में सक्षम होंगे, लेकिन उत्तर-दक्षिण और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है। यदि आप आज हमारे साथ उड़ान भर रहे हैं, तो कृपया हवाईअड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

## रोजगार मेले में 547 को मिला जॉइनिंग लेटर

# चांद पर पहुंचने से लेकर रोजगार उपलब्ध कराने तक, भारत आत्मनिर्भर: मंत्री साध्वी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिसमें उत्तर प्रदेश से 547 नियुक्ति पत्र लखनऊ में प्रदान किए गए। यह रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मेन्स क्लब, सी आर पी एफ कैंप, बिजनौर में आयोजित किया गया।




### भारत अमृत काल में विश्वगुरु बनने की और अग्रसर

ग्रामीण विकास, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि 2014 में देश के प्रधानमंत्री ने आह्वान किया था कि भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने और आज चंद्रमा पे पहुंचने से लेकर नवयुवकों को रोजगार मेले के माध्यम से नौकरी उपलब्ध कराकर, देश के नागरिकों में स्वच्छता अभियान चलाकर भारत वास्तविकता में सिर्फ आत्मनिर्भर ही नही बना है बल्कि अमृतकाल में विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तीसरे के दौरान भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का वादा किया है। और हम अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

### रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता

रोजगार मेले के तहत, विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों के नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए साध्वी ने कहा कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला रोजगार सृजन की कवायद को आगे बढ़ाने में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को अपना सशक्तिकरण व राष्ट्रीय विकास में भागीदारी करने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। साध्वी ने नियुक्ति पत्र पाने वाले नवयुकों से कहा कि सेवा भाव और देश का नाम करने की लालसा के साथ नौकरी करें और व्यसन से दूर रहें।

### इन विभागों में किया गया नियुक्ति पत्र वितरित

इस रोजगार मेला कार्यक्रम के माध्यम से, गृह मंत्रालय विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जैसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ दिल्ली पुलिसमें कर्मियों की भर्तियां कर रहा है। देशभर से चुने गए नए कर्मी गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) और गैर-जनरल ड्यूटी कैडर पदों जैसे विभिन्न श्रेणी के पदों पर योगदान करेंगे।

## सोशल मीडिया से नकली नोट का काला धंधा

# लखनऊ पुलिस ने 5 को पकड़ा



### सोशल मीडिया के माध्यम से खोजते थे ग्राहक

पुलिस की जांच में सामने आया है कि यह लोग सोशल मीडिया के माध्यम से नकली नोट खपाने के लिए ग्राहक खोजते थे। लोग जल्दी पैसा कमाने के चक्कर में इनकी बातों में फंस जाते थे। इसके बाद यह उन्हें बीस हजार के बदले एक लाख रुपये नकली नोट देते थे।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से नकली नोट की यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड से लेकर पश्चिम बंगाल तक नकली नोट सप्लाई करने वाले गैंग के पांच सदस्यों को पकड़ा है। पुलिस टीम ने इनके पास से तीन लाख रुपये के नकली नोट और बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। यह लोग असली नोट के बदले पांच गुनी कीमत के नकली नोट देते थे। पुलिस टीम इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

### होटल से चला रहे नकली नोट का धंधा



डीसीपी उत्तरी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि सोमवार को नकली करेंसी छापकर असली के रूप में मार्केट में चलाने वाले अन्तर्जनपदीय शांतिर गिरोह के सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 3.20 लाख रुपये के नकली नोट, उन्हें छापने के उपकरण भी बरामद हुए हैं। मडियांव थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर घैला पुल के पास [illegible] गाड़ी से प्रतापगढ़ अंतू मौरहा निवासी विकास दुबे, इटौंजा नरायणपुर निवासी विकास सिंह और नई दिल्ली अलीपुर निवासी विकास भारद्वाज को गिरफ्तार किया। इनकी निशान देही पर विभूतिखंड स्थित पार्क व्यूइन होटल से गोंडा कौड़िया बाजार निवासी रवि प्रकाश पांडेय और बाराबंकी कोठी निवासी उत्कर्ष द्विवेदी को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों ने बताया कि यह पांचों लोग मिलकर नकली करेन्सी तैयार करते हैं। जिसके उपकरण भी होटल में ही बरामद हुए।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की छात्र टीम का हुआ गठन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियंत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर टीम का गठन किया गया7 टीम में चयन के लिए विभिन्न विभागों के छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें शॉर्टलिस्टिंग एवं इंटरव्यू के पश्चात 34 छात्रों को प्लेसमेंट सेल में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए चयनित किया गया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज, डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि नई स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर टीम का नेतृत्व कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र आयुष गुप्ता और नेहा चौधरी करेंगे7 टीम में 5 अलग-अलग भाग शामिल





हैं, जिसमे वेब डेवलपमेंट एवं डिजाइन टीम के लीड अंकित राय एवं अरिंदम शुक्ला, इवेंट एवं हॉस्पिटेलिटी टीम की लीड एंजेल प्रवीण और आशीष प्रताप सिंह, कम्युनिकेशन टीम की लीड बुशरा आज़मी खान और रजनीश शर्मा, कंटेंट एवं मीडिया टीम की लीड शौर्या बाजपेयी साथ ही नेटवर्किंग एवं आउटरीच टीम के लीड अमित पाल और रजनीश शर्मा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल में अपने भागो के काम का नेतृत्व करेंगे। स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर टीम का मुख्य उद्देश्य प्लेसमेंट प्रक्रिया में सहायता करना, ट्रेनिंग सेशन, मोटिवेशनल लेक्चर, सेमिनार, वेबीनार का आयोजन करना, एप्टीट्यूड टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन में प्रशिक्षण की व्यवस्था करना, टेक्निकल और एचआर इंटरव्यू की तैयारी कराना, उपलब्ध करियर के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करना, उन्हें अपने करियर के ऑब्जेक्टिव की पहचान करने में मदद करना है। डॉ हिमांशु पांडेय ने बताया कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल से जुड़े छात्रों को उनके स्किल डेवलपमेंट एवं इंडस्ट्री एक्सपोजर आदि में मदद मिलेगी। साथ ही छात्रों का पर्सनेलिटी डेवलपमेंट और कॉन्फिडेंस लेवल बिल्ड-अप होगा, जिससे वह इंडस्ट्री में जॉब्स के लिए परिपक्व हो सकेंगे। अभियंत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए.के. सिंह ने टीम के सभी छात्रों को चयन के लिए बधाई दी और दृड़ संकल्प एवं पूर्ण निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

# 117 इंस्पेक्टर बने डिप्टी एसपी, 1990 से 1996 बैच को मिला प्रमोशन, सूची जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी पुलिस में 1190 से 1996 बैच के 117 इंस्पेक्टर को प्रमोशन डिप्टी एसपी पद पर प्रमोशन मिल गया है। इसकी जानकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने जारी की।

**प्रमोशन पाने वाले इंस्पेक्टर की सूची:** पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति पाने वालों में इंस्पेक्टर अतुल कुमार अग्निहोत्री, सच्चिदानन्द त्रिपाठी, राम शंकर तिवारी, सुधाकर मिश्र, संजीव कुमार त्यागी, लक्ष्मी सिंह चौहान, रवीन्द्र कुमार वर्मा, अनुज कुमार, कृष्ण मुरारी दोहरे, उदय प्रताप सिंह, आदेश कुमार, राजेश श्रीवास्तव, संजीव कुमार, जयकरन, मो. शारिक खॉ, अजय सिंह, संजय सिंह, शिव कुमार गौड़, एहतिशामुद्दीन सिद्दीकी, विवेक शर्मा, अनीता चौहान, आलोक कुमार पाठक, राजवर्धन, राजीव कुमार गुप्ता, राजेश सिंह, बाबर रजा जैदी, संजय कुमार सिंह, श्याम सिंह, अवधेश कुमार सिंह, सीमा जादौन, अजय प्रताप सिंह, श्रीमती अन्जू सिंह, अरूण कुमार राय, प्रद्युम्न कुमार सिंह, दीपक चतुर्वेदी, संयज कुमार जयसवाल, मुनेन्द्र पाल सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह तोमर, अजय कुमार श्रोत्रिया, पवन कुमार चौधरी, दिनेश दत्त मिश्र, संजय गुप्ता, अजय कुमार त्रिवेदी, यशपाल सिंह, अजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, संजय कुमार मिश्रा, विजय कुमार सिंह, अनिल कुमार पाण्डेय, हर शरन शर्मा, पंकज लवानिया, सैयद नजमुल हुसैन नकवी, अभितोष त्रिपाठी, हर्ष कुमार शर्मा, मो. जावेद खॉ, विनोद कुमार, राम सेन सिंह, धर्मेन्द्र कुमार राय, शशि प्रकाश शर्मा, राकेश प्रताप सिंह, योगेश शाह, आदित्य प्रकाश, राजेश कुमार सिंह, मंजय सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, अतुल कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, श्रीमती सरोज पाण्डेय, अर्चना गौतम, जय सिंह, प्रमोद कुमार राय, अर्चना सिंह, मधुप कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, अंजय कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, श्रीमती प्रतिमा सिंह, यादवेन्द्र बहादुर पाल, मनोज कुमार शर्मा, जय राम सिंह, संजीव कुमार शर्मा, सुशील कुमार सिंह, राजाराम, राजेश कुमार श्रीवास्तव, दीपक शुक्ल, महेश कुमार गोले, प्रभात कुमार तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह, श्रीमती आसमा माजिद, ईश्वर चन्द्र प्रधान, किरण पाल सिंह, विनोद कुमार सिंह, श्यामवीर सिंह चाहर, रूपेन्द्र कुमार गौड़, कृष्ण कुमार तिवारी, सतानन्द पाण्डेय, सरफराज अहमद, अरूण कुमार राय, मो. फाजिल सिद्दीकी, रवीन्द्र सिंह, धनंजय सिंह, अनिल कुमार वर्मा, अरूण कान्त सिंह, प्रमोद कुमार दूबे, सुरेश पाल, बृह मोहन राय, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, राजाराम यादव, अभय नाथ मिश्रा, होरी लाल सिंह, जगमोहन सिंह बिष्ट, राम दुलार यादव और राजवीर सिंह परिहार शामिल है।

# गुजरात लूटने के लिए पीएम मोदी ने अडानी को खुली छूट दी: संजय सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने कहा की पीएम मोदी ने अपने गृह प्रदेश गुजरात को लूटने के लिए अपने दोस्त अडानी को खुली छूट दे दी है। आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा की 2007 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस वक्त उन्होंने अदानी के साथ एक समझौता किया कि आदमी की कंपनी 2.25 पैसे प्रति यूनिट के रेट पर 25 साल तक बिजली देगी। लेकिन पीएम. मोदी के पीएम बनते ही 2018 में कोयला महंगा होने की दलील देकर बिजली महंगी कर दी है, जिस पर गुजरात सरकार ने कुछ शर्तों के साथ मुहर लगा दी। संजय सिंह ने कहा कि इस मामले में सरकार को गुमराह किया क्योंकि आर्गस ग्लोबल कंपनी बताती है की अदानी को विदेश

- गुजरात के उन तमाम अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए: संजय सिंह

से कोयला खरीदने की क्या जरूरत है, जब भारत कोयले के उत्पाद के मामले में एक सरप्लस देश है। पिछले साल ही 30 प्रतिशत कोयले का उत्पादन भारत में बढ़ा है। भारत अपने यहाँ के कोयले को हर राज्य सरकार को भेजती है। उन्होंने कहा की गुजरात सरकार ने चिट्ठी की शर्त के मुताबिक 2018 से 2023 तक दुनिया के देशो द्वारा तय दाम पर पेमेंट होती रही। अडानी जो रेट बताता रहा गुजरात सरकार भगतान करती रही। इसके तहत 13802 करोड रुपए गुजरात के लोगों की जेब से निकालकर अदानी की जेब में भर दिया गया।संजय सिंह ने आरोप लगाया की गुजरात सरकार आर्गस ग्लोबल कंपनी के रेट को बिना वेरीफाई किए ही अदानी को सारा पेमेंट करती रही। भला हो हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट का जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो गुजरात सरकार घबराई और 15 मई को एक चिट्ठी लिखी कि आपने कहां से कितने का कोयला खरीदा इसका कोई प्रमाण नहीं दिया। जिस वक्त आपने इंडोनेशिया में कोयला का रेट ज्यादा बताया था, उस वक्त वहां पर कोयले का रेट सस्ता था। भ्रष्टाचार और झूठ बोलकर पेमेंट करवाई गई इसलिए आप 3802 करोड रुपए वापस कीजिए। आप ने कहा, गुजरात के उन तमाम अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने 2018 से लेकर 2023 तक फर्जी बिलों पर हस्ताक्षर किया और भुगतान किया।

# गन्ना मंत्री ने की विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- नगर निगम से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए सितम्बर में अलग से बैठक करने के दिये निर्देश
- कट्टीघरों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कन्ट्रोल रूम से जोड़ा जाए: चौधरी
- जल जीवन मिशन योजना में खोदी गई सड़कों को पुराने स्वरूप में न लौटाने पर एक्सईएन जल निगम को दी चेतावनी

गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में विकास एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित की जा रही परियोजनाओं को समय से पूरा कराया जाए। प्रशासनिक एवं अधिकारी जनप्रतिनिधियों से बेहतर समन्वय बनाए रखें, इससे जनपद के चहुंमुखी विकास को और गति प्राप्त होगी। जनकल्याण के हितार्थ संचालित योजनाओं को पात्र परिवारों तक पहुंचाया जाए। सरकार द्वारा बेहतर साधन-संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, टीम भावना से कार्य करते हुए जनपद को प्रदेश में मॉडल के रूप में स्थापित करें। बैठक के दौरान नगर निगम से जुड़ी विभिन्न शिकायतों के निस्तारण के लिए माह सितम्बर में अलग से बैठक करने के निर्देश दिये। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि अपराधियों से सख्ती से निपटा जाए। थानों पर आने वाले लोगों के लिए पीने योग्य पानी, बैठने की उचित व्यवस्था एवं मधुर व्यवहार होना चाहिए।मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा विकास एवं कानून व्यवस्था पर जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जा रही है। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने जनपद की कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में ऑपरेशन कन्वेक्शन एवं ऑपरेशन दृष्टि संचालित है। सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कन्ट्रोल रूम तक फीड पहुँचाई जा रही है। एसएसपी ने महिला संबंधी अपराध पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत मामलों में विवेचनात्मक और अभियोजन की प्रकृति के बारे में बताया कि 133 पंजीकृत अभियोग के सापेक्ष 112 में आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं। चार में अंतिम रिपोर्ट और 60 अपराधियों को सजा दिलाई गई है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति व्यक्तियों के विरुद्ध अपराधों में हत्या, बलात्कार, गंभीर चोट एवं अन्य अपराधों में 176 मामले पंजीकृत किए गए। 119 में आरोप पत्र, 24 में अंतिम रिपोर्ट, 16 में सजा एवं 49 प्रकरणों में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है।निराश्रित गौवंश संरक्षण समीक्षा में सीवीओ डा दिनेश कुमार ने बताया कि 154 गौ आश्रय स्थल संचालित हैं। सभी में 29932 गौवंश संरक्षित हैं। भरण पोषण एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए जून तक का भुगतान किया जा चुका है। सहभागिता योजना में 1399 लाभार्थियों को 3652 गोवंश दिए गए हैं। मंत्री ने निर्देशित किया कि सड़क पर निराश्रित गौवंश घूमता नजर नहीं आना चाहिए। एमएलसी डा मानवेन्द्र प्रताप सिंह के सुझाव को स्वीकार करते हुए सभी कट्टीघरों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कन्ट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिये। बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि स्कूल चलो अभियान में 280099 नामांकन लक्ष्य के सापेक्ष 250439 विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया गया। यूनिफॉर्म, जूता, मौजा, स्कूल बैग, स्वेटर, स्टेशनरी के लिए 2.39 लाख बच्चों के सापेक्ष प्रथम किस्त में 1.58 लाख विद्यार्थियों को प्रति छात्र 1200 रूपये डीबीटी के माध्यम से 1.89 लाख की धनराशि हस्तांतरित की गई। विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 2115 विद्यालयों के सापेक्ष 1956 विद्यालयों में 19 अवस्थापना मापदंडों पर कार्य कराए गए। मंत्री जी ने सभी विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए शासकीय व्यवस्था के साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों के सहयोग से फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।सीएमओ डा नीरज त्यागी ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 113 चिकित्सक में सेवाएं दे रहे हैं।

# योगी सरकार ने ग्राम पंचायतों और अधिकारियों को दिए निर्देश, ग्राम पंचायतों को 'टीबी मुक्त' करेगी सरकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

ग्राम पंचायतों को स्वस्थ, समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए जरूरी है कि पहले उन्हें टीबी जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बात को भली-भांति जानते हैं कि बिना ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाए प्रदेश को इससे मुक्ति नहीं दिलायी जा सकती है। यही कारण है कि सीएम योगी ने टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए टीबी मुक्त भारत के विजन को प्रदेश में मिशन के रूप लागू करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायतों को टीबी



मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक समेत सूबे के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला क्षय रोग अधिकारियों (डीटीओ) को विशेष दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसके लिए डीटीओ और डीपीआरओ के स्तर पर बैठक कर पंचायत को टीबी मुक्त बनाने पर मंथन किया जाएगा। जिला से लेकर ब्लॉक स्तर तक के अभियान से जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो कि अपने-अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके साथ ही जिला टीबी केंद्र के सहयोग से पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत की स्थिति के लिए तैयार किया जाएगा। टीबी मुक्त करने के प्रयासों की गतिविधियों को पंचायत विकास योजनाओं (पीडीपी) में भी शामिल किया जाएगा । टीबी मुक्त पंचायत बनाने में पंचायत विभाग के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अहम भूमिका होगी। जिला क्षय रोग अधिकारी के साथ ही सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर (एसटीएस), टीबी होम विजिटर (टीबीएचवी), सीनियर टीबी लैब सुपरवाइजर, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की इस मुहिम में अलग-अलग जिम्मेदारी तय की गयी है। आशा कार्यकर्ता टीबी मरीजों की जानकारी आशा डायरी में दर्ज करेंगी, समुदाय में टीबी रोगियों की पहचान करेंगी और जांच में मदद करेंगी। टीबी मरीजों को दवा मुहैया कराएंगी और पोषण सलाह के साथ उपचार पालन और पूरा इलाज का परामर्श देंगी। वह बैंक खाते का विवरण दर्ज कराएंगी ताकि इलाज के दौरान टीबी रोगियों को सही पोषण के लिए हर माह 500 रुपये मिल सकें।

### जिलाधिकारी देंगे एक साल की वैधता का टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. दीपा त्यागी ने बताया कि समुदाय को टीबी के विभिन्न पहलुओं जैसे-लक्षण, रोकथाम, भ्रांतियों को दूर करना, उपचार का पालन, जांच और उपलब्ध उपचार सुविधाओं समेत टीबी रोगियों के लिए योगी सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले विभिन्न लाभों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत खंड विकास अधिकारी ब्लॉक स्तर पर टीबी मुक्त पंचायत के लिए सभी पात्र ग्राम पंचायतों के दावों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ जिला क्षय रोग अधिकारी को सत्यापन के लिए भेजेंगे। इसमें टीबी मुक्त पंचायत की स्थिति के लिए उपयुक्त मिलने वाली ग्राम पंचायतों की सत्यापित सूची जिला टीबी टीम जिलाधिकारी को भेजेगी। इसी के आधार पर हर साल विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) पर जिलाधिकारी योग्य ग्राम पंचायतों को एक साल की वैधता के साथ टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र जारी करेंगे।

### एएनएम समुदाय स्तर पर पोस्टर के माध्यम से देंगी जानकारी

एएनएम समुदाय स्तर पर पोस्टर के माध्यम से टीबी के बारे में जानकारी देंगी। टीबी के लक्षण जैसे- दो हफ्ते से खांसी-बुखार आना, वजन में कमी, रात को पसीना आना आदि के बारे में बताएंगी और इन लक्षणों वाली महिलाओं की स्क्रीनिंग करेंगी। टीबी रोगियों की मदद के लिए आउटरीच गतिविधियों में समन्वय के साथ रोगियों को उपचार के लिए प्रेरित करेंगी। सीनियर टीबी लैब सुपरवाइजर ग्राम पंचायत में पाजिटिव मरीजों की सूची हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/उपकेन्द्र की टीम के साथ साझा करेंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी को सैम्पल जांच के लिए परिवहन में जरूरी मदद करेंगे।

### एसटीएस निभाएंगे टीबी होम विजिटर की भूमिका

टीबी मुक्त पंचायत मुहिम में सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर और टीबी होम विजिटर की भी अहम भूमिका होगी। वह ग्राम/पंचायत में एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) में सहयोग करेंगे, टीबी मरीजों के घर पर मासिक विजिट में सहयोग करेंगे और ग्राम पंचायतों को टीबी मरीजों के नामांकन रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर में जरूरी जानकारी संगृहीत करने में सहयोग करेंगे।